RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 226
फरीदाबाद, शुक्रवार, 24 सितंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




खीरा है स्किन के लिए हीरा

पेज - 11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,885 | ▲ | 958 |
| निफ्टी | 17,822 | ▲ | 276 |
| सोना | 45,401 | ▼ | 294 /10 gm |
| चांदी | 59,609 | ▲ | 26/ kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 31.01°C
न्यूनतम 25.02°C

**आज का मैच** IPL
सीएसके vs आरसीबी

## क्विक न्यूज

### पुरुष जूनियर हॉकी विश्वकप नवंबर-दिसंबर में ओडिशा में

**भुवनेश्वर।** इस साल नवंबर दिसंबर में होने वाला जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप ओडिशा में होगा। यह टूर्नामेंट 24 नवंबर से पांच दिसंबर तक कलिंगा स्टेडियम पर खेला जाएगा, जो सीनियर पुरुष विश्वकप 2018 की मेजबानी कर चुका है। ओडिशा और उत्तर प्रदेश दोनों ने मेजबानी की इच्छा जताई थी, लेकिन राष्ट्रीय टीम का टाइटल प्रायोजक होने के कारण ओडिशा को तरजीह दी गई। भारत ने 2016 में लखनऊ में जूनियर हॉकी विश्वकप जीता था। आगामी टूर्नामेंट में 16 टीमें खिताब के लिए खेलेंगी।

### सेंसेक्स में 958 का उछाल निफ्टी 17,800 के पार

**मुंबई।** शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को जोरदार तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 958 अंक उछलकर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 958.03 अंक यानी 1.63 प्रतिशत के उछाल के साथ अब तक के उच्चतम स्तर 59,885.36 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 276.30 अंक यानी 1.57 प्रतिशत उछलकर रिकार्ड 17,822.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 17,843.90 अंक के उच्चतम स्तर तक चला गया था।

### ऑटो ड्राइवर ने जज को जानबूझकर टक्कर मारी थी

**नई दिल्ली।** धनबाद के जज उत्तम आनंद की मौत मामले में सीबीआई ने बड़ा दावा किया है। जांच एजेंसी ने झारखंड हाईकोर्ट को बताया कि ऑटो ड्राइवर ने जानबूझकर जज को टक्कर मारी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फुटेज और घटनास्थल की जांच की। साथ ही इस घटना का रीक्रिएशन भी किया गया। जज उत्तम आनंद को 28 जुलाई को मॉर्निंग वॉक के दौरान ऑटो ने टक्कर मार दी थी। घटना के बाद उनकी मौत हो गई।

### बेंगलुरु के गोदाम में धमाका, तीन की मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के चामराजपेट में ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम में धमाके के बाद तीन लोग मारे गए, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। विस्फोट का कारण अभी तक साफ नहीं हो पाया है। पुलिस को घटनास्थल से पटाखे मिले हैं, आगे की जांच जारी है। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड को भी घटनास्थल पर बुलाया है। इलाके की तलाशी ली जाएगी।


विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441


# राष्ट्रवादी अमरिंदर को पद से हटाना राजनीतिक हत्या: विज

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के गृहमंत्री अनिल विज ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमरिंदर सिंह को पंजाब के मुख्यमंत्री पद से हटाया जाना 'राजनीतिक हत्या' है क्योंकि राष्ट्रवादी नेता पार्टी के 'गेमप्लान (साजिश)' में बाधा थे। विज ने कांग्रेस पर पंजाब में राष्ट्र विरोधी षडयंत्र रचने का भी आरोप लगाया और 2018 में इमरान खान के शपथ ग्रहण समारोह के लिए राज्य कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू की इस्लामाबाद यात्रा का जिक्र किया।



### 'खेला जा रहा था खेल'

विज ने कहा, 'जब सिद्धू वापस आए और उनसे पूछा गया कि अमरिंदर की नहीं जाने की सलाह के बावजूद वह पाकिस्तान क्यों गए थे, तब उन्होंने कहा था कि मेरे कप्तान अमरिंदर सिंह नहीं हैं, मेरे कप्तान राहुल गांधी हैं।' उन्होंने आरोप लगाया, इससे साफ होता है कि खेल खेला जा रहा था और राष्ट्रवादी अमरिंदर सिंह के खिलाफ षडयंत्र रचा जा रहा है, जो कांग्रेस की इस षडयंत्र में बाधा डाल रहे थे। सिर्फ अमरिंदर सिंह ही नहीं, पंजाब में सभी राष्ट्रवादी ताकतों को 'कांग्रेस के गेमप्लान को नाकाम करने के लिए' हाथ मिलाना चाहिए।

सिद्धू के साथ तीखे सत्ता संघर्ष के बाद अमरिंदर सिंह ने पंजाब के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और कहा था कि वह 'अपमानित' महसूस कर रहे थे। उन्होंने पंजाब कांग्रेस प्रमुख को 'राष्ट्र-विरोधी' और 'खतरनाक' करार दिया था। विज ने दावा किया कि कांग्रेस पंजाब और पाकिस्तान को करीब लाना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में 'राष्ट्र विरोधी' षडयंत्र रचे जा रहे हैं। विज ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'राष्ट्रवादी अमरिंदर सिंह कांग्रेस के गेमप्लान में बाधा थे, इसलिए उनकी राजनीतिक हत्या की गई।' उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा 'षडयंत्र' रचा जा रहा है। उन्होंने कहा, 'इस षडयंत्र को नाकाम करने के लिए सभी राष्ट्रवादी ताकतों को हाथ मिलाना चाहिए।'

विज ने कहा कि यह उस समय साबित हो गया था, जब अमरिंदर सिंह की सलाह की अनुसनी करते हुए सिद्धू इमरान खान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पाकिस्तान गए थे। उन्होंने कहा कि सिद्धू ने पाकिस्तान में न केवल इमरान की तारीफ की, बल्कि पड़ोसी देश के सेना प्रमुख से गर्मजोशी से गले भी मिले थे।

# अवीक सरकार एक बार फिर पीटीआई के चेयरमैन चुने गए



**नई दिल्ली।** एडिटर एमेरिटस और आनंद बाजार प्रकाशन समूह के उपाध्यक्ष अवीक सरकार बृहस्पतिवार को देश की शीर्ष समाचार एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) के फिर से अध्यक्ष (चेयरमैन) चुने गए। सरकार को दो साल के कार्यकाल के लिए चुना गया है, जिसका अनुमोदन पीटीआई के निदेशक मंडल ने एक बैठक में किया।

डेक्कन हेराल्ड और कन्नड़ भाषा का समाचार पत्र प्रजावाणी प्रकाशित करने वाले द प्रिंटर्स (मैसूर) प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक केएन शांत कुमार को पीटीआई का उपाध्यक्ष चुना गया। 76 वर्षीय सरकार ने स्कूली पढ़ाई पूरी करने के ठीक बाद छात्र जीवन में ही पत्रकार के तौर पर प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू कर दिया था। कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि हासिल करने के बाद वह ब्रिटेन चले गए, जहां उन्हें द संडे टाइम्स के प्रख्यात संपादक सर हैरोल्ड इवांस का सानिध्य मिला।

**सरकार का बड़ा फैसला**

# अब घर जाकर लगाई जाएगी कोरोना वैक्सीन

**06** राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 100 फीसद आबादी को लगा पहला डोज लगातार 12वें हफ्ते वीकली पॉजिटिविटी रेट में कमी आई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** में कोरोना के नए मामलों में लगातार गिरावट आ रही है। वैक्सीनेशन का आंकड़ा भी 83 करोड़ के पार हो गया है। इस बीच सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए डोर-टु-डोर वैक्सीनेशन की अनुमति दे दी है। इसके लिए गाइडलाइंस भी जारी कर दी गई है। नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के लिए घर पर टीकाकरण शुरू कर रहे हैं, जो सेंटर पर जाने में सक्षम नहीं हैं। इसके लिए एडवाइजरी जारी की गई है। आदेश में कहा गया है कि वैक्सीनेशन सेंटर पर जाने में अक्षम लोगों को टीका लगाना सुनिश्चित किया जाए। सभी राज्य और केंद्रशासित राज्य इसके लिए खास इंतजाम करें। देश में कोरोना के नए मामलों में लगातार गिरावट आ रही है। पिछले 24 घंटे में देश में लगभग 31 हजार लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि जिस रफ्तार से मरीजों में कमी होनी चाहिए उस रफ्तार से नहीं हो रही है। इसका मतलब है कि कोरोना की दूसरी लहर अभी खत्म नहीं हुई है। नए मामलों में ज्यादातर केरल और महाराष्ट्र में मिल रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि लगातार 12वें हफ्ते वीकली पॉजिटिविटी रेट में कमी आई है। यह 3 फीसद से भी कम है। देश में रिकवरी रेट 97.8 फीसद हो गया है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में वैक्सीनेशन पर जबरदस्त काम हुआ है। इस वजह से 18+ आबादी के 66 फीसद हिस्से को कोरोना का कम से कम एक डोज लग चुका है। 23 फीसद को दोनों डोज लग गए हैं।

6 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी 100 फीसद आबादी को पहला डोज लगा दिया है। इनमें लक्षद्वीप, चंडीगढ़, गोवा, हिमाचल प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और सिक्किम शामिल हैं। 4 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 90 फीसद से ज्यादा आबादी को पहला डोज लगाया गया है। इनमें दादरा और नगर हवेली, केरल, लद्दाख और उत्तराखंड हैं। राजेश भूषण ने बताया कि एक्टिव केसों की संख्या भी घटी है। इस वक्त देश में तीन लाख एक्टिव केस हैं। इनमें 1 लाख से ज्यादा केरल में और 40 हजार से ज्यादा महाराष्ट्र में हैं।



### कोरोना से निपटने के इंतजामों की तारीफ

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कोरोना वायरस से निपटने के लिए देश में किए गए इंतजामों की तारीफ की। कोरोना से जान गंवाने वालों के परिजनों को मुआवजे के तौर पर 50 हजार रुपये देने के केंद्र के फैसले पर कोर्ट खुशी जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि सरकार के इस कदम से उन लोगों के परिजनों को थोड़ी सांत्वना मिलेगी, जिन्होंने अपनों को खोया है। जस्टिस एम आर शाह ने कहा कि हमारे देश में जनसंख्या, वैक्सीन पर खर्च, आर्थिक हालत और विपरीत परिस्थितियों को देखते हुए असाधारण कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि जो हमने किया, वो दुनिया का कोई और देश नहीं कर पाया। हमें खुशी है कि पीड़ित व्यक्ति के आंसू पोंछने के लिए कुछ कदम उठाए गए।



# सुपर सीएम जैसा बर्ताव कर रहे हैं नवजोत सिद्धू: अमरिंदर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**सिद्धू की अगुवाई में कांग्रेस प्रदेश में 10 सीटें भी जीत ले तो बड़ी बात होगी**

**कैप्टन का आरोप पंजाब में सीएम की गरिमा को गिराया जा रहा है**

**पंजाब** में कैप्टन अमरिंदर सिंह के तख्तापलट के बाद चरणजीत सिंह चन्नी नए सीएम बन गए। चन्नी का सीएम बनना जितना चौंकाने वाला रहा, उससे कहीं ज्यादा अब चन्नी के इर्द-गिर्द मंडरा रहे नवजोत सिंह सिद्धू की हरकतें चर्चा में है। सियासी गलियों में चर्चा है कि सिद्धू सुपर सीएम जैसा बर्ताव कर रहे हैं। कैप्टन अमरिंदर ने कहा है कि कैप्टन ने कहा कि अगर सिद्धू सुपर सीएम की तरह व्यवहार करेंगे तो पंजाब कांग्रेस काम नहीं कर पाएगी। सिद्धू को ड्रामा मास्टर बताते हुए कैप्टन ने कहा कि उनकी अगुआई में कांग्रेस विधानसभा चुनाव में अगर 10 सीटें भी जीत ले तो बड़ी बात होगी।

नाम फाइनल होने से लेकर उनके शपथ ग्रहण तक और सीएम की कुर्सी संभालने के बाद के तीन दिनों के दौरे में सिद्धू हर जगह न केवल उनके साथ नजर आए बल्कि उन्हें गाइड करते या एक कदम आगे ही दिखे। चन्नी के मुख्यमंत्री बनने के बाद चाहे उनकी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस हो या अमृतसर दौरा, हर जगह सिद्धू आगे रहे। पंजाब में नई सरकार के शपथ-ग्रहण समारोह के बाद राजभवन में राहुल गांधी के साथ फोटो खिंचवाते समय नवजोत सिंह सिद्धू आगे खड़े थे और मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पीछे। चन्नी बुधवार को पहली बार अमृतसर के गोल्डन टेंपल में मत्था टेकने पहुंचे। यहां सचखंड साहिब में सिद्धू बीच में तो उनके एक तरफ चन्नी और दूसरी तरफ डिप्टी सीएम सुखजिंदर सिंह रंधावा बैठे नजर आए।

चरणजीत सिंह चन्नी जब बुधवार को अमृतसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे, तब सिद्धू ने उनके कंधे पर हाथ रख दिया। अमृतसर से ताल्लुक रखने वाले पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता मनदीप मन्ना ने कहा कि उन्होंने कभी किसी सीएम के साथ ऐसा व्यवहार होते नहीं देखा कि कोई सीएम के कंधे पर हाथ रख दे। सिद्धू उन्हें 'चन्नी पाई' या 'चन्नी मेरा छोटा वीर' कहते हैं। डिप्टी सीएम सुखजिंदर रंधावा को सुक्खी पाजी और ओपी सोनी को सोनी साब कहते हैं। ऐसा करके पंजाब में सीएम की कुर्सी की गरिमा को गिराया जा रहा है। मन्ना ने मजाकिया लहेजे में कहा कि इतना तो कोई आदमी अपनी पत्नी के साथ नहीं रहता, जितना सिद्धू हर वक्त सीएम चन्नी के साथ रह रहे हैं।

## गूगल ने सीसीआई के खिलाफ मुकदमा किया

**नई दिल्ली।** गूगल ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा उसके खिलाफ की गई जांच की गोपनीय रिपोर्ट के लीक होने के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की है। गूगल ने एक बयान में कहा कि इस कवायद का मकसद सीसीआई की जांच शाखा को मिली किसी भी गोपनीय जानकारी को गैरकानूनी रूप से बाहर आने से रोकना है। कंपनी का कहना है कि उसे अभी तक यह गोपनीय रिपोर्ट नहीं मिली है। गूगल ने कहा, 'हम इस बात से बहुत चिंतित हैं कि महानिदेशक की रिपोर्ट, जिसमें हमारे एक चालू मामले की गोपनीय जानकारी शामिल है, सीसीआई के पास से मीडिया में लीक हो गई। गोपनीय जानकारी की रक्षा करना किसी भी सरकारी जांच के लिए बुनियादी जरूरत है और हम आगे किसी भी गैरकानूनी खुलासे को रोकने के अपने कानूनी अधिकार का पालन कर रहे हैं।'

## सोनीपत में स्कूल की छत गिरी, बच्चों समेत 35 घायल

**सोनीपत।** सोनीपत की गन्नौर तहसील के बाय गांव में जीवानंद मॉडल पब्लिक स्कूल की छत गिर गई। हादसे में तीसरी, चौथी कक्षा के बच्चे, टीचर और छत पर मिट्टी डाल रहे मजदूर दब गए। चीख पुकार सुनकर गांव वाले मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे बच्चों समेत 35 लोगों को बचाने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान पुलिस को भी सूचना दी गई।

● विस्तृत खबर पेज-07

## संदीप तिवारी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**प्रयागराज।** अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की कथित आत्महत्या के मामले में तीसरे आरोपी संदीप तिवारी को बृहस्पतिवार को पुलिस सुरक्षा में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इससे पूर्व, अदालत ने बुधवार को इस मामले में दो अन्य आरोपियों-आनंद गिरि और आद्या प्रसाद तिवारी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) गुलाब चंद्र अग्रहरि ने एजेंसी को बताया कि आरोपी संदीप तिवारी को पुलिस सुरक्षा में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरेंद्र नाथ की अदालत में बृहस्पतिवार को पेश किया गया।

## 8 माह के दौरान 30 लोगों ने नाबालिग से किया रेप

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। यहां 30 लोगों पर एक 14 साल की लड़की से गैंगरेप का आरोप लगा है। पीड़ित के परिवार वालों की शिकायत पर मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में रेप, अपहरण और पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। अब तक 26 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इस बारे में ताजा जानकारी यह सामने आ रही है कि पीड़ित के साथ 8 महीने पहले नाबालिग प्रेमी ने दुष्कर्म किया था। इस दौरान आरोपी ने रेप का वीडियो भी बना लिया था। इस वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों ने पीड़ित को ब्लैकमेल कर रेप किया। घटना की जांच के लिए विशेष पुलिस दल का गठन किया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# रक्षा मंत्रालय ने 118 टैंकों के लिए आर्डर दिया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सेना** की लड़ाकू क्षमताओं में इजाफे के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को 7,523 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय सेना की खातिर 118 मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन की खरीद को लेकर एक करार को अंतिम रूप दिया।

मंत्रालय ने अर्जुन एमके-1ए टैंकों के लिए हेवी व्हीकल फैक्ट्री (एचवीएफ), अवडी, चेन्नई को यह ऑर्डर दिया है। यह एमबीटी अर्जुन टैंक का नया संस्करण है, जिसमें 72 नई विशेषताएं और एमके-1 संस्करण से अधिक स्वदेशी उपकरण हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, रक्षा मंत्रालय ने 23 सितंबर को भारतीय थल सेना के लिए 118 मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन एमके-1ए की आपूर्ति के लिए हेवी व्हीकल फैक्ट्री, अवडी, चेन्नई को एक ऑर्डर दिया। इसमें कहा गया है कि 7,523 करोड़ रुपये के इस ऑर्डर से रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा मिलेगा तथा यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। मंत्रालय ने कहा कि टैंक दिन और रात के दौरान सटीकता के साथ लक्ष्य को साधने के अलावा, सभी तरह के इलाकों में सहज गतिशीलता सुनिश्चित करेंगे।

# तीन आतंकियों का सफाया एके-47 और बारूद बरामद

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कश्मीर** में सेना ने एलओसी पर उरी के पास रामपुर सेक्टर में तीन आतंकियों को ढेर कर दिया है। आतंकवादियों का एक समूह पीओके से भारतीय सीमा में घुसा था, जिसकी भनक लगते ही सतर्क जवानों ने ऑपरेशन शुरू किया, और आतंकियों को मार गिराने में सफलता पाई। मारे गए आतंकियों के पास से पांच एके-47 राइफल, आठ पिस्टल और 70 ग्रेनेड बरामद किए गए हैं।

चिनार कोर कमांडर, डीपी पांडेय ने बताया कि गुरुवार तड़के रामपुर सेक्टर के हाथलंगा जंगल में आतंकी गतिविधि देखी गई। इसके बाद शुरू किए गए ऑपरेशन में तीन आतंकवादियों को मार गिराने में सफलता मिली। इससे पहले आतंकियों की ओर से 18 सितंबर को भी ऐसा ही प्रयास किया गया था, जिसे विफल कर दिया गया था। बर्फबारी से पहले आतंकियों को घाटी में घुसपैठ कराने की साजिशें रची जा रही हैं। पाकिस्तान में स्थित लांच पैड के बारे में हमारे पास विश्वसनीय इनपुट हैं।

कश्मीर जोन के आईजी विजय कुमार ने बताया कि इस साल जब से सेना और पुलिस ने आतंकी तंजीमों द्वारा गुमराह किए गए युवकों को वापस मुख्यधारा में लाने का निर्णय लिया है, पाकिस्तानी आतंकी आकाओं में मायूसी का माहौल है। घाटी में अब स्थिति सामान्य हो रही है। गिलानी की मृत्यु के दौरान लोगों ने प्रतिबद्धता दिखाई और शांति बनाए रखी, जोकि बदलते माहौल की तस्दीक करता है।

# हरियाणा सरकार को घेरने सड़कों पर उतरेंगे हुड्डा

**अक्टूबर में करनाल से शुरू होगा 'विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम'**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर 'विपक्ष आपके समक्ष' कार्यक्रम शुरू करने का ऐलान किया है। यह फैसला पार्टी विधायक दल की बैठक में लिया गया। बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विपक्ष ने सरकार को चुनावी वादों पर अमल करने के लिए दो साल का समय दिया था। गठबंधन में शामिल दोनों दलों ने चुनावी घोषणा-पत्र में शामिल एक भी वादे को अभी तक पूरा नहीं किया। ऐसे में लोगों के बीच जाकर सरकार की पोल खोली जाएगी।

### राज्य में लगातार बढ़ रहा है क्राइम

प्राइवेट सेक्टर में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय युवाओं के लिए रिजर्व करने के नाम पर भी युवाओं के साथ धोखा हुआ है। सरकार बने को दो वर्ष होने को हैं, लेकिन अभी तक इसे भी पूरा नहीं किया। सीएमआईई की रिपोर्ट ने साफ कर दिया है कि प्रदेश में बेरोजगारी की दर बढ़कर 35 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। राज्य में क्राइम लगातार बढ़ रहा है। इस मौके पर पूर्व स्पीकर और बेरी विधायक डॉ. रघुबीर सिंह कादियान, पूर्व शिक्षामंत्री और झज्जर विधायक गीता भुक्कल, रोहतक विधायक भारत भूषण बतरा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष फूलचंद मुलाना सहित कई विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।



**बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसान आंदोलन और पेपर लीक पर होगी घेराबंदी**

### सीबीआई जांच से भाग रही सरकार

पूर्व सीएम ने कहा कि पेपर लीक मामले में सरकार किसी न किसी को बचाने की कोशिश कर रही है। इस मामले में शामिल लोगों को संरक्षण दिया जा रहा है। अकेले पुलिस कांस्टेबल नहीं अब यह खुलासा हो गया है कि 2020 में एलडीसी भर्ती के लिए हुई लिखित परीक्षा का पेपर भी लीक हुआ था। रेवाड़ी में एफआईआर भी दर्ज हुई है। हुड्डा ने कहा कि जब दर्जनों पेपर लीक हो चुके हैं और इनके तार भी जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों से जुड़े हैं, तो सरकार सीबीआई जांच से पीछे क्यों हट रही है।

हुड्डा ने कहा, 'विपक्ष आपके समक्ष' कार्यक्रम की शुरुआत 10 अक्टूबर को करनाल से होगी। इसके बाद सभी जिलों में यह कार्यक्रम होंगे। बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, किसान आंदोलन, भ्रष्टाचार और पेपर लीक के मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा जाएगा। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल होने के नाते जनता के प्रति जवाबदेह है। इसीलिए लोगों से सीधा संवाद किया जाएगा। बाकी दल और निर्दलीय सरकार में शामिल हैं। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है हम सदन से लेकर सड़क तक जनता की आवाज को उठाएं। इस कार्यक्रम के तहत जनता के दुख-दर्द को सुनेंगे और उसकी आवाज को सदन से सड़क तक बुलंद करेंगे। हम सरकार को चुनावी वादे पूरे करने के लिए मजबूर करेंगे। हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने 2014 के चुनावी घोषणा-पत्र में स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने और किसानों को उनकी लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफा देने का ऐलान किया था। किसान पिछले 10 महीनों से सड़कों पर हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। जजपा ने कहा था कि किसानों को 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा, लेकिन आज एमएसपी पर भी खरीद नहीं हो रही।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार, 24 सितंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान
- अधिकतम 31.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 25.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज
- सेक्टर-16 स्थित किसान भवन में रक्तदान शिविर आयोजित : सुबह 11 बजे
- सेक्टर-21 स्थित जिमखाना क्लब से निकलेगी कार रेली: सुबह 7 बजे
- जिले में विभिन्न स्थानों पर लगेगी वैक्सीन: सुबह 9 बजे
- सभी दुकानें और मॉल्स खुलेगे: रात 10 बजे तक
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे

### निवेश गुरु
**अगर** आपका प्लान निवेश करने का है तो पब्लिक प्रॉविडेंट फंड और इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम इसके लिए बेहतरीन ऑप्शन है। ये दोनों विकल्प जहां आपको स्वष्ठ से ज्यादा रिटर्न देते हैं वहीं इन दोनों स्कीम्स में इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर टैक्स छूट का लाभ लिया जा सकता है।

### यूटीलिटी न्यूज

#### फागना ने 103 रन से जीता मैच
**फरीदाबाद।** रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी मैदान पाली में खेले गए प्रैक्टिस मैच में रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी ने विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी को 103 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंदर फागना ने बताया कि विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की टीम ने 42.1 ओवर में 10 विकेट पर 159 रन बनाए। धर्मेंदर नागर 45 रन, अचल सिंघला ने 25 रन, नवल किशोर ने 20 रन, करण ने 18 रन बनाए। विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए सुमित नागर और आकाशदीप भाकर ने तीन-तीन विकेट ली और नमन शर्मा 2 विकेट, संदीप डागर और दीपक भड़ाना ने एक-एक विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने 24.2 ओवर में 10 विकेट में 56 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा।

### क्विक न्यूज

#### अजीत भाटी बने ज्वाइंट कार्डिनेटर
**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस किसान के चेयरमैन धर्मबीर ने फरीदाबाद के कांग्रेसी नेता अजीत भाटी एडवोकेट (छांयसा) को हरियाणा किसान कांग्रेस का ज्वाइंट कार्डिनेटर नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति धर्मबीर ने पार्टी के शीर्ष नेताओं से सलाह मशविरा करने के उपरांत की है। अपनी नियुक्ति पर अजीत भाटी एडवोकेट ने कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कु.शैलजा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी विवेक बंसल, हरियाणा किसान कांग्रेस के चेयरमैन धर्मबीर सहित तमाम शीर्ष एवं फरीदाबाद जिले के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे और किसान कांग्रेस को मजबूत बनाने का काम करेंगे। साथ ही किसानों की हर समस्या का समाधान करने के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे।

# एमसीएफ : निष्पक्ष जांच हो तो 2000 करोड़ पर पहुंच सकता है घोटाला

## स्टेट विजिलेंस द्वारा की जा रही है निगम के 200 करोड़ के घोटाले की जांच

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार की वजह से शहर के लोग विभिन्न तरह की समस्याओं से जूझने के लिए मजबूर है। निजी स्वार्थ के लिए निगम अधिकारियों द्वारा बिना काम के भुगतान करते रहे हैं। जिसकी वजह से जमीनी स्तर पर काम दिखाई नहीं देते।

पिछले दिनों उजागर हुए 200 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच के दौरान बिना काम के भुगतान करने की बात उजागर हो चुकी है। पायनियर द्वारा इस घोटाले को विभिन्न कोणों से कई बार प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया जा चुका है। वहीं पूर्व मुख्य अभियंता की जांच के बाद निगमायुक्त द्वारा ठेके पर काम कर रहे एक जेई और तीन क्लर्कों को बर्खास्त कर दिया था। मामले में लिप्त पाए गए बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए गेंद सरकार के पाले में डाल दी थी। सरकार ने मामले में संज्ञान लेते हुए प्रशासनिक स्तर पर फेर बदल करते हुए स्टेट बिजिलेंस को सक्रिय कर दिया है। विजिलेंस की टीम ने मंगलवार को निगम मुख्यालय में डेरा डाल कर कई दस्तावेजों को कब्जे में लेने के बाद मौके का मुआयना भी किया था। यदि विजिलेंस की तरफ से इस मामले को पूरी तरह से निष्पक्ष तरीके से जांच की गई तो घोटाला 2000 करोड़ तक पहुंच सकता है।





सभी फाइल फोटो

### कार्रवाई की जागी उम्मीद

**नगर** निगम में हुए कई घोटालों की जांच विभिन्न एजेंसियों के पास लंबे समय से लंबित पड़ी हुई है। इन मामलो लिप्त कई अधिकारी सेवानिवृत हो चुके हैं तो कुछ का तबादला हो चुका है। विजिलेंस के पास पैरिफेरल रोड, दशहरा मैदान में बनाई गई सड़क और अन्य मामलों की जांच काफी समय से लंबित पड़ी हुई है।

पायनियर की तरफ से लंबित जांचों के संदर्भ में प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की गई थी। सरकार के आदेश पर एक बार फिर विजिलेंस ने सक्रियता दिखाते हुए जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को विजिलेंस की टीम 200 करोड़ और पैरिफेरल रोड घोटाले की जांच करने के लिए निगम मुख्यालय पहुंची थी। जिसमें विजिलेंस के डीएसपी कैलाश, इंस्पेक्टर रामनाथ, एक्सईएन दीपक गोयल और अन्य लोग शामिल थे। विजिलेंस द्वारा उन अधिकारियों को भी जांच में शामिल किया गया है, जिनका अन्य जिलों में तबादला हो चुका है या फिर सेवानिवृत हो चुके हैं। जांच के दौरान टीम अकाउंट्स ब्रांच से बिल और अन्य दस्तावेजों को कब्जे में लिया है। साथ ही टीम ने मौके का मुआयना भी किया है।

### आला अधिकारी भी संलिप्त

**सरकार** की तरफ से नगर निगम को पर्याप्त संख्या में नियमित जेई भर्ती करके दिये जा चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद आउटसोसिंग के कनिष्ठ अभियंताओं को हटाया नहीं गया। आउटसोसिंग के कई कनिष्ठ अभियंता को अदालत से स्थगन आदेश लेकर बैठे हुए हैं। इस घोटाले में लिप्त पाए गए कनिष्ठ अभियंता राजन तेबतिया ने भी स्थगन आदेश लिया हुआ है। नगर निगम में घोटाले तो आम बात हैं, यहां अन्य कई तरह के कमाल भी होते हैं। तत्कालीन निगमायुक्त ने आउटसोसिंग पर कार्यरत दीपक नामक नलकूप हेल्पर को ही कनिष्ठ अभियंता की प्रभार दिया हुआ था। इस व्यक्ति की भी घोटाले में संलिप्त पाई गई है। नगर निगम अधिकारी अपने जिम्मेदारियों से बचने के लिए नियमों को ताक पर रखकर आउटसोसिंग के कर्मचारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना कई तरह के सवाल खड़े करता है। नियमों के मुताबिक आउटसोसिंग के कनिष्ठ अभियंता मेजरमेंट बुक नहीं भर सकता। लेकिन इस घोटाले में आउटसोसिंग के जेई द्वारा मेजरमेंट बुक भरी गई है। आरोपी को मेजरमेंट बुक किसने जारी की, इसकी जांच और संबंधित अधिकारी पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### भ्रष्टाचार के लिए निकाल चोर रास्ता



**भ्रष्टाचार** पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने नगर निगम अधिकारियों को एक करोड़ से कम लागत के काम खुद करवाने की पावर दी हुई है। यदि विकास कार्य एक करोड़ का हुआ तो पर उस पर सरकार की मंजूरी लेनी होती है। यदि सरकार से मंजूरी लेनी पड़े तो उसमें कई अड़चने लगने के साथ भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी कम हो जाती है। ऐसे में निगम अधिकारियों ने इसका चोर रास्ता निकाला हुआ है। फाइल सरकार को भेजने की बजाए अधिकारी काम का कई टूकड़ों में टैंडर जारी करते हैं। नियमों के मुताबिक किसी भी विकास कार्य में रेट दस प्रतिशत कम या ज्यादा किया जा सकता है। लेकिन अधिकारी नियमों को पूरी तरह ताक पर रखकर टूकड़ों के टैंडरों के दाम कई गुणा ज्यादा बढ़ा देते हैं। इस तरह की हेराफेरी 200 करोड़ रुपये के घोटाले में सामने आई थी। कार्रवाई के अभाव में नगर निगम में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। जांच लंबे समय तक लंबित रहने से अधिकारी या तो सेवानिवृत हो जाते हैं या फिर उन्हें पदोन्नति मिल जाती है।

### जल्द पूरी होगी जांच



**स्टेट** विजिलेंस के डीएसपी कैलाश चंद ने बताया कि नगर निगम के 200 करोड़ रुपये के घोटाले की गहनता के साथ जांच पड़ताल की जा रही है। लेकिन अभी मामले की गंभीरता को देखते हुए कुछ भी स्पष्ट नहीं किया जा सकता है। निष्पक्ष जांच पड़ताल जल्दी ही पूरी होने की सम्भावना है। जांच पूरी होते ही सबकुछ स्पष्ट हो जाने के बाद मामला दर्ज कर दोषी पाए जाने के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# एक और रोटरी क्लब को दी गई मान्यता

## धन्यवाद प्रस्ताव क्लब की फर्स्ट लेडी सुनीता विज ने प्रस्तुत किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**वैश्विक** स्तर पर अपने मानव सेवा कार्यों के लिए जानी जाने वाली संस्था रोटरी इंटरनेशनल द्वारा रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद संस्कृति के रूप में एक और क्लब की विधिवत मान्यता प्रदान की गयी। जिसका प्रमाणपत्र रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 के डिप्टी गर्वनर विजय जिंदल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में क्लब के चार्टर प्रधान लव विज को अन्य सभी सदस्यों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। तत्पश्चात लव विज द्वारा आने वाले समय क्लब द्वारा किये जाने वाले कार्यों की जानकारी साझा की गई। क्लब कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल द्वारा बजट पेश कर सभी अनुमानित आय व्यय की जानकारी दी गयी। सचिव सुनील गुप्ता द्वारा सभी सदस्यों के जन्मदिन और एनीवर्सरी आदि की भी जानकारी प्रस्तुत करके उन्हें बधाई दी गयी।


चूंकि रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद संस्कृति एक नया क्लब बना है अतः सभी सदस्यों को डिप्टी गवर्नर द्वारा रोटरी की पिन लगाकर उन्हें विधिवत सदस्य बनाया गया। कार्यजराम में विशेष रूप से आमंत्रित प्रसिद्ध समाजसेवी और उद्योगपति नरेंद्र अग्रवाल ने भी क्लब सदस्य प्रदीप सिंघल के माध्यम से क्लब की सदस्यता ग्रहण करने की इच्छा जाहिर की जिसका सभी ने स्वागत किया। मंच संचालन क्लब ट्रेनर संदीप सिंघल द्वारा किया गया।

धन्यवाद प्रस्ताव क्लब की फर्स्ट लेडी सुनीता विज द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट टीम से धीरज भूटानी, असिस्टेन्ट गवर्नर सुनील गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। सदस्यों में सुनील जिंदल, अजय गुप्ता, अरुण गुप्ता, अतुल गुप्ता, अमित अग्रवाल, देवेंद्र गर्ग, रजत मंगला, सुनील अग्रवाल, राजीव जैन, देवेंद्र सिंघ, जेके टंडन, रमन अग्रवाल, गगन गांधी, करमचंद शर्मा, मनिष गुप्ता, मुकेश गोयल, संजय गोयल, बीएस जैन, अजय अदलखा और संजय गांधी आदि ने कार्यक्रम में शिरकत की।

# स्लेजहैमर अकादमी ने 268 रनों से जीता मैच

## वेस्ट गेंदबाज का खिताब विशाल कुमार को दिया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर-86** स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट आकदमी के मैदान पर इंडिविजुअल मैच खेला गया। यह मैच स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी टीम-ए और महाराजा उमैद इलेवन के बीच खेला गया।

स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी टीम ए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 391 रन बनाते हुए यह मैच 268 रन से जीत लिया। जिसमें कुणाल सिंह ने 98 गेंदों पर 19 चौके और 18 छक्कों के साथ सर्वाधिक 225 रन बनाए। लक्ष्य वर्मा ने 91 गेंदों पर छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 75 रन बनाए। वहीं आयुष भट्ट ने 21 गेंदों पर 33 रन एक छक्के और दो चौके की मदद से बनाए।

महाराजा उमैद इलेवन के गेंदबाज आदित्य चौधरी, उत्तम और यश चौहान ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए महाराजा उमैद इलेवन की तरफ से 32.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाए। जिसमें महाराजा उमैद इलेवन में हिमांशु शर्मा ने 118 गेंदों पर सर्वाधिक 81 रन 11 चौकों की मदद से बनाए। वहीं स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी टीम ए के विशाल कुमार ने तीन विकेट लिए। कुलदीप ठाकुर और रहमत हुसैन ने दो-दो विकेट लिए। दिपांशु कुमार और मुकुल गौड ने एक-एक विकेट लिया। अंत में प्लेयर आफ द मैच और बेस्ट बैटसमैन का खिताब कुणाल को दिया गया। क्योंकि कुणाल ने 223 रन, 98 गेंदों में चार चौके और 18 छक्कों की मदद से बनाए। वेस्ट गेंदबाज का खिताब विशाल कुमार को दिया गया। उन्होंने तीन विकेट लिए।

# हादसे में घायल को तुरंत दिया जाए प्राथमिक उपचार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पुलिस** कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने यातायात पुलिस कर्मियों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने मौजूद पुलिसकर्मियों से सड़क दुर्घटना में घायल की कैसे मदद की जाए इस बारे में भी डेमो लिया है।

पुलिस कमिश्नर ने कहा कि सड़क हादसों में घायल होने वालो को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया जाए। इसके अलावा सड़क हादसों में घायल को जो भी कोई व्यक्ति अस्पताल पहुंचाएगा ऐसे नागरिकों को फरीदाबाद पुलिस सम्मानित करेगी। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों से यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए सुझाव भी मांगे हैं।

पुलिस कमिश्नर का कहना है कि ग्राउंड लेवल पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी मौजूद होते हैं उनसे बेहतर ट्रैफिक सिस्टम के बारे में किसी को मालूम नहीं होता है ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने में किन-किन बाधाओं का सामना करना पड़ता है, ट्रैफिक सुधार के लिए क्या आवश्यक कदम उठाएं जाने चाहिए इस बारे में सड़क पर मौजूद पुलिसकर्मी अच्छे से वाकिफ होता है। उन्होंने कहा कि यातायात में सुधार करने वाले और अच्छी ड्यूटी देने वाले पुलिसकर्मियों को समय-समय पर सम्मानित किया जाएगा। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि आम जनता को सड़क पर चलते समय किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े इसलिए यातायात में सुधार के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# बाल भवन में शहीदी दिवस समारोह का अयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**फरीदाबाद** के बाल भवन में हरियाणा बाल कल्याण परिषद ने शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पुष्पांजलि अर्पित कर के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के मानद महासचिव प्रवीन अत्री ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता विधायक सीमा त्रिखा ने की। विधायक राजेश नागर विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित थे मुख्यमंत्री के मीडिया कोआर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ वरिष्ठ भाजपा नेता टीपरचंद शर्मा विशेष अतिथि के तौर सम्मानित अतिथि निर्मंत्रित थे। सभी वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा कि भूमि वीरों की भूमि है इस पर हमें गर्व है, वीर शहीद राव तुलाराम ने 1857 की जंग में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाये थे। इस अवसर पर वीर शहीदों के परिजनों को अंगवस्त्र और सम्मान चिह्न प्रदान किया गया। बाल कल्याण परिषद के नये एवं पुराने सदस्यों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। शहर के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने माल्यार्पण कर के आये हुये अतिथियों का अभिनंदन किया।

भाजपा नेता राजन मुथरेजा उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिये सम्मानित किया। वहीं गरीबों की सेवा करने के लिये प्रसिद्ध उद्योगपति के डी शर्मा एवं सतीश शर्मा को सम्मान चिह्न प्रदान किया। महंत ललित गिरी गोस्वामी, महंत अर्जुन गिरी, महाराज अपना आशीर्वाद देने के लिये पधारे।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि बाल कल्याण परिषद उत्कृष्ट कार्य कर रहा है हम हर तरह से उसकी मदद करेंगे। वहीं टीपर चंद शर्मा ने समारोह आयोजित करने पर परिषद की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि प्रवीन अत्री ने कहा कि हरियाणा वीरों की धरती है और हमें अपने शहीदों पर गर्व है हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद समय समय पर शहीदों का सम्मान करता रहता है। जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री, मंडल बाल कल्याण अधिकारी कुशवेंद्र यादव, सुरेखा डागर, सुप्रिया ढांडा, सुशील कनवा,अशरफ मेवाती, प्रेमचंद गौड़ ने भागेदारी की।

### पायनियर पाठकों के लिए
यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



### नज़रिया
**दिनेश रघुवंशी, कवि**

**समंदर के तटों पर विष भरा विस्तार किसका है**
**नशे का देश में काला ये कारोबार किसका है**
**समूचे देश को ये जानना बेहद ज़रूरी है**
**बड़ा है कौन ज़ालिम और ये आधार किसका है**

# जांच के बाद तुरंत कराएं बोन मैरो ट्रांसप्लांट: डॉ. दुआ

## उन्होंने बताया कि यह जांच और इलाज गिफ्ट संस्था की तरफ से मुफ्त किया जा रहा है

## समय पर इलाज मिलने पर बच सकती है बच्चे की जान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**ग्लोबली** इंटीग्रेटिड फॉउंडेशन फ़ॉर थैलेसीमिया (गिफ्ट) द्वारा थैलेसीमिया के गम्भीर विषय पर एक अति महत्वपूर्ण प्रैस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

कॉन्फ्रेंस में फोर्टिस मैमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के बच्चों के रक्त विकार, कैंसर व बोन मैरो ट्रांसप्लांट (पैडियैट्रिक हैमेंटोलॉजी ऑन्कोलॉजी एंड बीएमटी) के डायरेक्टर व अध्यक्ष डॉ. विकास दुआ और उनकी सहयोगी डॉ. मानसी सचदेव ने बताया कि किस तरह से थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों की जांच के बाद इसकी रोकथाम की जा सकती है।

उन्होंने मरीजों की सामान्य व विशिष्ट देखभाल व स्थाई इलाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं उन्होंने बताया कि सीबीसी और एचबीएलसी की जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चे के जन्म के छह महीने बाद से ही रक्त चढ़ाया जाने लगता है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से इलाज के लिए एक वर्ष के बाद यदि बच्चों का बौन मैरों ट्रांसप्लांट कर दिया जाए, तो बच्चे की बीमारी ठीक हो सकती है। इसमें जितना देरी होगी, बच्चे की बीमारी अधिक बढ़ जाती है। वहीं उन्होंने बताया कि यह जांच और इलाज गिफ्ट संस्था की तरफ से मुफ्त किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि दोनों डॉक्टर हर महीने थैलेसीमिया के रोगियों का निःशुल्क चेकअप करने विशेष तौर पर फरीदाबाद आते हैं। गिफ्ट के संस्थापक व अध्यक्ष मदन चावला ने मीडिया साथियों से अनुरोध किया कि थैलेसीमिया के बारे में बहुत अधिक जागरुकता की आवश्यकता है और यह जागरुकता फैलाने में मीडिया की बहुत अहम भूमिका है। संयोगवश एक थैलेसीमिक बच्ची, खुशी का जन्मदिन भी था। गिफ्ट के पदाधिकारियों, डॉक्टर्स, बन्नुवाल बिरादरी फरीदाबाद के प्रधान और समस्त मीडिया साथियों ने मिलकर नन्ही खुशी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया और उसे आशीर्वाद दिया। वहीं उन्होंने बताया कि दो अक्टूबर को फॉउंडेशन द्वारा फरीदाबाद में द ग्रैंड गिफ्ट कार्निवल का भी आयोजन किया जा रहा है, जोकि थैलेसीमिया के बच्चों के लिये एक सर्वग्राही शिविर के साथ जनसामान्य के लिये एक प्रकार का दिवाली मेला होगा।

# शहीदी दिवस पर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन



**फरीदाबाद।** हरियाणा के रेवाड़ी निवासी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुला राम के शहीदी दिवस के दिन पावन सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर 1 बी ब्लॉक के प्रांगण में कोविड-19 से बचाव के लिए टीकाकरण के पहली व दूसरी डोज का आयोजन मंदिर के प्रधान अशोक अरोड़ा पूर्व महापौर एवं उनकी कार्यकारिणी के सदस्यों ने किया।

ईएसआईडी-4 की डॉक्टर राजेश चौहान और उनकी टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की एवं क्षेत्र के आस-पास के निवासियों ने सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए लगभग 199 लोगों ने को-वैक्सीन की पहली डोज व कोवी-शील्ड की दूसरी डोज 72 लोगों ने लेकर इस अवसर लाभ उठाया। इस मौके पर प्रधान अशोक अरोड़ा ने स्वतंत्रता सेनानियों की देश के प्रति बलिदान की सद्भावना को लोगों को समझाने का प्रयास किया व इस अवसर पर उनके साथ विनोद चावला राधेश्याम कुमार मनोहर नागपाल सतीश वधवा संजय वधवा बंसीलाल अरोड़ा पवन कुमार व भारत अशोक अरोड़ा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सामान्य बच्चों के संग रखी गई मंदबुद्धि बच्ची गायब

कविता। फरीदाबाद

**जिले** में चाइल्ड हेल्प लाइन की तरफ से बच्चों को सेल्टरों में छोड़कर खानापूर्ति की जा रही है। ऐसा ही एक मामला फरीदाबाद में देखने को मिला। जहां मंदबुद्धि बच्ची को सामान्य बच्चों के बीच रखवा दिया गया, लेकिन बच्ची आश्रम से गायब हो गई। जिस पर आश्रम संचालक ने एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं सीडब्ल्यूसी की तरफ से मंद्धबुद्धि बच्ची के लापता होने पर यह कहा जा रहा है कि उसकी बुद्धि कम थी।

## ये है पूरा मामला

**गत** 18 सितम्बर को सीडब्ल्यूसी की तरफ से एक दस से 11 वर्षीय बच्ची को तिगांव स्थित आश्रम में छोड़ा गया। इस आश्रम को एक साध्वी चलाती है। आश्रम में आई यह बच्ची उन्हें मंदबुद्धि लगी। जिस पर वह उसका विशेष ध्यान रख रही थी। 20 सितम्बर की शाम को आश्रम के मंदिर में साधु मां बच्चियों के साथ पूजा कर रही थीं। तभी वह बच्ची आश्रम से भाग निकली। पता चलते ही उन्होंने बच्ची की तलाश शुरू कर दी, लेकिन वह उन्हें अगले दिन सुबह तक नहीं मिली। जिस पर उन्होंने इसकी सूचना सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन को दी, लेकिन सीडब्ल्यूसी की तरफ से आश्रम पर ही आरोप लगा दिया कि वह बच्चों का ध्यान नहीं रखते हैं। जिस पर उन्होंने नोटिस थमा दिया।

### रहस्यमय तरीके से आश्रम से बच्ची हुई अचानक लापता



## आश्रम का आरोप

**साधु** मां ने बताया कि बच्ची के लापता होने की सूचना पुलिस को दे दी है। उन्होंने बताया कि बच्ची मंदबुद्धि थी। वह अन्य बच्चियों से अलग ही रहती थी। ऐसे में वह कभी आश्रम के गेट के चक्कर लगाती थी तो कभी कहीं। इसके कारण अन्य किशोरियों के जरिये उस पर नजर बना रखी थी, लेकिन वह पूजा के वक्त कहां और कैसे निकल गई, जिसका पता यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी नहीं चल रहा है। उनका कहना है कि नियम के मुताबिक मंदबुद्धि बच्चों को यहां सीडब्ल्यूसी की तरफ से शिफ्ट नहीं करना चाहिए। वहीं बच्ची ने बताया था कि उसके मां-बाप उसे छोड़कर चले गए है, ऐसे में वह उनके पास जाना चाहती है।

## दर्ज हुई एफआईआर

**सीडब्ल्यूसी** के चेयरमैन श्रीपाल करहाना ने बताया कि आश्रम की तरफ से बच्ची के लापता होने की शिकायत दर्ज करवा दी है। वहीं दुसरी तरफ उन्होंने कहा कि बच्ची पूरी तरह से मंदबुद्धि नहीं थी। उसमें थोड़ा दिमाग कम था। जिस कारण उसे अन्य मंदबुद्धि बच्चों के साथ नहीं रखा जा सकता था।

# अभाविप के शिविर 500 लोगों को लगी वैक्सीन

**फरीदाबाद।** अभाविप फरीदाबाद द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से पांचवा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन कपड़ा कॉलोनी श्री सनातन धर्म शिव मंदिर में किया गया। अभाविप जिला मिडिया संयोजक रवि पांडे ने कहा कि कोविड शिविरों में जाकर अवश्य ही टीकाकरण कराएं, यह पूरी तरह सुरक्षित है। अभाविप फरीदाबाद का यह पांचवां वैक्सीनेशन कैंप है, जिसमें पहली, दूसरी डोज लगाई गई। लगभग 500 लोगों को कोरोना बचाव की डोज लगाई गई। सूरज प्रधान ने बताया कोरोना की संभावित तीसरी लहर को हराने के लिए वैक्सीनेशन बहुत जरूरी है। इसीलिए लोगों को भ्रांतियों में आए बगैर वैक्सीन लगवानी चाहिए, क्योंकि वैक्सीन का शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता।

# जजपा की मजबूती के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं की फौज : चौटाला

### 25 सितंबर को हर्षोल्लास से मनाएंगे जननायक देवीलाल की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जननायक** जनता पार्टी (जजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला जजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान को गति देने व कार्यकर्ताओं से रूबरू होने फरीदाबाद पहुंचे। उन्होंने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, जिनके बल पर संगठन को प्रभावी और मजबूती दी जाती है। इसलिए जजपा ने प्रदेशभर में सक्रिय कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी करने के लिए सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया हुआ है।

जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुवार को सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विशेष रूप से जननायक देवीलाल की जयंती समारोह की तैयारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के मसीहा के जन्मदिवस के मौके पर हिलालपुर (नूंह) में जननायक की आदमकद की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री, किसान मसीहा जननायक चौ. देवीलाल की जयंती हर्षोल्लास से मनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में सभी जिलों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान जजपा और जननायक सेवा दल, इनसो के कार्यकर्ता और पदाधिकारी युगपुरुष जननायक चौ देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन करेंगे। इसके लिए जोरदार तैयारियां जारी हैं और कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज हैं।

इसके अलावा रूप किशोर शर्मा, भानु शर्मा, मनीष चौधरी, राधे, रमनदीप कौर, सीमा, बरखा, जसवीर कौर, आदि ने दर्जनभर ने जननायक जनता पार्टी का दामन थामा। वहीं डॉक्टर अजय सिंह चौटाला ने बॉक्सिंग में स्टेट लेवल पर गोल्ड मेडल जीत कर आए चिनमय गोयल उसके कोच आमिर खान को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, अंतराम तवर, संजीव मंडोला, राजेंद्र लितानी, जिला अध्यक्ष तेजपाल डागर, शहरी जिलाध्यक्ष अरविंद भारद्वाज, राष्ट्रीय सचिव ठाकुर राजाराम, कृष्ण जाखड़, धर्मवीर तेवतिया, भारत यादव, महेश पटेल, अनिल भाटी, प्रवीण त्यागी, विकास दलाल, नरेंद्र फौजी, गजेंद्र बढ़ाना, नेपाल फौजी, आशीष डागर, रविंद्र पाराशर, रोहित बैरागी, देवेंद्र मान, कमल फौजदार, माणिक मोहन शर्मा, पवन जाखड़, सूरत चौहान, अमीचंद पीटीआई, अवनीश कौशिक, डॉ दिनेश डागर, मनोज गोयल, जिला प्रवक्ता अनिल खुंटेला, मनफूल डागर, अजय भड़ाना, कार्यक्रम का मंच संचालन सुनील शास्त्री ने किया।



## सक्रिय कार्यकर्ताओं का होना अति आवश्यक

**डॉ. अजय** चौटाला ने इस दौरान जजपा की मजबूती पर खास बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं का होना अति आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जननायक जनता पार्टी ने 25 अगस्त से प्रदेशभर में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। पार्टी द्वारा इस एक माह के अभियान के दौरान प्रत्येक बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी कर रही है ताकी पार्टी को और मजबूती मिले। उन्होंने जजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत हर हलके में 500 मेहनती, कर्मठ, निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सक्रिय कार्यकर्ता बना रही है। इस अभियान के जरिए हर क्षेत्र यानी कि प्रत्येक बूथ स्तर तक पार्टी के मेहनती कार्यकर्ताओं को सक्रिय कार्यकर्ता बना रही है ताकि वे सक्रिय कार्यकर्ता बनने के बाद दूसरे चरण में सामान्य सदस्यता अभियान के दौरान पार्टी का प्रचार करते हुए घर-घर जाकर नये लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें।

# हर स्थिति से निपटने को तैयार रहना पुलिस का कर्तव्य : सीपी



### बम निरोधक दस्ते के साथ पुलिस आयुक्त ने की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अपने कार्यालय में फरीदाबाद पुलिस के बम निरोधक दस्ता और सीन ऑफ क्राइम टीम के साथ मीटिंग आयोजित की। मीटिंग के दौरान पुलिस कमिश्नर ने बम निरोधक दस्ते में तैनात जवानों से सभी एक्सप्लोसिव इक्विपमेंट की जानकारी हासिल की।

उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में तैनात बम निरोधक दस्ता के पास वह सभी आधुनिक उपकरण मौजूद है जो कि सभी प्रकार के एक्सप्लोसिव को डिटेक्ट कर डिफ्यूज करने में सक्षम है। फरीदाबाद जिले में क्राइम होने पर सीन ऑफ क्राइम टीम मौके का मुआयना करती है और अपराध घटित होने वाली जगह से साक्ष्य इकट्ठा करती हैं। जिनको जांच के लिए एफएलएल में भेजा जाता है। इकट्ठा किए गए साक्ष्यों के द्वारा आरोपी तक पहुंचने में अनुसंधान अधिकारी को काफी मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि सीन ऑफ क्राइम टीम 24 घंटे मौजूद रहती है। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ते एवं सीन ऑफ क्राइम टीम में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त जवान शामिल है।

उन्होंने बताया कि कई बार पुलिस को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मॉल आदि में लावारिस सूटकेस मिलने की सूचना मिलती है ऐसी स्थिति में बम निरोधक दस्ता काफी सहयोगी सिद्ध होगा। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि पुलिस को हमेशा किसी भी तरह की परिस्थितियो से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। पुलिस सहायता के लिय या कोई लावारिस, संदिग्ध वस्तु दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को डॉयल 112 पर सूचना दें।

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीसी कन्या कैडेट ने मनाया शहीद दिवस



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी और संघर्ष ट्रस्ट इंडिया के खेल निदेशक सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर में एनसीसी विंग की कन्या कैडेट ने शहीद दिवस मनाया। एनसीसी आफिसर लेफ्टिनेन्ट मोनिका देशवाल ने बताया कि शहीद राव तुलाराम के शहीदी दिवस के अवसर पर शहीदों को याद करते हुए एनसीसी कन्या कैडेट ने पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन एवं कविता लेखन कर आयोजित प्रतियोगिता में बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। विद्यालय की इंचार्ज राजबाला ने सभी कैडेट्स के द्वारा बनाए गए चित्रों की सराहना की। एनसीसी यूनिट के कमांडिंग आफिसर कर्नल राम अवतार यादव के नेतृत्व में सभी कैडेटस के द्वारा शहीदों को नमन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए लेफ्टिनेंट मोनिका देशवाल और सरोज बाला को विद्यालय के भी अध्यापक और अध्यापिकाओं ने हार्दिक बधाई दी।

### मानव सेवा समिति की बैठक



**फरीदाबाद।** मानव भवन सेक्टर 10 में गुरुवार को मानव सेवा समिति के वरिष्ठ नागरिक सेल की एक बैठक संयोजक मदनलाल मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कोरोना काल के बाद पहली बार आयोजित बैठक में 19 सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने कोरोना काल के अपने अनुभवों को साझा किया और गीत संगीत का आनंद लिया। नई कार्यकारिणी में शामिल क्षेत्र प्रबंधक जितेंद्र मेहता, बीएस मनचंदा को परिचय पत्र व दायित्व प्रमाण पत्र प्रदान किया। बैठक में वरिष्ठ नागरिक सेल को क्रियाशील करने, और नए सदस्य बनाने, वरिष्ठ सदस्यों के लिए एक हेल्थ हेल्थ चेकअप कैंप मानव भवन में लगाने और वरिष्ठ सदस्यों के लिए दो-तीन दिन का धार्मिक टूर कराने का निर्णय लिया। बैठक में समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, मदनलाल मोदी, जसवंत सिंह, जितेंद्र मेहता, बीएस मनचंदा, गोविंद वर्मा, पीके देव, पीएल मल्होत्रा, भीम सिंह चौहान, टीडी मनोचा, परसोत्तम दास, जगदीश मेहता, जसपाल सचदेवा, ज्ञानदेव वत्स और विजय शर्मा मौजूद रहे।

### जिले में 29007 लोगों को लगाई गई वैक्सीन



**फरीदाबाद।** जिला में विभिन्न स्थानों पर मेघा वैक्शीनेशन कैम्पों में 29007 लोगों को कोविड-19 के वायरस के बचाव के लिए दोनों डोज लगाए गए। वहीं जिले में कोरोना का एक मरीज पॉजिटिव आया है। जबकि राहत की बात यह रही कि जिले में एक मरीज ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.27 पर पहुंच गया है। जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने कहा कि नोवल कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के लिए टीकाकरण एक सशक्त माध्यम है। वैक्शीनेशन अभियान के जिला नोडल अधिकारी एवं एसएमओ डॉ मानसिंह ने बताया कि जिला में अब तक 2039647 लोगों को वैक्शीनेशन की डोज लगाई गई हैं। इनमें पहली डोज के 1500990 और दूसरी डोज के 538657 लोगों को लगाए गए वैक्शीनेशन शामिल है। शुक्रवार को टीकाकरण अभियान जारी रहेगा। जिले में 31 सरकारी शिविर और 14 निजी अस्पतालों में कोरोना से बचाव का इंजेक्शन लगाया जाएगा।

### हिन्दी सप्ताह का सफल आयोजन



**फरीदाबाद।** अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान में 13 से 19 सितंबर तक हिंदी सप्ताह मनाया गया था। हिंदी सप्ताह के दौरान निम्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। हिंदी निबंध प्रतियोगिता हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता एवं हिंदी टंकण प्रतियोगिता। प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को क्रमश: प्रथम द्वितीय और तृतीय प्रमाण पत्र संस्थान के निदेशक प्रभात रंजन आचार्य ने दिए। समापन समारोह में संस्थान के राजभाषा अध्यक्ष दिलीप चावला ने कहा कि हम सभी को हिंदी में अधिक से अधिक काम करना चाहिए और हिंदी में काम करने पर हमें गर्व महसूस होना चाहिए। समापन समारोह के अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रभात रंजन आचार्य ने सभी कर्मचारियों अधिकारियों और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि कोई भी काम मुश्किल नहीं होता है हमें सिर्फ शुरुआत करने की देर होती है। उन्होंने कहा कि संस्थान के कई विभाग जैसे प्रशासन, छात्रावास, सुरक्षा विभाग हिन्दी मे अच्छा काम कर रहे है। प्रतियोगिता के नतीजे इस प्रकार रहे कि हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला। प्रदीप कुमार मांझी को, द्वितीय स्थान पर रहे उमाशंकर तुरकेल, और तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेघा यादव ने, हिंदी नोटिंग प्रतियोगिता मे पहला स्थान उमाशंकर तुरकेल, दूसरे स्थान पर गुलाब सिंह और तीसरे स्थान पर सारिका शर्मा, इसी प्रकार हिन्दी टंकण प्रतियोगिता मे पहला स्थान पर रहे नरेश, द्वितीय स्थान पर रहे उमाशंकर तुरकेल और तीसरे स्थान पर आए प्रवेश मलिक ने। अंत में राजभाषा सचिव विनोद गौतम ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

# नहरपार के किसानों ने दायर की रिव्यू याचिका



**फरीदाबाद।** सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का 1230 रुपये वर्गगज का मुआवजा चार गांवों का घटाकर 645 रुपये प्रति वर्गगज कर दिया। फैसले को लेकर नहरपार के किसानों की स्थिति काफी खराब हो गई।

किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट की अध्यक्षता में बड़ौली गांव में हुई बैठक में किसानों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि इस आदेश के खिलाफ नहरपार के किसान सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू याचिका (पुन: विचार याचिका) दायर करेंगे। जिस किसी किसान को अपनी जमीन की इस रिव्यू याचिका में शामिल होना है। वह अपने कागजात ब्लाक समिति के सदस्य सतपाल चन्दीला के पास जमा करेंगे। वशिष्ठ ने कहा कि जो रिव्यू यचिका तथ्यों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में दायर की है। यह कि नहरपार के पांच गांवों की जमीन अन्य गांवों के मार्फत उपजाऊ व समतल है, चार गांव बड़ौली, प्रहलादपुर, मिर्जापुर, भतौला का मुआवजा 645 रुपये प्रति वर्गगज किया है। जबकि इसे 1230 रुपये प्रति वर्गगज के हिसाब से रखा जा सकता था और पांच गांवों में से एक गांव सीही का मुआवजा 1230 रुपये ही रखा गया है और इस फैसले में किसानों की कई बड़ी रजिस्ट्रियों का हवाला भी नहीं है। किसानों ने रिव्यू में कहा है कि किसानों की बहस को ऑनलाइन सुना गया है जबकि कोर्ट में फिजिकल सुना जाये।

# बैटरी चलित स्प्रे पंप पर अनुदान को आवेदन आमंत्रित

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा ने बैटरी चलित स्प्रे पंप पर अनुदान देने के लिए, अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले किसानों से 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा ने प्रदेश के सभी जिलों से वर्ष 2021-22, अनुसूचित जाति स्कीम के तहत बैट्री चलित स्प्रे पंप पर अनुदान देने के लिए इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि स्कीम के तहत आवेदनकर्ता किसान को कीमत का 50 प्रतिशत अथवा 2500 रुपये दोनों में से जो भी कम होगा, इसके आधार पर अनुदान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने स्कीम के नियम व शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदनकर्ता किसान संबंधित जिले का स्थायी निवासी हो।

# लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराएं बैंक : डीसी



### उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बैठक में दिए बैंकों को निर्देश

**फरीदाबाद।** डीसी जितेंद्र यादव ने बैंकरों को निर्देश दिए हैं कि जो इस साल सितंबर के अंत तक काम से कम दो प्रार्थिओं को सरकार की योजनाओं के अंतर्गत ऋण उपलब्ध करा कर योजनाओं को लागू करें। ताकि आत्म निर्भर भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। जो बैंक अपने सभी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाए हैं, वे सभी लक्ष्य पूरा कर लें और वे बैंकर अगली डीएलआरसी की बैठक से पहले सरकारी योजना को लागू नहीं करेंगे तो संबंधित बैंकों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

यह दिशा निर्देश उपायुक्त जितेंद्र यादव जिला की डीएलआरसी, डीसीसी बैठक लघु सचिवालय, सेक्टर -12 फरीदाबाद में आयोजित बैठक में बैंक अधिकारियों को दे रहे थे। एलडीएम ने सभी बैंकों के लिए जिला फरीदाबाद के लक्ष्यों के साथ-साथ सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं, एमएसएमई, लघु व्यवसाय, मुद्रा ऋण, स्टैंड अप इंडिया, एसएचजी के लिए महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी गई। योगेश अग्रवाल एजीएम आरबीआई ने भी सभी बैंकर्स को कहा कि सभी सरकारी प्रायोजित योजनाओं को लागू करने और समय सीमा के भीतर लक्ष्यों को प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त जितेंद्र यादव को एलडीएम आरएस सिंह ने सम्मानित किया।

# पंचायती राज विभाग के विकास कार्य अप्रूवल के बाद हो तुरंत शुरू

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं हरियाणा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के वित्त आयुक्त अमित झा ने कहा कि पंचायती राज विभाग में भी पीडब्ल्यूडी बीएण्डआर, सिंचाई, पब्लिक हेल्थ सहित अन्य विभागों की तर्ज पर विकास कार्य सुनिश्चित हो। अच्छे कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा और जिन अधिकारियों के विकास कार्य धीमी गति से मिलेंगे उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। हरियाणा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के इंजीनियरिंग के सभी अधिकारी पूरी क्षमता के साथ ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को अमलीजामा पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 20 लाख रुपये की धनराशि से अधिक धनराशि के सभी विकास कार्य चाहे वह ग्रामीण विकास अभिकरण के हो, जिला परिषद के हो या पंचायती राज विभाग सहित अन्य किसी भी मद के हैं।

# पुलिस एसआई की परीक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम

### लिखित परीक्षाओं में एचएसएससी की हिदायतों का पालन सुनिश्चित हो : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिलाधीश** जितेंद्र यादव ने कहा कि 26 सितम्बर रविवार को आयोजित महिला पुलिस की एसआई की लिखित परीक्षाओं सही संचालन के लिए कि भी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं होगी। परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले और अनुपस्थित रहने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई करके एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रों के अन्दर जाने पर कमीशन द्वारा जारी कानूनी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। जिलाधीश जितेंद्र यादव वीरवार को जिला फरीदाबाद में 26 सितम्बर को एचएसएससी द्वारा वाली महिला पुलिस के एसआई की लिखित परीक्षा सफल संचालन के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिंट आफिसर और परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को स्थानीय सेक्टर-12 के कंवेंशन हाल में टिप्स और दिशा निर्देश दे रहे थे।

आपको बता दें महिला पुलिस की लिखित परीक्षा के लिए फरीदाबाद में 79 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर और सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए है। इनकी जानकारी सम्बंधित परीक्षा केंद्र अधीक्षक सुनिश्चित कर लें। उपायुक्त जितेंद्र यादव इस संबंध में,फ्लाइंग आफिसर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांसिट अफसर और परीक्षा केंद्रों के अधीक्षकों सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि परीक्षा के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ओवर आल इंचार्ज है। लिखित परीक्षा के दौरान एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद को नोडल इंचार्ज होंगे। सीटीएम, जिला राजस्व अधिकारी परीक्षा के आयोजन संबंधी सभी प्रबंधो के लिए सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट और ट्रांजिट अफसर तथा परीक्षा केंद्रों के अधीक्षक अपने कार्य दायित्व से जुड़े दायित्वों के बारे में कमीशन की हिदायतों के अनुसार पूरी तरह जानकारी हासिल कर उन्हें दिशा निर्देश देंगे और परीक्षा केंद्रो से सम्बंधित समस्याओं का समाधान कराएंगे। परीक्षा केंद्र अधीक्षक और परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी दे रहे पुलिस टीम के इंचार्ज आपसी तालमेल बनाए रखें। ड्यूटी मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र पर कानून व्यवस्था बनाए रखें।

उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि वे भी अपने दायित्व के बारे में जानकारी हासिल करके व्यवस्थित रूप से परीक्षाओं की योजना बनाकर उसके सही क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। ट्रांजिट आफिसर को सेंसिटिव मटेरियल लाने-ले जाने की यूपीएससी हिदायतों की पूर्ण जानकारी ले लें। उपायुक्त जितेंद्र ने कहा कि परीक्षा से सम्बंधित अधिकारी अपने वाहन चालक को निर्देश दें कि वे अपने वाहन पूरी तरह वर्किंग कंडीशन में हों ताकि किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# नशे के इंजेक्शन सहित दो आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश पर क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने दो आरोपियों को नशे के इंजेक्शन सहित काबू किया है।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच एनआईटी को सूचना मिली थी कि दो आरोपी नशे के इंजेक्शन बेचने की फिराक में थाना मुजेसर एरिया में घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को काबू किया जिनके पास से पुलिस को नशे के 26 इंजेक्शन बरामद हुए हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला थाना मुजेसर में दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रोहित निवासी अटल चौक पर्वतीय कॉलोनी और सुभाष निवासी जवाहर कॉलोनी शामिल है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशा करने के आदी हैं नशे के इंजेक्शन सस्ते दामों पर खरीद कर महंगे दामों पर बेचते हैं।

# जनता सिर्फ विकास चाहती है: बैंसला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**ग्रीनफील्ड** कॉलोनी में गुरुवार को ए ब्लॉक रोड नंबर 97 में करीब 11 सालों के बाद रोड बनने का काम शुरु हो गया। करीब 13 लाख की लागत से बनने वाली आरएमसी रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ स्थानीय पार्षद हेमा बैंसला के पिता पूर्व पार्षद और समाजसेवी कैलाश बैंसला ने किया। नारियल सीनियर सिटीजन के हाथों फोड़कर सड़क बनाने का काम शुरु किया गया।

स्थानीय लोगों ने पूर्व पार्षद से कहा कि पिछले करीब 11सालों से यहां के लोग इस इंतजार में थे कि यह रोड किसी भी तरह बन जाए लेकिन रोड नहीं बनने के कारण कई बार यहां से निकलने में काफी परेशानी होती थी। बरसात के दिनों मे तो नरक बन जाता था। स्थानीय निवासी आरपी सेठ ने कहा कि ग्रीनफील्ड कॉलोनी नगर निगम में आती नहीं है। इसलिए नगर निगम हमारी सड़के बना नही सकती। अगर अर्बन इम्प्रूवमेंट कंपनी के चेयरमैन प्रोफेसर भारत भूषण और कैलाश बैसला के द्वारा सहयोग राशि नहीं दी गई होती तो शायद यहां की सड़के नहीं बन पाती। इस मौक पर पूर्व पार्षद कैलाश बैंसला ने कहा कि वॉर्ड नंबर 20 में आरएमसी रोड का निर्माण काफी तेज गति से हो रहा है। अब तक हम लोग 100 से भी ज्यादा सड़कों का निर्माण करा चुके है। कैलाश बैंसला ने कहा कि वह जल्द ग्रीनफील्ड कॉलोनी के हर गली में पौधारोपण अभियान चलाने वाले है। जो भी पौधे की देखभाल कर सकता है। उसके घर के बाहर दो या तीन पौधे लगाकर पर्यावरण को शुद्ध और ग्रीनफील्ड को पूर्णता ग्रीन बनाने का काम करेंगे। कैलाश बैंसला ने कहा कि वह विकास के दम पर राजनीति करने में विश्वास रखते है। जनता काफी समझदार है। वह काम चाहती है। और उनके वार्ड में विकास हुआ है। और वह जनता के सामने परीक्षा देने के लिए तैयार है। इस मौके पर अमित कुमार, पवन पांडे आरपी सेठी , राजीव चौहान, कृष्ण कुमार, अर्पित सिन्हा, प्रेम प्रकाश शर्मा, रोहित कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी:

## दंगों के बीच सुरक्षित भारत पहुंचना ही उपलब्धि थी...

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

### रात को हुआ बस्ती में हमला, पाकिस्तान जिंदाबाद के लग रहे थे नारे

### ठाकुरदास खुराना के परिवार का चांदी का बिजनेस था


ठाकुर दास खुराना।

**भारत**-पाकिस्तान बंटवारे के समय ठाकुरदास खुराना मात्र 12 साल के थे। उनके पिता पुन्नू राम खुराना का चांदी का बिजनेस था। घर में सोने-चांदी की कोई कमी नहीं थी। भारत-पाकिस्तान का बंटवारा होते ही ऐसा ग्रहण लगा कि सब कुछ उजड़ गया। सोना-चांदी की सुरक्षा से अधिक खुद की जान बचाने की चिंता था। किसी तरह यातनाएं झेलते हुए सब भारत पहुंचे तो जीने की एक नई उम्मीद जगी।

ठाकुर दास खुराना का पाकिस्तान के जिला गाजी खान में गांव बुजारे था। पाकिस्तान में उन्होंने चौथी कक्षा तक पढ़ाई की। वहां उर्दू में पढ़ाई होती थी। चांदी का बिजनेस था। साथ ही लकड़ी के संदूक भी बेचते थे। स्कूल से आने के बाद वे पिता के साथ व्यापार में हाथ बंटाते थे। गांव में रेडियो किसी के घर नहीं होता था। जब कभी कुछ सुनना चाहते तो साथ वाले गांव में जाना पड़ता था। अखबार भी कहीं-कहीं मिलता था।

1947 के विभाजन का जिक्र करते हुए ठाकुर दास खुराना बताते हैं कि दिन ढलते-2 यह कई बार सन्देश मिलता कि साथ वाले गांव में हमला हो गया। इससे उनके गांव में भी डर पैदा हो जाता था। एक रात उनकी बस्ती में हमला हो गया। पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे जोर से सुने जाने लगे थे।

### यही डर था भारत पहुंचेंगे या नहीं

**मुजफ्फरगढ़** से रेलगाड़ी में भरकर भारत के लिए रवाना किया गया। वह बहुत दुखदायी और दर्दनाक समय था। भरोसे और विश्वास का इतना अभाव था कि रेलगाड़ी में सभी लोग सोचते थे हम ठीक भारत में पहुंचेंगे भी या नहीं। सुरक्षित भारत पहुंचना ही सबसे बड़ी उपलबि थी। रेलगाड़ी को कई घंटों तक लाइन क्लीयर नहीं दिया गया। प्लेटफार्म पर दंगाइयों की भीड़ होने लगी। उनके पास हथियार थे। ठाकुर दास कहते हैं कि सबको अपना अंत नजर आ रहा था। मिलिट्री की टीम के इंचार्ज ने सूझ-बूझ से काम लिया और लाइन क्लीयर कराई। जब गाड़ी अटारी पहुंची तो वहां के लोगों ने खासकर सिख समुदाय ने उनका स्वागत-सत्कार किया। सब सुविधाएं दी। फिर सभी जालंधर पहुंचे। कई परिवार एक-दो साल तक जालन्धर रहे। ठाकुर दास के मुताबिक उसके बाद उनका परिवार गुरुग्राम आ गया। यहां से कुछ दिन रेवाड़ी रहे। इसके बाद आखिर में वर्ष 1950 में महेंद्रगढ़ जिले में पहुंचे। आज तक वहीं पर बसे हैं। वहां अपने काम-धंधे शुरू किये। चाय आदि बनाने के काम से मेहनत शुरू की थी, जिसके चलते आज उनके शोरूम तक हैं।

### एक संदूक, एक बिस्तर और कुछ बर्तन लाए थे

**सभी** पड़ोसी छत पर इकट्ठे हो गये और सुरक्षित स्थान पर जाने की सोचने लगे। तब वहां के थाना प्रभारी ने ऐलान किया कि सभी हिन्दू परिवार वहोवा पहुंचें। वहां पर उनकी सुरक्षा होगी। घर छोड़ने का दिन निश्चित हो गया और सब पुलिस की निगरानी में वहोवा पहुंच गये। वहोवा में कुछ दिन ठहरने के बाद उन्हें लॉरियों में भरकर डेरा गाजी खान लाया गया। वहां पर सामान की पूरी तलाशी ली गई कि कहीं हथियार ना हो। परिवार को एक संदूक, एक बिस्तर और एक छोटी बोरी बर्तनों की ले जाने की इजाजत दी गई थी। बाकी वहां पर अपना सोना-चांदी व अन्य सामान सब छोड़कर आने को मजबूर हुए। उस समय सिर्फ जान बचानी थी। मिलिट्री के सिपाही उनकी सुरक्षा में तैनात कर दिए गए।

## संक्षिप्त-समाचार

### सामाजिक कार्यों को जारी रखेगी नेहरा खाप ट्रस्टः जगदीश नेहरा




**गुरुग्राम।** नेहरा खाप ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री जगदीश नेहरा ने कहा है कि नेहरा खाप ट्रस्ट समाज के सभी वर्गों की भलाई के लिए सामाजिक कार्य जारी रखेगी। जगदीश नेहरा ने यह बात ट्रस्ट के एक कार्यक्रम एंट्री इन डिफेंस फोर्सेस नामक सेमिनार के सफल आयोजन के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में कही। सेमिनार का आयोजन नेहरा खाप ट्रस्ट ने किया था और इसमें युवाओं को फौज में जवान से लेकर ऑफिसर भर्ती होने के तरीके बताए गए थे। कार्यक्रम से सैकड़ों युवाओं को सेना में भर्ती होने की प्रेरणा और जानकारी मिली। जगदीश नेहरा ने बताया कि नेहरा खाप ट्रस्ट का गठन नेहरा गौत्र के उत्थान व उसके वैभव को जन-जन को पहुंचाने के साथ-साथ सर्वसमाज की भलाई के लिए किया है। जगदीश नेहरा ने कहा कि नेहरा खाप ट्रस्ट के सचिव कर्नल डीवी नेहरा, मैनेजिंग ट्रस्टी अमित नेहरा, सहसचिव बलवीर सिंह नेहरा और ट्रस्टी कर्नल ओपी नेहरा के सहयोग से ट्रस्ट हर क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि नेहरा खाप ट्रस्ट एक गैर-राजनीतिक, गैर-साम्प्रदायिक और चेरिटेबल संस्था है जो नर सेवा-नारायण सेवा के सिद्धांत पर कार्यरत है। नेहरा खाप ट्रस्ट शिक्षा के क्षेत्र में खासकर कन्या शिक्षा, पर्यावरण को संरक्षित करने में, समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने, नैतिक मूल्यों को स्थापित करने में, सभी समाजों के बीच सद्भावना कायम करने में और रोजगारपरक कार्यक्रम करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### आज जिले में 41 टीकाकरण केन्द्रों पर लगेगी डोज

**गुरुग्राम।** वैक्सीनेशन अभियान के तहत जिला में शुक्रवार को ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बने 48 टीकाकरण केन्द्रों पर कोरोना रोधी टीका लगाया जाएगा। इन केंद्रों में 41 पर कोविशील्ड के पहले व दूसरे व 05 केन्द्रों पर कॉवेक्सिन की दूसरी डोज के टीके लगाए जाएंगे। वहीं सेक्टर-31 स्थित पॉलीक्लीनिक में स्पूतनिक वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई जाएगी। जिन नागरिकों को कॉवेक्सिन की दूसरी डोज लगवानी है, वह कम्युनिटी सेंटर चौमा, हुड्डा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बादशाहपुर, तिगरा और मानेसर पर जाकर अपनी डोज लगवा सकते हैं। यहां प्रत्येक केंद्र पर संबंधित वैक्सीन के दो सौ स्लॉट उपलब्ध रहेंगे।

### मंडलायुक्त ने जाना खरीफ फसलों की खरीद का प्रबंधन

**गुरुग्राम।** खरीफ फसलों की खरीद के लिए जिला की मंडियों में किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा बैठक मंडलायुक्त राजीव रंजन की अध्यक्षता में की गई। श्री रंजन ने अधिकारियों को किसानों के हितार्थ उचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए तथा विभिन्न विषयों पर जानकारी भी मांगी। मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। मंडलायुक्त के कैम्प कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त राजीव रंजन ने गुरुग्राम मंडल के तीनों जिले गुरुग्राम, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी में खरीफ सीजन की तैयारियों के बारे में संबंधित अधिकारियों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल खरीद के दौरान किसान को कोई भी समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी पुख्ता प्रबंध करें, ताकि खरीद का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### गणमान्य लोगों ने दी शहीद राव तुलाराम को श्रंद्धाजलि

**बल्लभगढ़।** हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के मौके पर बल्लबगढ के शहीदी स्मारक पर एसडीएम त्रिलोक चंद और परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा के भाई टिपर चंद शर्मा के अलावा शहर के गणमान्य लोगों ने शहीद राव तुलाराम को श्रंद्धाजलि अर्पित की। भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने कहा बल्लभगढ़ की ऐतिहासिक राजा नाहर सिंह की भूमि पर शहीदों को याद किया जा रहा है। शहीदों को भाजपा राज में सम्मान देने का काम किया है। मेट्रो स्टेशन का नाम शहीद राजा नाहर सिंह के नाम पर रखा गया है तो वही आदर्श नगर में शहीद गुलाब सिंह सैनी के नाम पर सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है।

## प्राथमिक स्कूल में छात्र 90 और शिक्षक एक, बहुत नाइंसाफी है...

### विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ देखना है तो चले जाइए चमनपुरा

### सीएसआर के तहत भी स्कूल की हो सकती है कायापलट किसी का ध्यान नहीं

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**शिक्षा** नीति में बदलाव, शिक्षा का अधिकार जैसे कानून तो हमारे देश में लागू हो चुके हैं, लेकिन जब धरातल पर सुविधाएं, जरूरतें ही ना हो तो फिर ये कानून बौने हो जाते हैं। अक्सर स्कूलों में बिल्डिंग खराब और अन्य कमियां तो खूब सुनने में आती हैं, लेकिन यहां एक स्कूल ऐसा है जहां पर शिक्षकों का ही टोटा है। जिले में 44 साल पुराने इस स्कूल में 90 विद्यार्थियों पर मात्र एक शिक्षक है। ऐसे में हम समझ सकते हैं कि कैसे बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत होगी।

गुरुग्राम जिला के उत्तर-पूर्व दिशा में खंड सोहना में जिला का अंतिम गांव है चमनपुरा। चमनपुरा पूरी तरह से अनुसूचित जाति का गांव है। यहां वर्ष 1976 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय (कोड-12433) शुरू किया गया था। पिछले 44 साल से यह स्कूल संचालित किया जा रहा है। गांव के इस सरकारी स्कूल में अनुसूचित जाति के बहुत ही गरीब परिवारों के लगभग 90 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। बेहद ही सोचनीय बात यह है कि इन 90 विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए यहां मात्र एक ही शिक्षक है। नियम तो छात्र अनुपात संख्या 25:1 का है। यानी 25 छात्रों को पढ़ाने के लिए एक शिक्षक हो। इस हिसाब से इस स्कूल में 90 छात्रों पर चार शिक्षक होने चाहिए। यहां तो स्कूल के एक ही शिक्षक पर पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई का भी जिम्मा है। साथ ही स्कूल की बाकी कागजी कार्यवाही भी करनी पड़ती है।


गुरुग्राम जिला के गांव चमनपुरा का प्राथमिक स्कूल।

### ड्रॉप आउट बच्चों को लाते हैं, जो हैं उनकी चिंता नहीं

**ड्रॉप** आउट यानी स्कूल छोड़कर गये बच्चों को वापस सरकारी स्कूलों में लाने के लिए सरकार ने खूब जोर लगाया है, लेकिन स्कूलों में शिक्षकों की संख्या बढ़ाने पर अभी तक कुछ नहीं किया गया है। चमनपुरा जैसे और भी अनेक स्कूल हैं, जिनमें शिक्षकों का टोटा है। आखिर गांव के बच्चे क्या तो शिक्षा ग्रहण करेंगे और क्या उनका भविष्य होगा, यह तस्वीर साफ है। स्कूल की इस स्थिति पर बच्चों के अभिभावक भी चिंतित हैं। कोरोना महामारी में गरीब परिवार के विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा ऑनलाइन शिक्षा के लिए संसाधन जुटाना भी असंभव ही था। इसलिए वे शिक्षा से वंचित ही रहे।

### शिक्षा से किया जा रहा वंचित चंडीगढ़ जाएंगे ग्रामीण

**इसी** गांव के निवासी पेशे शिक्षक व समाजसेवी कल्याण सिंह भारत बताते हैं कि अनुसूचित जाति के बच्चों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। वे खुद जिला उपायुक्त और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को लिखित में मांग पत्र दे चुके हैं। इस व्यवस्था में सुधार के लिए गुहार लगा चुके हैं। कल्याण सिंह भारत ने बताया कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम ने इस मामले में निदेशालय मौलिक शिक्षा विभाग पंचकूला को पत्र जरूर लिखा है, लेकिन अभी तक इस पर कुछ काम नहीं हो पाया है। इस समस्या को लेकर जल्दी ही वे ग्रामीणों को साथ लेकर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रधान सचिव व निदेशक से मिलकर समस्या का समाधान करने की मांग करेंगे।

### आज तक सीएसआर फंड भी नहीं पहुंच पाया

**सीएसआर** (कारपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड से शहर के अनेक स्कूलों की कायापलट की गई है, लेकिन जिन स्कूलों को हकीकत में मदद चाहिए, वे चमनपुरा गांव जैसे स्कूल हैं। सरकार कुछ करे या ना करे, कम से कम सीएसआर फंड से इस स्कूल में कुछ सुविधाएं दी जा सकती हैं। चमनपुरा गांव के स्कूल में अन्य कमियों के साथ शुद्ध पानी पीने की भी कमी है। अन्य स्कूलों में तो बच्चों के लिए शुद्ध पानी के लिए वाटर कूलर और आरओ तक लगाए गए हैं, लेकिन चमनपुरा के बच्चों से यह एक सपने जैसा ही है। गुरुग्राम जिला प्रशासन का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

### अधिकारियों से की है मांग : सरपंच अजय

**गांव** के सरपंच अजय का कहना है कि स्कूल में शिक्षकों के लिए कई बार अधिकारियों से मांग की जा चुकी है। अधिकारियों ने उन्हें ही अपने स्तर पर इंतजाम करने को कहा। पंचायत के पास ऐसा फंड नहीं है कि वह स्कूल में शिक्षक रखे।

## अब तो रद्द किया जाए स्ट्रीट लाइट लगाने का टेंडर : अशोक

### जिन कंपनी को मिला उसके खिलाफ पहले से चल रही जांच

### टेंडर ओपन होने के बाद नेगोशिएशन का कोई मतलब नहीं



**गुरुग्राम।** हरियाणा में स्ट्रीट लाइट लगाने के टेंडर को लेकर एक और नया खुलासा हुआ है। वह यह है कि जिन कंपनियों को यह टेंडर अलॉट किया गया है, उनके खिलाफ फरीदाबाद में पहले से ही जांच चल रही है। ऐसे में उस कंपनी को सरकार टेंडर कैसे दे सकती है। आरोप हैं कि यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला है। अब इस टेंडर को ही रद्द करने की मांग उठ रही है।

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला का कहना है कि जिन कंपनियों को यह टेंडर दिया गया है, उनके खिलाफ बड़े घोटाले में फरीदाबाद में पहले से ही जांच चल रही है। ऐसी कंपनी को टेंडर अलॉट कर देना भी भ्रष्टाचार ही तो है। क्योंकि सरकार कंपनियों के रिकॉर्ड के बारे में सब जानती है। उसके बावजूद भी टेंडर अलॉट कर देना सरकार की कार्यप्रणाली पर ही सवालिया निशान लगाता है। अशोक बुवानीवाला के मुताबिक टेंडर में दी गई राशि को नैगोशिएसन की बात कही जा रही है। ऐसा क्यों। नैगोसिएशन करने वाले चीफ इंजीनियर डीआर भास्कर खुद फरीदाबाद से ट्रांसफर होकर चंडीगढ़ पहुंचे हैं। सरकार को चाहिए कि इस टेंडर को रद्द करके नए सिरे से टेंडर आमंत्रित करे। सरकार अपनी मंशा छोटी औद्योगिक इकाइयों को चलाने की होनी चाहिए, ना कि पूंजीपतियों के घर भरने की। सरकार इस मामले में जनहित में काम करे। क्योंकि इस काम में जनता द्वारा दिए गए टैक्स का पैसा ही लगना है। अशोक बुवानीवाला का कहना है कि इस मामले में जल्द ही प्रदेश के गृह मंत्री अनिल विज को भी मांग पत्र सौंपा जाएगा।

स्ट्रीट लाइट लगाने को 22 जून 2021 को टेंडर प्रक्रिया पूरी हुई। उस पर विवाद होने के बाद इसकी फाइनेंशियल एवं टेक्नीकल जांच लिए 9 सदस्यीय कमेटी गठित की गई। कमेटी की रिपोर्ट आने से पहले ही सरकार ने कमेटी को ही भंग कर दिया। यहां तक कि मुख्य सचिव एसएन राय के तबादले से ठीक पहले स्ट्रीट लाइट टेंडर बड़ी कंपनियों को आवंटित कर दिये गये। सरकार ने इस काम के लिए के लिए टेंडर लेने वाली कंपनियों का 1150 करोड़ रुपये टर्नओवर की शर्त रखी थी। अब तीन बड़ी कंपनियों को यह टेंडर को 900 करोड़ रुपये में दिया गया है।

## 10 हजार की आबादी वाली पंचायत को मिलेगी पेयजल और सीवर सुविधा

**एन रोहिल्ला। सोहना**

**जनस्वास्थ्य** विभाग 10 हजार या इससे अधिक आबादी वाले गांव को महाग्राम योजना से जोड़ेगा। योजना के तहत गांव में पेयजल सप्लाई और सीवर लाइन से तुरन्त प्रभाव से जोड़ा जाएगा। ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में पंजीकरण करना होगा।

प्रदेश सरकार ने 10 हजार या इससे अधिक आबादी वाले गांवों को पेयजल और सीवर लाइन की सुविधा से जोड़ने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग को सरकार की तरफ से ऐसे गांवों का सर्वे करने को कहा गया है।

**क्या लाभ होगा महाग्राम योजना से**

महाग्राम योजना से जुड़ने वाले गांवों में प्रत्येक नागरिक को 55 लीटर से 135 लीटर तक पानी हर दिन मिलेगा। गांव के प्रत्येक घर को सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। हर घर को पानी और सीवर कनेक्शन मिलेगा। गांव में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जाएगा। जिससे ट्रीट होने वाले पानी को किसान खेती के लिए उपयोग में ले सकेंगे।

**कहां कराएं पंजीकरण :** योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम पंचायतों को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में जाकर सामूहिक रूप से पंजीकरण कराना होगा। जिसका प्रस्ताव खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के आदेश पर ग्राम सचिव द्वारा डाला जाएगा।

**क्या कहते हैं विभाग अधिकारी**

सोहना सबडिविजन के एसडीओ ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र में एक भी गांव 10 हजार या इससे अधिक आबादी वाला नहीं है। जिसका विभाग द्वारा सर्वे करा लिया गया है।

## दूध-दही खाने वाले हरियाणा में उम्र के हिसाब से नहीं बढ़ रहा कद

### गुरुग्राम में हुआ चौथा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत राज्य स्तरीय समारोह

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**जिस** हरियाणा की पहचान दूध-दही के खाने से होती है। यहां भी 29.4 प्रतिशत बच्चे औसत से कम वजनी पाए गए हैं। प्रदेश में 34 प्रतिशत बच्चों की उंचाई उम्र के अनुरूप नहीं बढ़ रही। यहां 21.2 प्रतिशत बच्चे अति कमजोर पाए गए हैं।

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने भी माना कि हमारे यहां अब कद पहले की तरह नहीं बढ़ रहा। हरियाणा में कुपोषण का शिकार एक बड़ा वर्ग की चिंता का बड़ा कारण है। इस वर्ग में 0 से 6 वर्ष आयु के बच्चे, किशोरियां, गर्भवती महिलाएं और बच्चों को दूध पिलाने वाली माताओं की संख्या बहुत अधिक है। सरकार का दावा है कि तीन साल पहले राष्ट्रीय पोषण मिशन के माध्यम से इस दिशा में काम शुरू किया गया तो इसमें समाज की भागीदारी को बढ़ाते हुए बच्चों में पोषण, एनीमिया और जन्म के समय कम वजन के अनुपात को कम करने का लक्ष्य रखा। किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को दूध पिलाने वाली माताओं के पोषण स्तर में सुधार करते हुए कुपोषण को खत्म करने पर जोर दिया।


गुरुग्राम में हुआ राज्यस्तरीय समारोह में पोषक चीजों के स्टॉल का निरीक्षण करते केंद्रीय मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्र भाई, साथ में हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा।

### लोगों को पौष्टिक खाना खाने को करें प्रेरित

**हरियाणा** में पोषण से संबंधित इन मुद्दों पर राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों और अन्य महिलाओं का आह्वान किया कि वे लोगों को पौष्टिक खाना खाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 4200 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण वाटिकाएं स्थापित की जा चुकी हैं, जबकि आयुष विभाग और बागवानी विभाग के साथ मिलकर आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में 10 हजार पोषण वाटिकाएं स्थापित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब अपने घर, खेत में फलदार पौधे, हरी सब्जी, औषधीय पौधे लगाएं और लोगों को भी ऐसा करने को प्रेरित करें, ताकि पोषक आहार हमारी दिनचर्या का हिस्सा बने और सभी स्वस्थ रहते हुए देश और समाज की प्रगति में योगदान दे सकें।

**सही पोषण, देश रोशन डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई :** सही पोषण, देश रोशन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। साथ ही पोषण विषय पर पुस्तकों और प्रचार सामग्री का विमोचन किया गया। समारोह में बच्चों और महिलाओं को पोषण किट भी भेंट की गई। केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित महिलाओं को पोषण शपथ भी दिलाई जिसमें हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया गया। केंद्रीय मंत्री डा. मुंजपारा और कमलेश ढांडा ने पोषण जागरुकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया।

**कुपोषित से सुपोषित भारत का लक्ष्य**

## सबके प्रयासों से होगा हासिल : डॉ. मुंजपारा

### देश में कुपोषण कम करने को जनआंदोलन बनाने के हो रहे प्रयास

### चौथे राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत गुरुग्राम में राज्यस्तरीय समारोह

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**केन्द्रीय** महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मुंजपारा महेन्द्र भाई ने कहा कि देश में कुपोषण के खतरे से निपटने के लिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के उद्देश्य के साथ संयुक्त प्रयास करने की जरूरत है। तभी हम सुपोषित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। कुपोषण को कम करने को एक जन आंदोलन बनाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं।

यह बात उन्होंने गुरुवार को यहां चौथे पोषण माह के अंतर्गत राज्य स्तरीय समारोह में कही। देश में मनाए जा रहे चौथे पोषण माह के अंतर्गत गुरुग्राम में महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा ने राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मुंजपारा महेन्द्र भाई मुख्य अतिथि थे। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने समारोह की अध्यक्षता की। डॉ. मुंजपारा महेन्द्र भाई ने कहा कि इस वर्ष के समारोह को चार विषयगत सप्ताहों में विभाजित किया गया है, इनमें पोषणवाटिका का रोपण, पोषण के लिए आयुष और योग, पोषण किट का वितरण तथा गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान के साथ साथ उनको पोषण सहायता प्रदान करना शामिल है।

डॉ. मुंजपारा महेन्द्र भाई ने कहा कि पोषण की स्थिति में स्थाई सुधार सुनिश्चित करने के लिए हमारे चारों ओर जो पोषण से भरपूर उत्पादों की बहुतायत है। उनका सही उपयोग करने को सभी लोगों को प्रेरित करना जरूरी है। डॉ. मुंजपारा ने कहा कि पोषण वाटिका की स्थापना यह सुनिश्चित करने की दिशा में कदम है कि आंगनबाड़ियों, स्कूलों, ग्राम पंचायतों, सामुदायिक भूमि और सरकारी विभागों के परिसरों में पोषक उद्यान लगाकर महिलाओं और बच्चों को मौसमी फल, सब्जियां और जड़ी-बूटियां सस्ती उपलब्ध हों। पारंपरिक ज्ञान और आयुष की क्षमता का उपयोग समुदाय की बेहतरी के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रयासों के साथ आयुष आहार सिद्धांतों और प्रथाओं का मिश्रण चमत्कार कर सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सुपोषित भारत की ओर बदलाव में अपेक्षित परिवर्तन लाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे लिए हर बच्चा मायना रखता है। क्योंकि आज के बच्चे ही इस देश के भविष्य हैं। हम सभी को इसे उज्जवल और स्वस्थ बनाने का प्रयास करना चाहिए। केवल गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान करना ही महत्वपूर्ण नही है, बल्कि उनकों इस कमी से बाहर निकालने के लिए उनका उचित उपचार तथा प्रबंधन भी जरूरी है।


गुरुग्राम की एमिटी यूनिवर्सिटी में चौथे राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत गुरुग्राम में हुआ राज्य स्तरीय समारोह में बच्चे को दूध पिलाने वाली माता को पोषण किट देते केंद्रीय मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्र भाई, साथ में हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा।

## दमदमा झील के किनारे युवक फांसी के फंदे पर लटका मिला

**सोहना।** सोहना के गांव दमदमा में 28 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध हालात में पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

मामले की जांच कर रहे एएसआई शीशराम ने बताया कि चंद्रपाल का 28 वर्षीय पुत्र छत्रपाल मानसिक रूप से परेशान रहता था। छत्रपाल बुधवार रात घर से बाहर निकला था। परिवार वालों ने रात में ही उसे तलाश भी किया था। गुरुवार सुबह झील पर घूमने के लिए आए ग्रामीणों ने छत्रपाल का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा तो सूचना परिवार वालों को दी। छत्रपाल पेड़ के नीचे बने चबूतरा पर बैठने जैसी हालत में था। मौके पर सदर थाना सोहना से पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भेज दिया। मृतक युवक मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

## शाओमी इंडिया ने 100 से ज्यादा नए और एक्सक्लुसिव रिटेल स्टोर खोलकर अपनी पहुंच बढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**देश** के नं. 1 स्मार्टफोन और स्मार्ट टीवी ब्रांड, शाओमी इंडिया ने आज भारत में 100 से ज्यादा शाओमी रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की। भारत में सबसे बड़े एक्सक्लुसिव ब्रांड रिटेल नेटवर्क के रूप में शाओमी टियर 5 और टियर 6 शहरों में इस स्टोर्स के साथ देश में अपना विस्तार कर रहा है। इस विस्तार के साथ शाओमी इंडिया कश्मीर से कन्याकुमारी तक विभिन्न शहरों में अपनी पहुंच मजबूत कर रहा है, जिससे ग्रामीण इलाकों में रिटेल व्यवसाय के परिदृश्य में परिवर्तन आएगा और ग्राहकों को त्योहारों की अभूतपूर्व खुशी मिलेगी।

शाओमी इंडिया ने देश के लिए अपनी प्रतिबद्धता को सदैव सर्वोपरि रखा है। अपनी इसी प्रतिबद्धता के तहत ब्रांड ने 50,000 से कम आबादी वाले टियर 5 और टियर 6 शहरों में 100 से ज्यादा नए रिटेल स्टोर खोले हैं। देश के सबसे दूरदराज के इलाकों में पहुंचने तथा सभी तक टेक्नॉलॉजी पहुंचाकर ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए दृढ़निश्चित यह कंपनी 200 से ज्यादा परिवारों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन करेगी और भारत में उद्यमशीलता का विकास करेगी।

मुरलीकृष्णन बी, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, शाओमी इंडिया ने कहा, हमने मी अभियान के साथ 6 महीने पहले वृद्धि करना शुरू किया। हम देश में अपने रिटेल पार्टनर्स से मिली प्रतिक्रिया और सहयोग से बहुत उत्साहित हैं। इससे हमें 100 से ज्यादा नए स्टोर्स के साथ अपने नेटवर्क को मजबूत करने का प्रोत्साहन मिला। इस प्रयास के द्वारा हम शाओमी और रेडमी उत्पादों की उपलब्धता टियर 5 और टियर 6 शहरों में तथा सीमित पहुंच वाले इन इलाकों में सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रस्तुत करना चाहते हैं। हमें विश्वास है कि हमारे रिटेल स्टोर उभरते हुए उद्यमियों को उनके लक्ष्य पूरे करने में मदद करेंगे और देश के हर कोने में रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे।

अपना ऑफलाईन शुरू करते हुए, शाओमी इंडिया ने अपना पहला फ्लैगशिप रिटेल स्टोर 15 अगस्त, 2018 को बैंगलुरु में खोला और 2 सालों के छोटे समय में ही यह देश में 3000 से ज्यादा रिटेल स्टोर्स तक पहुंच गया, जिससे भारत में 6000 से ज्यादा लोगों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ। मार्च 2021 में, अपने ग्रो विद मीज् अभियान के साथ कंपनी ने भारत में एक्सक्लुसिव रिटेल स्टोर्स और ऑफलाईन रिटेल टचप्वॉइंट्स की संख्या दोगुनी करने की अपनी योजना की घोषणा की। इसके अलावा कंपनी ने अगले 2 सालों में 100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 6000 स्टोर खोलने का संकल्प लिया है ताकि उपभोक्ताओं के प्रति इसकी प्रतिबद्धता मजबूत हो और टेक्नॉलॉजी के लोकीकरण का मिशन पूरा हो सके।

देश भर में पहुंचने के लिए शाओमी इंडिया कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक अपने स्टोर खोलेगा, जिनमें भारत के पूर्वी हिस्से में 12 नए स्टोर, पश्चिमी क्षेत्र में 26, उत्तर में 29 और दक्षिणी हिस्से में 33 स्टोर खोले जाएंगे। शाओमी इंडिया लगातार 16 तिमाहियों से भारत का नं. 1 स्मार्टफोन ब्रांड है और इस समय इसके पास 75 से ज्यादा मी होम, 75 से ज्यादा मी स्टूडियो, 9400 से ज्यादा मी प्रिफर्ड पार्टनर और 4000 से ज्यादा लार्ज फॉर्मेट रिटेल पार्टनर तथा 3000 से ज्यादा मी स्टोर हैं।

# कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ मानने वाले ताऊ का था मेवात से लगाव

### सादा भोजन, उच्च विचार वाले ताऊ देवीलाल ने जीवन में किए अनेक जन कल्याणकारी कार्य

### जेजेपी के जिला प्रवक्ता राहुल जैन के घर 1996 में भयंकर बाढ़ में भी आए थे ताऊ

दीपक कुमार। नूंह

**भले** ही हरियाणा के निर्माता, त्यागमूर्ति, जननायक ताऊ देवीलाल हमारे बीच में नहीं है, लेकिन उनकी यादें, उनके बताए विचार व दी गई प्रेरणा व किए गए जनकल्याणकारी काम अब भी कार्यकर्ताओं के दिल में अमर हैं।

विशेषकर उनकी सादगी व उच्च विचार और कार्यकर्ताओं से उनका प्यार व लगाव सराहनीय रहा। अपने परिवार की तरह मेवात को अपना मान कर वे यहां जब भी समय मिलता तभी आ जाते थे। हालांकि उनके चाहने वाले की लिस्ट तो बहुत लंबी थी, लेकिन अपने खास कार्यकर्ताओं को वे कभी नहीं भूलते थे।



पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की नगीना में अपने कार्यकर्ता राजेंद्र प्रसाद जैन के घर भोजन का आनंद लेते हुए की एक सुनहरी याद का एक फाइल फोटो ।

नगीना के जैन परिवार यानी तत्कालीन कार्यकर्ता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद जैन के घर विशेष रूप से आना जाना रहा है। मेवातवासी नंबरदार महावीर प्रसाद, पूर्व मैनेजर नेमचंद गोयलएपूर्व ब्लॉक समिति मेंबर प्यारेलाल व अमित जैन बताते हैं कि उप प्रधानमंत्री जैसे ऊंचे पद पर रहने के बावजूद भी किसानों के मसीहा ताऊ देवीलाल धोती-कुर्ता और सिर पर हरियाणा की सम्मानित पगड़ी बांधकर जब भी नगीना के जैन परिवार के घर आते तो हमेशा बिना बताये ही आ आते। अचानक से उनको अपने बीच पाकर लोगों का हुजूम एकत्रित हो जाता। वे गांव का पारंपरिक व सादा खाना जैसे दलिया, खिचड़ी, कढ़ी-चावल दही इत्यादि खाते थे। कुछ समय पलंग व सादा खाट पर आराम करने के बाद लोगों से उनके परिवार व इलाके का हाल-चाल जानते व उनके दुख दर्द दूर कर देते। लोग उनकी सादगी के बेहद ज्यादा कायल थे।

आखिरी बार वो नगीना सन् 1999 में अपने निधन से कुछ समय पहले आए। ताऊ देवीलाल के परिवार से 50 साल से भी अधिक समय से जुड़े रहे चहेते कार्यकर्ता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद के बेटे व जेजेपी के जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि ताऊ देवीलाल अत्यधिक बीमार होने के बावजूद भी सन् 1996 में मेवात में आई भयंकर बाढ़ में पीड़ितों से हालचाल जानने आए। बुढ़ापा पेंशन योजना, गरीब कन्यादान योजना व किसान कर्जा माफी जैसे उनके अनेक कल्याणकारी कार्य हमेशा इतिहास के पन्नों पर दर्ज है। मेवात के लोगों में बड़ी खुशी है कि अब 25 सितंबर को दिल्ली-मुंबई हाईवे के नजदीक मेवात के गांव हिलालपुर में जननायक ताऊ देवीलाल की हरियाणा की सबसे बड़ी प्रतिमा लगाई जा रही है। इससे नई पीढ़ी उनके किये कामों से वाकिफ हो पाएगी।

उनके करिश्माई व्यक्तित्व से प्रेरणा ले पाएगी। लोक लाज से चलता है लोकराज वाले सिद्धांत पर चलने वाली जेजेपी पार्टी व पार्टी सुप्रीमो पूर्व सांसद डॉ अजय सिंह चौटाला व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा मेवात वासियों के लिए दी यह विशेष यादगार सौगात रहेगी। ताऊ देवीलाल की 25 सितंबर 1914 से 6 अप्रैल 2001 की जीवन यात्रा लोगों के लिए सुनहरी यादगार बन पाएगी।

# किसान मेला और कृषि यंत्र प्रदर्शनी आयोजित

### कृषि मंत्रालय के उप निदेशक मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

### जैविक कृषि अपनाने का किया आह्वान

**तावडू।** नगर के तावडू मोहम्मदपुर रोड पर सैनीपुरा स्थित मालती वाटिका में बृहस्पतिवार को कृषि एवं कल्याण विभाग नूंह द्वारा आत्मा स्कीम के तहत एक दिवसीय किसान मेला व कृषि यंत्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस किसान मेले में कृषि मंत्रालय भारत सरकार की ओर से उपनिदेशक अनिल कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान मेले में पहुंचे।

कृषि विभाग नूंह के उपनिदेशक डॉ महावीर प्रसाद ने बताया कि बृहस्पतिवार को आयोजित किसान मेले व कृषि यंत्र प्रदर्शनी में किसानों की सहायता के लिए स्ट्रा चोपर, मल्चर, हैप्पी सीडर, जीरो टिल सीड ड्रिल आदि प्रकार के आधुनिक यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। यंत्र प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि अनिल जैन ने बारीकी से निरीक्षण किया। इसके अलावा किसान मेले में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से पहुंचे कृषि विशेषज्ञों ने उपस्थित किसानों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को सुनते हुए उनका उचित समाधान करने के सुझाव दिए। वहीं मुख्य अतिथि अनिल कुमार जैन ने किसानों की मुख्य समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि उर्वरक तथा ईंधन की कमी के कारण तरह-तरह की कठिनाइयों का किसानों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं खेती के दौरान किसानों द्वारा अत्यधिक केमिकल प्रयोग भी खेती के लिए हानिकारक है।

उन्होंने कहा कि कृषि की उर्वरता बढ़ाने के लिए जैविक खेती को अपनाएं, देसी खाद के प्रयोग को बढ़ाने के लिए गोबर गैस प्लांट लगाना चाहिए, क्योंकि गोबर गैस संयंत्र बायोगैस के साथ-साथ फसल उत्पादन के लिए उच्च गुणवत्ता वाला खाद भी उपलब्ध कराता है। वहीं उन्होंने जल की बर्बादी को भी एक बड़ी समस्या बताते हुए इस पर सावधानी बरतने का आह्वान किया। उन्होंने कई देशों का उदाहरण देते हुए जल संरक्षण के ठोस प्रयास करने का किसानों को सुझाव दिया। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा विभाग की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सोयल हेल्थ कार्ड, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, किसान भावांतर भरपाई योजना के आदि के बारे में जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### घर-घर टीबी मरीजों की जांच में जुटीं स्वास्थ्य विभाग की टीमें



**तावडू।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा सन 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने को लेकर कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीमें जिले भर में प्रत्येक गांव व घर-घर जाकर टीबी मरीजों की पहचान कर रही हैं। स्पेशल टीबी सुपरवाइजर विपिन कुमार ने बताया कि गांव की एएनएम व आशा वर्कर के सहयोग से सर्वे कराई जा रही है। जिसमें टीम प्रत्येक घर जाकर परिवार के सभी सदस्यों का डाटा एकत्रित कर टीबी मरीजों की पहचान करेंगी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को उपमंडल के गांव नानूका व मंडारका में एक्टिव केस फाइंडिंग गतिविधि की शुरुआत की गई। इस को लेकर गांव के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर सहयोग मांगा गया। इस बार 30 सितंबर तक घर घर जाकर टीबी के मरीजों की पहचान की जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ आशा वर्कर सरिता, सीमा के अलावा कई ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

### घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की मदद जरूरी : सीजेएम



**नूंह।** डालसा नूंह के कांफ्रेंस हाल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 40 एडवोकेट और पारालेगल वॉलंटियर ने भाग लिया। इस मौके पर डालसा के सीजेएम प्रतीक जैन ने अपनी उपस्थिति दी। एडवोकेटों का प्रोत्साहन किया। कहा कि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की मदद करना जरूरी है। यह कार्यशाला सीमा मिश्रा ने ट्रेनर के रूप में सभी मौजूद एडवोकेट और पीएलवी से घरेलू हिंसा पर बातचीत की। वकीलों की क्या परेशानियां और मुद्दे हैं इस पर भी विचार विमर्श किया। कार्यशाला में घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के कानून के बारे में भी विस्तृत तरीके से बात की गई और यह जानकारी दी गई कि इस अधिनियम के अंतर्गत एक पीड़ित महिला कैसे राहत ले सकती है। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के द्वारा हाल ही में दिए गए जजमेंटों पर भी बातचीत की गई। यह कार्यशाला स्मार्ट और रेडियो मेवात द्वारा घरेलू हिंसा के खिलाफ पिछले दो साल से चलाए जा रही मुहिम हिंसा को नो के अंतर्गत आयोजित की गई। इस मुहिम में मेवात की 700 से अधिक महिलाओं के साथ स्मार्ट और रेडियो मेवात निरंतर जमीन पर कार्य कर रहा है।

### सीबीएलयू के शोधार्थी करेंगे सामाजिक विकास की चिंता

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि के कुलपति प्रोफेसर राजकुमार मित्तल की अध्यक्षता में सभी संकायों के शोध विद्यार्थियों की बैठक डीन शैक्षणिक मामले प्रो. राधेश्याम व पीएचडी कॉर्डिनेटर डाक्टर दीपक अनेजा के संचालन में हुई। कुलपति प्रो.राजकुमार मित्तल ने शोध को स्थानीय जनों तक जागरूकता का माध्यम बनाने को कहा और सभी को शोध के अतिरिक्त अन्य विषयों में रूचि अनुरूप कार्य करने के लिए प्रेरित किया ताकि भिवानी जिले के लोगों के लिए सर्वांगीण विकास में चौधरी बंसी लाल विवि के शोधार्थी अग्रणी भूमिका में रहें। डीन शैक्षणिक मामले प्रो राधेश्याम ने सभी शोधार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए विवि में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए भी सुझाव मांगे और आगामी शोध क्षेत्र में सफलता के लिए शुभकमनाएं दीं।

### कहानीकार माधव मिश्र की स्मृति में लेखक सम्मान समारोह एक नवंबर को

**भिवानी।** हिंदी के प्रथम मौलिक कहानीकार पंडित माधव प्रसाद मिश्र की स्मृति में आगामी एक नवंबर को भिवानी में लेखक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जन जागरण शिक्षा समिति के प्रधान एडवोकेट मंडन मिश्र ने बताया कि आगामी 1 नवंबर को हिंदी लेखक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि पंडित माधव प्रसाद मिश्र के नाम पर हर वर्ष एक सम्मान प्रदान किया जाएगा। जिसके लिए एक निर्णायक कमेटी का गठन किया गया है जो कि इस पुरस्कार के लिए आमंत्रित पुस्तकों के बारे में अपना निर्णय देगी। मिश्र ने कहा कि प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले लेखक को 2100 नगद पुरस्कार, सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह दिया जाएगा। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1500 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1100 दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 500 - 500 के दो सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देश से कोई भी लेखक अपनी तीन पुस्तकें 20 अक्टूबर तक जन जागरण शिक्षा समिति भिवानी में भेज सकता हैं।

# भगवान को सारथी बना जीतो जीवन की महाभारत



गुरुग्राम में दिव्य गीता सत्संग के अंतिम दिन प्रवचन करते स्वामी ज्ञानानंद महाराज।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### गुरुग्राम में दिव्य गीता सत्संग में स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा

**गीता** मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि भगवान को सारथी बनाकर जीवन की महाभारत में चलते रहो। संघर्ष सबके जीवन में हैं और रहेंगे। महाभारत लगातार सबके साथ हो रही है। कहीं अंदर वृतियों की कहीं बाहर अनुकूलता, प्रतिकूलता की महाभारत होती है। भगवत गीता यही मूल मंत्र है कि संघर्षों में घबराएं नहीं। यह बात उन्होंने गुरुवार को यहां सेक्टर-4 स्थित वैश्य समाज धर्मशाला में दिव्य गीता सत्संग के तीसरे एवं अंतिम दिन

स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने आगे कहा कि हमारे संघर्ष हम पर इतने हावी ना हो जाएं कि हम अपने कर्तव्य पथ से भटक जाएं। सबको तनाव हो जाता है। भगवान श्रीकृष्ण ने देखा था कि भविष्य में भौतिकवाद का जितना विस्तार बढ़ेगा, उतने तनाव, दबाव व दुर्भाव बढ़ते जाएंगे। वह आज दिखाई भी दे रहा है। पहले छोटे मकान होते थे बड़े परिवार होते थे। कम साधनों में भी शांति थी। आज सब कुछ होते हुए अशांति, तनाव बढ़ता जा रहा है। ऐसी ही स्थितियों में भगवत गीता उपचार का मार्ग दिखाती है। भगवान श्रीकृष्ण ने केवल अर्जुन की नब्ज नहीं देखी, बल्कि पूरे संसार की भविष्य की देखी। गीता का संदेश उपचार भविष्य की सही नब्ज देखकर किया हुआ सही उपचार है।

उन्होंने कहा कि उपदेश नहीं उपचार है गीता, मानवता का श्रृंगार है गीता। पाकिस्तान पर तंज कसते हुए स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि पड़ोसी देश बार-बार ऐसे माहौल बनाता है तो सर्जिकल स्ट्राइक करने ही पड़ेंगे और किये भी गये हें। सीमा पर खड़ा सैनिक शस्त्र छोड़े तो कमांडर का कर्तव्य जो होता है, वही कर्तव्य श्रीकृष्ण ने गीता उपदेश में निभाया है। गीता में युद्ध की स्थिति संघर्षों की है। गीता जैसे ज्ञान की आवश्यकता केवल किसी एकांत स्थल में ही नहीं, इसके ज्ञान की आवश्यकता वहां है जहां अशांति है शांति का तलाश है। जहां वातावरण में दुर्भावनाएं हैं, सद्भावनाओं की तलाश है। इसलिए महाभारत युद्ध में गीता का उपदेश देकर भगवान श्रीकृष्ण ने यह विश्व को दिखाया कि यह ज्ञान संघर्षों की भूमि से प्रकट हुआ है।

# सिटिंग जज से करवाएं अडानी बंदरगाह ड्रग्स मामले की जांच: बवेजा

**कुरुक्षेत्र।** अडानी मुंद्रा पोर्ट पर मिली 25 हजार किलो हेरोइन ड्रग्स पर भाजपा सरकार को घेरते हुए किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि अडानी मुंद्रा पोर्ट की अभी तक जांच क्यों नहीं की गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि यदि किसी गरीब आदमी के पास पांच ग्राम भी ड्रग्स मिल जाता है तो पुलिस कर्मी उसे तुरंत काबू कर लेते है लेकिन अडानी की बंदरगाह पर इतनी भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद होने के बाद पुलिस क्या सोई पड़ी है। वहीं नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, डीआरआई, ईडी, सीबीआई, आईबी, क्या सोए पड़े हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से करवाने की मांग की है। बवेजा ने कहा कि मामले में गोदी मीडिया भी चुप है।

# आरोही स्कूल में बच्चों को सिखाए गए स्वस्थ रहने के गुरुमंत्र

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**आरोही** मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहम्मद नगर में स्वास्थ्य सेमिनार आपका स्वास्थ्य आपके हाथ के तहत कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश गौरेया रहे। मुख्य वक्ता आचार्य राजेश ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास रहता है।

स्वास्थ्य बाजार से नहीं खरीदा जा सकता। शरीर को स्वस्थ रखना मनुष्य का पहला धर्म है। शरीर स्वस्थ रहेगा तो समाज देश और राष्ट्र की सच्ची सेवा कर सकते हैं। स्वस्थ शरीर राष्ट्र की वह संपदा है जिसकी रक्षा करना अनिवार्य है। आचार्य राजेश ने कहा पानी के सरल नियम के द्वारा हम कब्ज से कैंसर तक इलाज को स्वयं कर सकते हैं। पानी हमेशा बैठकर और घूंट-घूंट करके पिए। ठंडा पानी कभी ना पिए।



मोहम्मद नगर के आरोही स्कूल में कार्यक्रम में मौजूद अध्यापक और अधिकारी।

शास्त्रों में भोजन के बाद पानी पीना जहर बताया है भोजन के एक घंटा पहले और एक घंटा बाद पानी पीने। फ्रिज का ठंडा पानी का स्वास्थ्य हानिकारक है। चार सफेद जहर को छोड़ना अत्यंत आवश्यक है, मैदा, रिफाइंड तेल, चीनी, और नमक। हमें रिफाइंड की जगह शुद्ध सरसों का तेल, मैदा की जगह आटा, नमक की जगह सेंधा नमक, चीनी की जगह गुड़, शक्कर, मिश्री का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा योग और आयुर्वेद के द्वारा हम अपने जीवन को बचा सकते हैं और लंबे समय तक स्वस्थ रह सकते हैं।

योग और आयुर्वेद के द्वारा हमारे जीवन में मानसिक, बौद्धिक, आत्मिक बदलाव आते हैं इस अवसर पर सुनील कुमार, विकास शर्मा, सोनू, मनजीत कुमार, संगीता, वीरेंद्र खानपुर आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# पुष्प चक्र अर्पित किया सीआईएसएफ के जवानों ने

### सीआईएसएफ के जवानों ने स्मारक पर पुष्पमाला अर्पित की

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**शहीदी** दिवस पर गुरुवार को तोशाम रोड स्थित टीआईटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापित शहीद स्मारक पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने यहां विद्यालय के पूर्व छात्र वेद प्रकाश तिवारी के शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर अपनी पूरी यूनिट और वेद प्रकाश तिवारी के भाई ओपी तिवारी, उनके परिजनों और मित्र जनों के साथ सम्मान पुष्प चक्र अर्पित किया।



सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट वाईएस शेखावत, इंस्पेक्टर एस अहलावत, इंस्पेक्टर हरि प्रकाश और सीआईएसएफ के अनेक जवान अपनी पूरी यूनिट के साथ विद्यालय में पहुंचे। यहां शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र, पुष्प माला और पंखुड़ियां अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शेखावत ने बताया की टीआईटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्र वेद प्रकाश शर्मा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में 1976 में भर्ती हुए थे। 1983 में उप निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के दल के साथ 700 से 800 उपद्रवियों का मुकाबला करते हुए वीरता की मिसाल के साथ अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनके इस अमूल्य बलिदान के साथ उन्हें सदैव याद किया जाएगा। इन्होंने कहा कि सीआईएसएफ के जवान देश के करीबन 240 उपक्रमों को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। प्रतिवर्ष देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंच शहीदों का सम्मान करते हैं। प्राचार्या डीपी कौशिक ने कहा कि शहीद सदैव ही हमारे देश के गौरवशाली इतिहास का हिस्सा रहेंगे।

# हम देश के ऊपर कुर्बान होने वाले शहीदों की शहादत को कभी न भूलें

कैलाश मंगला। होडल

**जेजेपी** पार्टी के राष्ट्रीयाध्यक्ष डा. अजय चौटाला ने कहा कि आज शहीदों के बलिदान के कारण ही हम अपने घरों में परिवार के साथ चैन की सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें देश के उपर कुर्वान होने वाले शहीदों की शहादत को कभी भुलना नहीं चाहिए। शहीद किसी एक जाति वर्ग का नहीं होता वह सभी के लिए शहीद होता है।

ये बातें डा. अजय सिंह चौटाला ने गुरूवार देर सांय गढी पट्टी स्थित कारगिल लांस नायक शहीद राजबीर ड्क्षसह की याद में आयोजित शहीद दिवस कार्यक्रम के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद राजबीर ड्क्षसह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने किया। शहीदी दिवस पर गढी पट्टी में अयोजित शहीदी दिवस कार्यक्रम में



शहीद राजबीर ड्क्षसह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते जेजेपी के राष्ट्रीयाध्यक्ष डा. अजय ड्क्षसह चौटाला।

जेजेपी के राष्ट्रीयाध्यक्ष डा. अजय ड्क्षसह चौटाला ने कहा कि जनता के प्रेम व विश्वास के कारण ही उनकी चंद दिनों पहले बनी जेजेपी पार्टी को हरियाणा में दस सीटें प्राप्त हुई और आज जेजेपी व बीजेपी पार्टी कधे से कंधा मिलाकर जनता की सेवा में लगी है।

उन्होंने कहा कि इन दिनों जेजेपी पार्टी का सभी विधानसभाओं ने सक्रिय सदस्यता अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक विधानसभा में पांच सौ सक्रिय सदस्य पार्टी से जोडे जाएंगे जिन्हें पहचान पत्र भी वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सक्रिय सदस्य जन-जन तक पार्टी की नीतियों का पहुंचाने का काम करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोडेंगे। इसके अलावा उन्होंने 25 सितंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. देवीलाल की 108वीं जयंती के अवसर पर मेवात में सबसे ऊंची बनाई जा रही देवीलाल की प्रतिमा के अनवारन के लिए भी आमंत्रित किया।

# विधायक, कंपनी और प्रशासन की हुई मीटिंग में नहीं बनी सहमति

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

### प्रशासन ने 10 दिनों में समस्या का समाधान कराने का दिया आश्वासन

**टॉवरों** की एवज में मुआवजे की मांग को लेकर तीन माह से भी अधिक समय से धरने पर बैठे किसानों की आखिरकार प्रशासन ने सुध ले ली। वीरवार को गांव निमड़ीवाली सहित आस-पास के दर्जन भर गांवों के किसानों को उपायुक्त कार्यालय में मीटिंग के लिए बुलाया गया।

भाकियू जिला अध्यक्ष राकेश आर्य की अध्यक्षता में दर्जनभर गांवों के किसान उपायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां पर भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ, उपायुक्त आरएस ढ़िल्लो एवं हरियाणा बिजली वितरण निगम व पॉवर ग्रिड के अधिकारियों ने गांव निमड़ीवाली के किसानों की समस्याएं जानी। मीटिंग के दौरान किसानों व अधिकारियों के बीच कोई सहमति नहीं बनी, जिसके बाद उपायुक्त ने किसानों से समस्याओं के समाधान किए जाने को लेकर 10 दिन का समय मांगा। उधर टॉवरों की ऐवज में मुआवजे की मांग को लेकर गांव निमड़ीवाली में किसानों का धरना 99वें दिन भी जारी रहा। विधायक व अधिकारियों के साथ हुई मीटिंग की जानकारी देते हुए भाकियू जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने बताया कि पिछले तीन माह से मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसानों के प्रति आखिरकार जागा है। उन्होंने कहा कि किसानों व अधिकारियों के बीच हुई मीटिंग में कोई खास सहमति नहीं बनी।

# चेक बाउंस में युवक को एक साल की सजा और जुर्माना

**भिवानी।** एक चेक बाउंस के मामले में अविनाश यादव की कोर्ट ने एक साल की सजा व 9 प्रतिशत जुर्माना लगाया व जुर्माना राशि न भरने पर तीन महीने की अतिरिक्त सजा सुनाई। दोषी सुमीत निवासी नया बाजार ने एक चेक जो कि लाख रुपये का था, शिकायतकर्ता अनिल वासी जैन चौक को दिया था, जो अब बाउंस हो गया। शिकायतकर्ता ने अपने वकील मुकेश गुलिया के माध्यम से कोर्ट में केस दायर किया। दोषी के वकील ने कोर्ट में तरह-तरह की दलील दी पर कोर्ट ने अधिवक्ता गुलिया की दलीलों को सही मानते हुए फैसला शिकायतकर्ता के हक में दिया। 2019 में दोषी सुमित ने अपने पिता की बीमारी का झूठा बहाना बनाकर अनिल से एक लाख रुपये उधार लिये थे और जब देने की बात आई तो चेक दे दिया। जबकि बैंक अकाउंट में पैसे नहीं थे। जिस कारण चैक बाउंस हो गया और कोर्ट मे सजा हुई। इस बारे अधिवक्ता मुकेश गुलिया ने बताया कि चेक का चलन ज्यादा है। इसलिए सावधान रहें।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ बेदखली सूचना ◆

मै, रामभज पुत्र श्री लाल सिंह निवासी गांव पबनेरा, गन्नौर, सोनीपत अपने लड़के अजीत व उसकी पत्नी मोनिका को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं ये दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा ।

◆ सूचना ◆

**सार्वजनिक सूचना**

M/s Surya Explosives Pvt. Ltd. Village Ali Brahman, Teh. Hathin, Distt. Palwal, Haryana बजरिये पार्टनर श्री नरेन्द्र माथुर पुत्र गणेश माथुर निवासी कालकाजी, नई दिल्ली ने विस्फोटक रुल्स -2008 के नियम 102 व 103 के प्रावधान अनुसार सर्वे नं0 Killa No. 10/1, 9/2, Khata No. 82/90 का कुल तादादी 7 कनाल 18 मरला ग्राम आली ब्राह्मण तह0 हथीन, जिला पलवल में विस्फोटकों को कब्जे में रखने एवं प्रयोग के लिए तथा विस्फोटक मैगजीन स्टोर स्थापित करने के लिए विस्फोटक रुल्स 2008 के तहत निर्धारित प्रपत्र पर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए इस कार्यालय में आवेदन किया है।

अतः विस्फोटक रुल्स-2008 के नियम 103 के उपनियम 3 (a) की अनुपालना में हर आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मामले की जांच पड़ताल तथा ऐतराजों की सुनवाई अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 11.10.2021 को प्रातः 11:00 बजे जिलाधीश कार्यालय, लघु सचिवालय, कुशलीपुर, पलवल में की जाएगी।

अगर किसी व्यक्ति विशेष को उपयुक्त मैगजीन स्टोर/प्रयोग के लिए कोई ऐतराज हो तो वह उपयुक्त समय व स्थान पर सुनवाई के लिए उपस्थित होकर अपने ऐतराज का नोटिस (ऐतराजों के आधार के विवरण सहित) सुनवाई की उपयुक्त तारीख से स्पष्ट 7 दिन पूर्व अधोहस्ताक्षरी तथा आवेदन M/s Surya Explosives Pvt. Ltd. Village Ali Brahman, Teh. Hathin, Distt. Palwal, Haryana बजरिये पार्टनर श्री नरेन्द्र माथुर पुत्र गणेश माथुर निवासी कालकाजी, नई दिल्ली आदि को भेजने की व्यवस्था करें, वरना उनके ऐतराजों पर गौर नहीं किया जायेगा।

नगराधीश
कृते : जिलाधीश, पलवल

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )

9050976800
9416103259

ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## प्रदेश की अर्थव्यवस्था

### रणनीतिक समीक्षा की जरूरत

**उत्तर** प्रदेश को और आर्थिक प्रगति प्रदान करने तथा कुछ समस्याओं के समाधान हेतु सरकार को रणनीतिक समीक्षा करने की जरूरत है। राज्य नियोजन संस्थान द्वारा हाल ही में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर जारी रिपोर्ट से अर्थव्यवस्था की बहुत अच्छी तस्वीर सामने नहीं आती है। हालांकि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगले पांच वर्ष में राज्य को देश की अर्थव्यवस्था में पहले स्थान पर लाने का लक्ष्य सामने रखा है। वर्तमान समय में राज्य का 2020-21 में जीडीपी 17.05 लाख करोड़ या 240 बिलियन डालर है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्तर प्रदेश की सकल राज्य घरेलू उत्पाद-जीएसडीपी में 2020-21 में 5.9 प्रतिशत का संकुचन हुआ। यह भी स्पष्ट है कि वर्तमान मुख्यमंत्री योगी के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था में लगभग पांच प्रतिशत की प्रगति हुई। 2018-19 के अस्थाई रूप से संशोधित आंकड़े जारी हुए हैं तथा इसके साथ ही 2020-21 के त्वरित संशोधित आंकड़े भी जारी हुए हैं। इनके अनुसार अर्थव्यवस्था में वृद्धि की गति लक्षित गति से थोड़ी कम नजर आ रही है। प्रदेश में आय अनुमानों के संशोधित आंकड़ों के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था में थोड़ी सुस्ती आई है। 2017-18 में जीएसडीपी वृद्धि 4.9 प्रतिशत थी, लेकिन 2018-19 तथा 2019-20 में यह 4.3 प्रतिशत रही। इन अनुमानों के अनुसार अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2017-20 के दौरान पांच प्रतिशत से कम थी तथा 2020-21 में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण यह माइनस



5.9 प्रतिशत हो गई। मार्च में जारी 2020-21 में अर्थव्यवस्था के पूर्वानुमानों के अनुसार जीएसडीपी में लगभग 6.4 प्रतिशत का संकुचन हुआ। हालांकि, प्रदेश सरकार इस तथ्य से संतुष्ट अनुभव कर सकती है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय-एनएसओ द्वारा 31 मई को जारी आंकड़ों के अनुसार, इसी अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था में भी 2020-21 वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत संकुचन आया।

इन आंकड़ों से स्पष्ट संकेत मिलता है कि उत्तर प्रदेश सरकार को अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने होंगे। इस तथ्य की समीक्षा की आवश्यकता है कि विनिर्माण क्षेत्र की पिछले चार सालों में वृद्धि नकारात्मक रही है। इसके साथ ही जीएसडीपी में भी इसका हिस्सा घटा है जो वर्तमान में 15 प्रतिशत है। तेजी से औद्योगीकरण की इच्छा रखने वाले उत्तर प्रदेश को इस दिशा में तेजी से कदम उठाने होंगे। हालांकि, यह खुशी की बात है कि इस स्थिति के उलट कृषि क्षेत्र ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के समय में भी कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर सकारात्मक रूप से 2.7 प्रतिशत रही। इसी प्रकार कोरोनावायरस वैश्विक महामारी से प्रभावित 2020-21 में तृतीयक क्षेत्र समझे जाने वाले सेवा क्षेत्र में 7.9 प्रतिशत का संकुचन आया, लेकिन इसके अलावा बाकी समय में इसमें सकारात्मक प्रगति हुई। आंकड़ों के अनुसार वर्तमान मूल्यों के आधार पर उत्तर प्रदेश के जीएसडीपी को 2018-19 में 15,82,682 करोड़, 2019-20 में 17,25,860 करोड़ तथा 2020-21 में 17,39,114 करोड़ होने की उम्मीद है। राज्य सरकार ने हाल में दावा किया था कि संशोधित अनुमानों के अनुसार जीएसडीपी में समुचित वृद्धि हुई है और यह 31 मार्च, 2021 को 17,91,263 करोड़ के बजाय 19,40,527 करोड़ पर पहुंच गई है। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश सरकार को राज्य की अर्थव्यवस्था को तेजी से प्रगति के रास्ते पर लाने के लिए अभी बहुत कुछ करना होगा। यदि प्रदेश 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनना चाहता है तो इसे इसके लिए एक स्पष्ट रोडमैप बनाना होगा। राज्य में जीएसडीपी की वर्तमान स्थिति ज्यादा विश्वास नहीं पैदा करती है तथा इसे निर्धारित समय में लक्ष्य पर पहुंचाने के लिए प्रयास तेज करने होंगे। ऐसे में सरकार को अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए रणनीतिक समीक्षा की आवश्यकता है।

# भारत में सामुदायिक रेडियो का महत्व

सरकार को सामुदायिक रेडियो का महत्व समझ कर उसे टिकाऊ बनाने के लिए उपयुक्त वित्तीय समर्थन तथा पेशेवर सुविधायें प्रदान करनी चाहिए।



**ब्रजेंद्र सिंह पंवार**
(लेखक सीआरएस एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष हैं)



**को**विड-19 वैश्विक महामारी के समय में महत्वपूर्ण सूचनाओं के प्रसारण में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की भूमिका पर चर्चा नहीं हुई है। भारत में कैंपस रेडियो के नाम से शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा चलाए जाने वाले 322 से अधिक सामुदायिक रेडियो हैं। इनके साथ ही एनजीओ द्वारा संचालित रेडियो तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा संचालित रेडियो ने प्रासांगिक सूचना के प्रसार, जागरूकता पैदा करने तथा जनता में स्थिति से निपटने हेतु विश्वास व प्रेरणा पैदा करने के माध्यम से समुदायों को जोड़ने की चुनौतियों का सामना किया है। हालांकि, इन परियोजनाओं के लिए धन आबंटन में सौतेले व्यवहार के कारण अधिकांश सामुदायिक रेडियो अपने बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे। ब्यूरो आफ आउटरीच एंड कम्युनीकेशन के विज्ञापनों तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विज्ञानों की उपलब्धता न होने के कारण ये सामुदायिक रेडियो स्टेशन राष्ट्रीय संकट के समय अपनी सामुदायिक जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा सके। देश में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की मान्यता प्राप्त संस्था भारतीय सामुदायिक रेडियो असोसियेशन-सीआरए ने एक सर्वेक्षण कराया। 150 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों से प्राप्त सूचनाओं एवं आंकड़ों के अनुसार पता लगा कि जनसंख्या के संकटग्रस्त तबकों को स्थानीय भाषाओं व बोलियों में महामारी के बारे में विश्वसनीय सूचनाओं की जरूरत थी। वे यह भी जानना चाहते थे कि इससे अपनी सुरक्षा कैसे की जाए।

महामारी के शुरुआती दिनों में सीआरएस ने इन सवालों के जवाब दिए। कोविड 19 क्या है और इसके फैलाव के क्या संकेत हैं? हमें क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? लाकडाउन व कर्फ्यू क्यों जरूरी हो गए हैं? लोगों से इसका फैलाव रोकने के लिए क्या उम्मीदें हैं? प्रत्येक क्षेत्र में कितने मामले सामने आए हैं? देश भर की सामुदायिक रेडियो टीमों ने समय-समय पर जिला प्रशासनों तथा राज्य सरकारों द्वारा जारी सलाहों के आधार पर इन सवालों के जवाब तैयार किए। रेडियो ने डाक्टरों और विशेषज्ञों के साक्षात्कार लिए तथा उनको फौरन प्रसारित किया। 'करें, न करें' के आधार पर सूचनाओं तथा सूचना एवं सार्वजनिक संबंध, स्वास्थ्य, जिला एवं राज्य आपदा प्रबंधन व पुलिस द्वारा प्राप्त सुचनाओं का नियमित प्रसारण किया गया। सामुदायिक रेडियो का प्रसारण समय रोज 12 से 24 घंटे तक रहा। शुरुआत में केवल 50 प्रतिशत प्रसारण विषयवस्तु कोविड-19 से संबंधित थी, पर बाद में स्थिति गंभीर होने तथा लाकडाउन लागू होने के बाद विषयवस्तु को खासतौर से केवल महामारी से जोड़ा गया। जब संकट शिखर पर था तब स्टेशनों ने विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का प्रसारण करते हुए अधिकारियों की अपीलें प्रसारित कीं कि लोग घरों पर रहें तथा सरकार द्वारा वायरस से लड़ने हेतु जारी दिशानिर्देशों का पालन करें। हालांकि, लगभग सभी सामुदायिक रेडियो को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

कर्फ्यू कठोरता से लागू होने के कारण श्रमशक्ति का संकट अनुभव हुआ क्योंकि अनेक सामुदायिक रेडियो आपरेटरों के आवागमन पर नियंत्रण लग गया। अनेक स्थानों पर उनको संबंधित स्टूडियो तक पहुंचने के कर्फ्यू पास नहीं जारी हुए तथा रेडियो आपरेटरों ने लंबे समय तक काम करने वाले एक या दो सामुदायिक रिपोर्टरों से काम चलाया। अनेक रेडियो रिपोर्टरों ने घर से काम करते हुए मेल व वाट्सएप से रिपोर्टें भेजीं। स्थानीय विधायकों, सामुदायिक नेताओं, सेलेब्रिटीज़, जिला मजिस्ट्रेटों, पुलिस सुपरिंटेंडेंटों, डाक्टरों तथा विशेषज्ञों की वायस क्लिपें फोन से रिकार्ड की गईं तथा इनको रेडियो पर प्रसारण के लिए मेल व वाटसएप से स्टूडियो भेजा गया। इनमें समुदाय के लोगों से घरों पर रहने तथा शारीरिक दूरी बनाए रखने की अपील की गई थी।

स्टूडियो में जिंगल तैयार की गईं या इनको साझा स्रोतों से डाउनलोड किया गया। सेलेब्रिटीज़ द्वारा गीतों व लोकप्रिय संदेशों के माध्यम से वायरस तथा इससे बचने के बारे में जागरूकता पैदा की गई। कुछ सामुदायिक रेडियो ने वर्चुअल प्रसारण के नए तरीके खोजे जहां सामुदायिक रिपोर्टर अपने इन्पुट घरों से भेजे तथा स्टूडियो में किसी के उपस्थित न होने पर भी प्रसारण लगातार जारी रहा। सामुदायिक रेडियो ने जिला प्रशासन और समुदाय के सदस्यों के बीच पुल का काम किया। सभी प्रासांगिक सूचना और संदेशों को सामुदायिक रेडियो रिपोर्टरों को भेजा गया। सामुदायिक रेडियो को लाइव कार्यक्रमों, टेलीफोनों तथा जनता से संदेशों के माध्यम से काफी जानकारियां मिली जिनका फौरन प्रशासन के साथ साझा किया गया तथा समस्याओं के समाधान जनता को संप्रेषित किए गए। दिव्यांगों, वृद्धों तथा आर्थिक रूप से गरीबों की चिन्ताओं को भी उचित स्थान दिया गया। सामुदायिक रेडियो ने नियमित रूप से स्वास्थ्य जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता, अभिप्रेरणा, सकारात्मकता, पैरेंटिंग, पोषण, फिटनेस, टैलेंट कनेक्ट, जूनियर आरजे कनेक्ट, होममेकर्स कनेक्ट, पाकशास्त्र आधारित कार्यक्रमों तथा बच्चों को व्यवस्त रखने, रचनात्मक व्यवहारों, दिन-प्रतिदिन योग, प्रेरक कथाओं एवं संकट के समय सबकी सहायता करने व सहायता प्राप्त करने के बारे में कार्यक्रम प्रसारित किए। कुछ सामुदायिक रेडियो ने सरकार तथा स्थानीय एनजीओ द्वारा आर्थिक सहायता, भोजन व स्वास्थ्य सेवाओं हेतु उठाए कदमों की जानकारी गरीब तबकों को दी। इनमें मुफ्त डाक्टर टेली कंसल्टिंग, लोगों की सहायता के लिए डाक्टरों की उपलब्धता, किसी स्वास्थ्य समस्या का डाक्टरों द्वारा समाधान तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे शामिल थे। अनेक सामुदायिक रेडियो ने स्वयं कोरोना टेस्ट आंकलन का प्रसारण ब्लाग के माध्यम से कर लोगों को बताया कि वे भ्रमित न हों, कोविड-19 को मौसमी बीमारी न समझें और वायरस का परीक्षण करायें।

डिजिटल रूप से एक प्रतिज्ञा दस्तावेज जारी किया गया जिसमें सभी आयुवर्ग के लोगों ने सबके स्वस्थ भविष्य के लिए घर पर रहने की प्रतिज्ञा की तथा एकान्त में समय के उपयोग के बारे में जानकारियां साझा कीं। विभिन्न सामुदायिक रेडियो से प्राप्त संदेशों से संकेत मिलता है कि उन्होंने सूचनाओं के आधिकारिक स्रोत के रूप में काम किया तथा स्वत: एकान्त के समय समुदाय को मनोरंजन भी प्रदान किया। सामुदायिक रिपोर्टरों ने अपने सतर्क दृष्टिकोण के चलते निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा समुदायों में फैलाई फर्जी खबरों का खंडन भी किया। उन्होंने पहले अधिकारियों से संदिग्ध खबरों के बारे में जानकारी प्राप्त की और फिर सही खबर का प्रसारण किया। शहरों से गांवों में कामगारों के पलायन के समय खासकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश व बिहार के सामुदायिक रेडियो ने रचनात्मक सूचनायें प्रसारित करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इससे कामगार सही रास्ता तलाश सके। सामुदायिक रेडियो स्टेशनों ने वाट्सएप व अन्य आईटी मंचों का लाभ उठाते हुए विभिन्न भाषाओं में विषयवस्तु व सूचनाओं का साझा किया तथा साथी स्टेशनों का मनोबल बनाए रखा। सीआरएस द्वारा विभिन्न भाषाओं व बोलियों में तैयार जिंगल, कविताओं व लोकगीतों के माध्यम से रचनात्मक विषयवस्तु का प्रसारण किया गया। इससे विषयवस्तु को विविधता मिली। दुर्भाग्य से सामुदायिक रेडियो के योगदान को समुचित रूप से स्वीकार नहीं किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा कामर्शियल रेडियो जाकी से संवाद के समय सामुदायिक रेडियो रिपोर्टरों को आमंत्रित नहीं किया गया।

पिछले दो साल से सामुदायिक संपर्क विभाग तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के लिए विज्ञापन अभियान नहीं जारी किया है। इसके अलावा पिछले चार-पांच साल का बकाया भी अदा नहीं किया गया है। विभिन्न मंत्रालयों ने कोविड-19 प्रबंधन तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी अभियानों को बनाने में सीआरएस की पूरी तरह अनदेखी की है।

सामुदायिक रेडियो द्वारा भारत में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए उनको मीडिया के अन्य रूपों की तरह मान्यता मिलनी चाहिए तथा उनको अन्य मीडिया संगठनों के समान दर्जा दिया जाना चाहिए। देश में सामुदायिक रेडियो कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमें आशा है कि सरकार तथा अन्य संबंधित अधिकारी इस राष्ट्रीय संकट के समय सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की महत्वपूर्ण भूमिका समझेंगे तथा आने वाले समय में जीवित रहने व बेहतर कामकाज के लिए उनको वित्तीय समर्थन तथा पेशेवर सुविधायें प्रदान करेंगे।

# जारी है कांग्रेस की हाईकमान संस्कृति

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार उवं स्तम्भकार हैं)



**म**हीनों के सस्पेंस के बाद इस हफ्ते पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की जगह दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी को लाया गया है। पंजाब अस्सी के दशक में आतंकवाद से प्रभावित सीमावर्ती राज्य होने के कारण वहां जो कुछ भी हो रहा है वह संवेदनशील है। बदलाव और आसान हो सकता था, लेकिन आलाकमान ने अपने विवेक से विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले गार्ड बदलने का फैसला किया, जबकि तीन महीने पहले, यह एक निश्चित शॉट था कि कमजोर विपक्ष के कारण कांग्रेस पंजाब को जीत लेगी, लेकिन कैप्टन के बाहर निकलने से स्थिति बदल सकती है। नए मुख्यमंत्री के सामने कई चुनौतियाँ हैं और वह केवल एक ठहराव की व्यवस्था है। इंदिरा गांधी ने अपने पूरे नेतृत्व में जिन प्रमुख प्रथाओं की कल्पना की और उनका पालन किया, उनमें से एक पार्टी की स्थापना में हाईकमान की अवधारणा थी। जवाहरलाल नेहरू के समय में, कांग्रेस के पास कोई आलाकमान नहीं था क्योंकि पटेल और जी.बी.पंत जैसे अन्य, समान रूप से ठोस राष्ट्रीय नेता थे।

इंदिरा गांधी ने अपनी पार्टी के लोगों को जब और जब चाहें प्रभावशाली पदों पर स्थापित या हटा दिया। एक पुरानी कांग्रेसी नेता याद करती हैं कि कैसे वह उस मुख्यमंत्री को बुलाती थीं जिसका वह बर्खास्त करना चाहती थीं और यह कहते हुए अपने निर्णय से अवगत कराती थीं : ''कोई जल्दी नहीं है, आप आज या कल इस्तीफा दे सकते हैं। पर्याप्त समय लो।'' यही उनके पद छोड़ने का संकेत होता था। राजीव गांधी ने भी आलाकमान की संस्कृति का पालन किया, लेकिन तब पार्टी मजबूत थी। यूपीए के समय में भी सोनिया गांधी ने इस परंपरा का पालन किया।

आश्चर्य की बात यह है कि कांग्रेस उन कुछ राज्यों को अस्थिर क्यों करना चाहती है जहां उसे आराम से रखा गया है। राहुल और प्रियंका दोनों को लगता है कि वे पार्टी से निपटने में अपनी दादी का अनुकरण कर सकते हैं। पार्टी न तो केंद्र



में सत्ता में है और न ही कई राज्यों में। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान को अपने मैदान में जो कुछ बचा है उसे बचाने की जरूरत है। इंदिरा गांधी की कार्यशैली अब नहीं चलेगी। राहुल और प्रियंका पुराने पहरेदारों को बदलने के लिए अधीर हैं और उन्हें उनके प्रति वफादार युवा चेहरों के साथ बदल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि वे तीनों कांग्रेस शासित राज्यों में परिवर्तन की मांग करने वाले विद्रोहियों का खुलकर साथ देते हैं। परिणाम पार्टी में अधिक विभाजन, अधिक विद्रोह, अनुशासनहीनता और क्षरण है। पंजाब में एक समस्या के समाधान ने दूसरी समस्या खड़ी कर दी है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ से भी विद्रोह की गूंज सुनाई देती है। राजस्थान में परिवार ने सचिन पायलट के नेतृत्व वाले बागी धड़े का खुलकर समर्थन किया, लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तो पल्ला झाड़ लिया था। पायलट को अस्थायी रूप से शांत किया गया, लेकिन उनके समर्थक अधीर हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और बागी नेता टीएस सिंह देव के बीच सत्ता के बंटवारे पर सहमति जताई थी। ढाई साल बाद देव कुर्सी की मांग कर रहे हैं।

कांग्रेस आलाकमान पहले की तरह शक्तिशाली क्यों नहीं है? इसका सीधा सा जवाब है कि समय बदल गया है और सत्ता के समीकरण बदल गए हैं और कांग्रेस बस अपने अतीत के गौरव में जी रही है। अफसोस की बात है कि गांधी परिवार को यह एहसास नहीं हुआ कि आलाकमान की शक्ति सिकुड़ रही है।

सोनिया गांधी के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के साथ, कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व संकट का सामना करना पड़ रहा है। राहुल गांधी 2019 में अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद भी पार्टी के वास्तविक शासक हैं। प्रियंका गांधी भी एक शक्ति केंद्र के रूप में उभर रही हैं, जैसा कि पंजाब के फैसले से देखा जाता है। पंजाब की कहानी गांधी परिवार के उन दो सदस्यों की बढ़ती ताकत की कहानी है जिन्होंने अपनी मां को कैप्टन अमरिंदर सिंह का बदलने के लिए राजी किया और उनकी जगह एक कमजोर नेता बना दिया। उन्होंने ही महत्वाकांक्षी नवजोत सिद्धू को बढ़ावा दिया, जिन्होंने कैप्टन की जगह लेने का लक्ष्य रखा था। कहानी खत्म नहीं हुई है क्योंकि सिद्धू अभी भी मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। कांग्रेस का जुआ पंजाब में काम करे या न करे क्योंकि समय बहुत कम है। कहानी का नैतिक यह है कि आलाकमान संस्कृति तभी तक सफल हो सकती है जब तक नेतृत्व मजबूत हो। यह इंदिरा गांधी के साथ क्लिक किया हो सकता है, लेकिन वर्तमान प्रशासन उनके राजनीतिक कौशल के करीब कहीं नहीं आता है। एक ही दवा हर समय काम नहीं करती। ममता बनर्जी जैसे क्षेत्रीय क्षत्रप निरंकुश तरीके से व्यवहार करते हैं।

आलाकमान की संस्कृति को अपनाने वाली पार्टी के साथ भाजपा भी बदल गई है। उदाहरण के लिए, भाजपा ने पिछले कुछ महीनों में कर्नाटक, उत्तराखंड और गुजरात में तीन मुख्यमंत्री बदले हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके गृह मंत्री अमित शाह सर्वशक्तिमान हैं। भाजपा की रणनीति इंदिरा गांधी युग के समान है। अंतत: वोटों को झोली में डालने की क्षमता रखने वाला ही होता है जो किसी भी राजनीतिक दल में मायने रखता है, यही वजह है कि वे सफल होते हैं।

## आप की बात

### स्कूल खुले, विश्वविद्यालय बंद

**वैश्विक** महामारी ने सभी क्षेत्रों को बुरी तरह हताहत किया है। लेकिन, लगातर हो रहे टीकाकरण ने, आकडों को नियंत्रित किया है। ऐसे में, फिर से लगभग सभी क्षेत्र खुल चुके हैं।फिर चाहें वो रेस्टोरेंट, होटल, टूरिज्म या फिर शिक्षा से जुड़े हों। भारत के कई राज्यों में पांचवी कक्षा से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों को बुलाया जा रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बारहवीं से नीचे कक्षा के विद्यार्थियों की उम्र अट्ठारह वर्ष से कम ही होती है।लेकिन बावजूद इसके, स्कूल पूर्ण रूप से खुल रहे, जिसमें बच्चों का टीकाकरण तक नहीं हुआ। वही दूसरी ओर वह विद्यार्थी जो स्नातकोत्तर और परा स्नातक के अंतिम वर्ष में हैं, उनके विश्विद्यालय और महाविद्यालय अभी भी बंद हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय समेत कई यूनिवर्सिटी हैं, जो अभी भी विद्यार्थियों को बुलाने में संकोच कर रहे। इसका विपरित असर, उनके भविष्य के आजीविका पर पड़ रहा। दिल्ली विश्वविद्यालय को इस विषय को अति गंभीरता से लेते हुए, सही और स्पष्ट निर्णय लेने की आवश्यकता है। विश्विद्यालय प्रबंधन इस बात को सुनिश्चित करे कि एक टीका तो सभी को लग चुका हो, और साथ ही आरटी पीसीआर रिपोर्ट नेगेटिव हो।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विवि

### ब्रिटेन का विवादास्पद निर्णय

**ब्रिटेन** ने भारत से टीकाकृत होकर आए भारतीयों को भी 10 दिन का क्वारंटाइन करने का निर्णय लिया है जिससे अनेक तरह के विवादों के संदेह का जन्म हुआ है। शायद ब्रिटेन को भारतीय टीकों पर भरोसा नहीं है। भारतीयों को 10 दिन का क्वारंटाइन आखिर किस लिए किया जा रहा है? हम इसे उचित नहीं मानते। इसीलिए स्वाभाविक रूप से आज भारत में इसी कारण इस निर्णय का काफी विरोध हो रहा है। आज हमारे देश की कोवीशीलड वैक्सीन पर क्या ब्रिटेन संदेह कर रहा है कि वह कारगर नहीं है अत: ब्रिटेन से पूछना चाहते हैं कि हमारे देश में टीकाकृत होकर आए हुए नागरिकों पर संदेह करना क्या उचित है इस तरह के ब्रिटेन के आदेश को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। आज हमारे विपक्षी दलों ने ब्रिटेन के आदेश को आश्चर्यजनक एवं नक्सलवादी भी कहा है हमारे देश भारत से भारतीय बच्चे ब्रिटेन में पढ़ाई के लिए जाते हैं तब यह आदेश इन सब के लिए परेशानी पैदा करने वाला है। हमारे भारतीय लोगों पर शक करना किसी भी तरह से उचित नहीं है हमारे यहां भी नियम कायदों का पालन होता है तब ब्रिटेन को भारतीयों को अपमानित नहीं करना चाहिए।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### आत्मनिर्भर भारत

**कैसे** कभी छोटी नजर आने वाली चीजें राष्ट्र को जोड़ने वाली बन कर सामने आ जाती हैं, इसका सबसे सटीक उदाहरण आज ''वोकल फॉर लोकल'' और ''आत्मनिर्भर भारत का आह्वान'' के रूप में देखने को मिल रहा है। कोविड-19 महामारी के भयावह आपदा काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भरता की अवधरणा को देश के सामने एक अवसर के रूप में रखा तो देश की जनता जर्नादन ने भी इसे अपनाने में पूरा उत्साह दिखाया। खिलौने के माध्यम से आत्मनिर्भरता और संस्कृति के साथ एक व्यवसायिक आत्मविश्वास की स्थापना हो सकती है, इसकी उम्मीद तो नहीं थी लेकिन नजर आने लगा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा समग्र सोच और स्पष्ट इरादों के साथ शुरु की गई नई पहल आज एक श्रेष्ठ भारत के सपनों को साकार करने में सहायक साबित हो रही है। गुजरात के केवडिया में ''स्टेच्यू ऑफ यूनिटी'' विश्व पर्यटन का आकर्षक केन्द्र बन चुका है। त्यौहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों की खरीदने की नई प्रवृत्ति जनमानस में दिखने लगी है।

– **नरेंद्र राठी**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**इन** नोटिसों के जारी होने के समय पर दृष्टि डालें। ये तब जारी की गई हैं जब आम आदमी पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है।

– **राघव चड्ढा**
आम आदमी पार्टी नेता

**इस** घोषणा के लिए स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीय का धन्यवाद कि भारत अत्यंत महत्वपूर्ण कोविड-19 वैक्सीनें भेजने की प्रक्रिया बहाल करेगा।

– **टीए घेब्रिएसस**
महानिदेशक डब्लूएचओ





**उग्रवादी** गुंडों ने मेरे दिल्ली स्थिति आवास में तोड़-फोड़ की? भीड़ ने साम्प्रदायिक नारे लगाए और मुझे जाने से मारने की धमकी दी।

– **असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम प्रमुख

# दिल से निकली हुई भाषाएं समझ में आती हैं हर किसी को

## जिले में सांकेतिक भाषाओं का मनाया गया अंतरराष्ट्रीय दिवस

### अन्य भाषाओं के साथ बच्चे सांकेतिक भाषा भी सीखें: आरती

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**विद्यांतरिक्ष** सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को सांकेतिक भाषाओं का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों ने सांकेतिक भाषा में अपना परिचय दिया।

दिवस के लिए स्कूल के बच्चों और स्टाफ ने विशेष रूप से लाल रंग की ड्रेस पहनी थी। दिल की आकृति बनाकर बच्चों ने ये सन्देश दिया कि दिल से निकली हुई भाषाएं सभी को समझ आती हैं उसके लिए शब्दों की जरूरत नहीं। बच्चों के एक समूह ने सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। बच्चों और स्टाफ को सम्बोधित करते हुए स्कू ल संस्थापक डाक्टर आरती ने कहा कि भाषाओं को ही संवाद का माध्यम माना गया है। हम मानकर चलते हैं कि भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन दिव्यांग बच्चे जो बोल और सुन नहीं सकते वो सांकेतिक भाषा के माध्यम से संवाद करते हैं। आज के दौर में समावेशी समाज के निर्माण की जरूरत बताते हुए डाक्टर आरती ने कहा कि आम भाषाओं के साथ-साथ हमें सांकेतिक भाषा भी सीखनी चाहिए। बधिर



बच्चों और व्यक्तियों को समाज का अभिन्न अंग बताते हुए हुए उन्होंने कहा कि हमारा संविधान सभी नागरिकों को बराबर का दर्जा देता है। जब किसी बधिर बच्चे या व्यक्ति से हम बातचीत नहीं कर सकते तो वो अपने आप को समाज से अलग महसूस करते हैं। इनसे हमें बात करने के लिए दुभाषिये की जरूरत पड़ती है। ऐसा न हो इसके लिए हमें अन्य भाषाओं के साथ कम से कम बेसिक सांकेतिक भाषा तो सीखनी चाहिए।

आज दुनिया भर में करीब 300 तरह की सांकेतिक भाषाओं का उपयोग किया जाता है। उन्होने बताया कि भारतीय आबादी के लगभग एक प्रतिशत लोग बधिर हैं। लेकिन हमारे देश में केवल 250 प्रमाणित सांकेतिक भाषा दुभाषिए हैं। इसलिए जब तक हम सब मिलकर इस दिशा में काम नहीं करेंगे एक समावेशी समाज का निर्माण असम्भव है। आरती ने कहा कि बधिरों के अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह के साथ ही हर वर्ष 23 सितंबर को दुनिया भर में सांकेतिक भाषाओं का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है।

## ताऊ देवीलाल की जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**भिवानी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जननायक जनता पार्टी द्वारा पूर्व उपप्रधानमंत्री युग पुरूष ताऊ देवीलाल की जयंती 108वीं 25 सितंबर को बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। ताऊ देवीलाल की जयंती के अवसर पर शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। ये जानकारी देते हुए जजपा जिला अध्यक्ष विजय गोठड़ा ने बताया कि ताऊ देवीलाल 108वीं जयंती पर स्थानीय आर्टो मार्केट स्थित ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर सुबह माल्यार्पण किया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान बने सतनाम सिंह



**कुरुक्षेत्र।** सर्किट हाउस में आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबद्ध हरियाणा कर्मचारी महासंघ एवं मार्ग शाखा कुरुक्षेत्र का त्रिवार्षिक चुनाव प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रांतीय महासचिव नरेंद्र धीमान विशेष तौर पर उपस्थित रहे। मीटिंग में कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। संगठन के वरिष्ठ नेता सुभाष डागर व प्रांतीय सह सचिव रामनिवास शर्मा ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया। कर्मचारियों को उनकी मांगों व समस्याओं के बारे में आश्वस्त किया। संगठन में चेयरमैन विकास कुमार, प्रधान सतनाम सिंह, वरिष्ठ उप प्रधान मेहर सिंह, सचिव संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, मुख्य संगठन कर्ता नरेंद्र सिंह, उप प्रधान अमित कुमार,कंबोज, सह सचिव गौरव कुमार चुने गए चुने गए। मीटिंग में हरियाणा कर्मचारी महासंघ के जिला सचिव अमरीक सिंह चट्ठा, प्रांतीय सह सचिव प्रवेश कुमार गोरी, शाखा लाडवा के प्रधान महेंद्र सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष सिकंदर कुमार, अनिल कुमार, सौरभ सिंगला, सतीश कुमार, राजेश शर्मा, रमेश कुमार, जसपाल सिंह, जगदीप सिंह उपस्थित रहे।

## गऊशाला बाजार में वैक्सीनेशन कैंप लगेगा कल

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति व श्री रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल की ओर से गऊशाला बाजार में 25 सितंबर को वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। श्री रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल के प्रधान सुधीर चुघ व सदस्य विनोद सहगल ने बताया कि कैंप सुबह 9 बजे शुरू होगा और कैंप में कोविशिल्ड की डोज लगाई जाएगी। सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी व मीडिया प्रभारी तरुण वधवा ने बताया कि कैंप में पहली व दूसरी डोज लगाई जाएगी। कैंप में आने वाले लाभार्थी को अपना आधार कार्ड साथ लाना होगा।

## जल संरक्षण के बारे में लोगों को किया जागरुक

**कुरुक्षेत्र।** नेहरु युवा केंद्र कुरुक्षेत्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिले के विभिन्न स्थानों पर कैच द रेन थीम पर जल संरक्षण के लिए कार्यक्रम करवाएं जा रहे हैं। जिला युवा अधिकारी मिशा ने कार्यक्रम के सन्दर्भ में बताया कि इस अभियान के तहत जहां भी, जब भी संभव हो वर्षा के जल का संग्रह करें। इस अभियान को जमीनी स्तर पर लोगों की सहभागिता से देश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक जन आंदोलन के रूप में शुरू किया गया है। अभियान के तहत केंद्र के वॉलंटियर गांव गांव जाकर लोगो को वर्षा जल संरक्षण, पानी की एक एक बूंद को बचाने के लिए जागरूक कर रहे है। युवा लीडर सुरेश सैनी, विजेता सैनी, गुरजीत कौर, कविता कश्यप व सभी स्वयंसेवक अमनप्रीत, वीरेंद्र, रितु, सुखचैन, मनप्रीत, संदीप, विशाल, मेजर, गुरमीत, शिल्पा, सुनील दत्त, साहिल, शुभम, जसविंदर, जगतार अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## 25 युवाओं ने रक्तदान कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र फायर एंड सेफ्टी इंस्टीट्यूट में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में भाजपा के महामंत्री एवं लाडवा के पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी मुख्यातिथि रहे, जबकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय यूथ रेडक्रॉस के फील्ड कोआर्डिनेटर राजेंद्र सैनी ने अध्यक्षता की। अनेक बार रक्तदान कर चुके शिक्षा विभाग के प्राचार्य भीम सैन, अधिवक्ता बलिंद्र सैनी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे और रक्तदान भी किया। मुख्यातिथि ने रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए कहा कि रक्तदान बहुत ही उत्तम और सराहनीय समाज सेवा का कार्य है। शिविर में इन 25 युवाओं ने रक्तदान के माध्यम से हरियाणा के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में प्राचार्य भीम सैन 37वीं बार, अंकित पुनिया, अजय पुनिया, मोहन लाल, अंकुर, विरेन्द्र सिंगला, राम कुमार, प्रवीण धीमान 51वीं बार, शुभम, नीरज भारती, कुलदीप कुमार, रविंद्र, प्रीतम, राजेंद्र, रमेश, अधिवक्ता बलिंद्र 36वीं बार, पंकज, शिक्षक दिलबाग सिंह 10वीं, अमित, राहुल, कुलदीप, गुरमीत, गोपाल, चमन लाल, सुशील आदि ने रक्तदान किया।

# रोजगार देने में विफल, बेरोजगारी दर में पहले पायदान पर : विधायक

### पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने कहा, 28 परीक्षाओं में पेपर लीक के हुए मामले

### आरोप लगाया, केंद्र सरकार ने लेबर ब्यूरो के ऐसे सर्वेक्षणों को रोक दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**पूर्व** मंत्री एवं तोशाम विधानसभा से कांग्रेस विधायक किरण चौधरी ने प्रदेश में बढ़ रही बेरोजगारी की दर पर चिंता व्यक्त करते हुए गठबंधन सरकार की नीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हरियाणा बेरोजगारी में सबसे अव्वल स्थान पर है, इससे स्पष्ट होता है कि सरकार का युवाओं को 75 फीसद नौकरी देने की घोषणा कागजों में ही सिमट गई है।

सीएमआईई सर्वेक्षण के मुताबिक अगस्त माह में हरियाणा में बेरोजगारी दर 35.7 फीसद है, मगर हैरानी की बात यह है कि गठबंधन सरकार इससे मानने को तैयार नहीं है।



एक बैठक को संबोधित करतीं तोशाम विस क्षेत्र की कांग्रेस विधायक किरण चौधरी। फाईल फोटो।

केंद्र सरकार ने लेबर ब्यूरो द्वारा ऐसे सर्वेक्षणों को रोक दिया और सीएमआईई इस क्षेत्र में लगी एक प्रतिष्ठित संस्था है। किरण चौधरी ने कहा कि सीएमआईई सर्वेक्षण रिपोर्ट का खंडन पर सरकार को कटघरे में खड़े हुए एनएफएसओ के आंकड़ों पर भी सवाल उठाया है।

सीएमआईई ने अपने सर्वेक्षण अगस्त 2021 में 5874 सैंपल (सर्वे में शामिल लोग) लिए हैं, जबकि एनएसएसओ के आंकड़े इससे पूरी तरह उल्ट हैं, उन्होंने 2607 सैंपल लिए हैं, जोकि ये आंकड़े 2019-20 के हैं, इतने कम लोगों को सर्वे में शामिल करके बेरोजगारी का आंकलन सही तरीके से नहीं किया जा सकता है। वहीं उन्होंने सरकार के उस ब्यान को भी हास्यपद बताया, जिसमें कहा गया है कि कोई भी बेरोजगार व्यक्ति नहीं है, जो मेट्रिक पास नहीं है। लाखों ड्रापआउट हैं, जो बेरोजगार हैं। किरण चौधरी ने भर्तियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं।

अभी तक, पुलिस कांस्टेबल, क्लर्क, कांस्टेबल और नायब तहसीलदार से लेकर 28 भर्तियां रद् की गई हैं, जिनके पेपर लीक के मामले सामने आए हैं। 470000 ग्रुप सी और डी पदों के लिए सीईटी की अंतिम तिथि 4 बार बढ़ाई गई है।

## क्लासरूम की कच्ची छत गिरी कई बच्चे और शिक्षिका घायल



गन्नौर के स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार करवाते नन्हें बच्चे। इनसेट में गन्नौर के एक प्राइवेट स्कूल में हुआ बड़ा हादसा

**सोनीपत।** जिले के गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के बाय गांव के पास जीवानंद स्कूल की छत अचानक टूट कर बच्चों पर गिर गई। इस हादसे में दर्जनों बच्चे घायल हो गए। जिनको गन्नौर के स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। कुछ अभिभावक तो अपने बच्चों को प्राइवेट हॉस्पिटलों में भी उपचार के लिए लेकर गए। प्रशासन मौके पर पहुंचा।

जिला शिक्षा अधिकारी को जांच सौंप दी गई है, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आप देख सकते हैं कि सोनीपत जिले के गन्नौर क्षेत्र में एक प्राइवेट स्कूल जीवानंद में बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए पहुंचे। अचानक कमरे की छत टूट कर बच्चों पर गिर गई। छत गिरने से स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में बच्चों के परिजनों को जैसे ही सूचना मिली वह अपने बच्चों को लेकर अस्पताल में उपचार कराने के लिए पहुंचे। फिलहाल बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। अधिकतर बच्चों को गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही गन्नौर के एसडीएम सुरेंद्र दुहन पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंचे। स्कूल के भवन का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने बताया कि यहां स्कूल प्रशासन की तरफ से लापरवाही बरती गई है।

# दांतों के एक्सरे में नहीं अब स्क्रीन पर दिखेंगे टीथहोल

### नई मशीन से जबड़े के पूरे भाग का हो जाता है डिजिटल एक्सरे

### सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी में लगी आरबीजी मशीन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**कच्चा** घेर स्थित सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लैब अब आरबीजी मशीन से डिजीटल एक्सरे होने से डेंटल ओपीडी आधुनिक सुविधाओं से पूरी तरह लैस हो चुकी है। डिस्पेंसरी में वीरवार को आरबीजी मशीन स्थापित की गई है। इस दौरान डिस्पेंसरी में दांतों का नि:शुल्क कैंप लगाया गया। जिसमें मरीजों के नि:शुल्क डैंटल एक्सरे किए गए।

डिस्पेंसरी में स्थापित की गई आरबीजी मशीन से अब दांत के मरीजों को डाक्टर द्वारा लिखे गए एक्सरे के लिए पर्ची व एक्सरे रिपोर्ट के लिए समय बर्बाद नहीं करना पड़ेगा। डैंटल चेयर पर उपचार करते समय डाक्टर को एक्सरे की जरुरत पड़ती है, तो डाक्टर सीधा आरबीजी मशीन के जरिए वहीं खड़े-खड़े लैपटॉप की स्क्रीन पर ही एक्सरे देख सकेगा। इसके बाद मरीज के उपचार किया जाएगा। इस सुविधा से स्टाफ ही नहीं, बल्कि दांतों की ओपीडी में पहुंचने वाले सैंकड़ों मरीजों को काफी राहत मिली है। इस मशीन से



डिस्पेंसरी में मरीज के दांतों का चेकअप करते दंत चिकित्सक।

#### उपचार करने में मिलेगी सहायता: डा. विजेंद्र

**दंत रोग** विशेषज्ञ डा. विजेंद्र ने बताया कि डिजीटल एक्सरे से डैंटल चेयर पर बैठे-बैठे ही जरुरत पड़ने पर एक्सरे कर दिया जाएगा। इससे उपचार करने में भी काफी सहायता मिलेगी। साथ ही एक्सरे करवाने में लगने वाले समय की भी बचत होगी।

जबड़े के टीथ होल समेत पूरे भाग का डिजिटल एक्सरे हो जाता है। साथ ही मुंह के अंदर कोई बीमारी, संक्रमण होने पर उसका भी पता चल जाता है। बाकायदा इस सुविधा के लिए ओपीडी में डेंटल चेयर के साथ ही एक्सरे मशीन लगाई गई है। ठीक उसके साथ ही एक लैपटॉप भी लगाया गया है। इसी के जरिए मुंह के अंदरूनी हिस्सा को बिना किसी देरी के चंद सेकेंड में स्क्रीन पर देखा जा सकता है। इस अवसर पर डिस्पेंसरी के स्थानीय अध्यक्ष एचसी मुंजाल, सदस्य जितेंद्र अरोड़ा, डा. विजेंद्र, डा. चेतना, डा. शालिनी, अंकिता, मीना, हेमन्त मौजूद रहे। स्थानीय अध्यक्ष एचसी मुंजाल ने बताया कि यह चेरिटेबल डिस्पेंसरी है, इसलिए यहां पर किफायती दरों पर मरीजों का इलाज किया जाता है।

# कुर्बानियों को कभी भी भूलना नहीं चाहिए: मीरा गौतम

### शहीदी दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**वात्सल्य** वाटिका प्राथमिक पाठशाला में हरियाणा शहीदी दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सुरेंद्र मेहता, मेहता सर्जिकल अस्पताल कुरुक्षेत्र और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ आनंद कुमार कु रुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र भौतिक विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुरुक्षेत्र इकाई के अध्यक्ष रहे।

कार्यक्रम में सबसे पहले देश को आजाद कराने वाले बलिदानों को पुष्प अर्पित कर नमन व याद किया



अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक।

गया। इसके बाद कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का परिचय व स्वागत और विद्यालय गतिविधियों से विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने अवगत करवाया। विद्यालय के छात्र गोलू द्वारा बहुत ही सुंदर देश भक्ति बांसुरी वादन की प्रस्तुति दी। इसके बाद मुख्य वक्ता के रूप में मीरा गौतम ने अपने शुभ संदेश में कहा कि हम सभी को अपने देश के बलिदानों की कुर्बानियों को कभी भी भूलना नहीं चाहिए। इस अवसर पर संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक, डॉ सुरेंद्र मेहता, डॉ आनंद कुमार, वात्सल्य वाटिका ट्रस्ट सचिव ओमप्रकाश गेरा, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह, मीरा गौतम, स्वाति गुप्ता, डॉ जिंदल, ईश्वर चंद, वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला कुरुक्षेत्र प्रबंध समिति के अध्यक्ष राकेश मेहता, विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी, विद्यालय आचार्यों मानवी सेतिया, पूनम सलूजा, सोनिया अग्रवाल, विजयलक्ष्मी और बच्चे मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश तुरंत प्रभाव से लागू करें प्रदेश सरकार: मामनचंद

**भिवानी।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग के लाखों बच्चों का भविष्य ध्यान में रखते हुए पिछड़ा वर्ग के क्रीमिलेयर संबंधी नई अधिसूचना जारी करने की मांग को लेकर भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाइजेशन (बीपीएचओ) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मामनचंद प्रजापति की अगुवाई में पिछड़ा वर्ग वर्ग के लोगों ने बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला, हरियाणा विधानसभा डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा व इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। लाखों बच्चों के भविष्य से होने वाले खिलवाड़ को रोके जाने की मांग की।

इस मौके पर मामनचंद ने कहा कि वर्ष 2016 में हरियाणा सरकार ने बीसी क्रीमीलेयर निर्धारण संबंधी जो असंवैधानिक अधिसूचना जारी की थी। इसके कारण वर्ष 2018 में पिछड़ा वर्ग के हजारों योग्य बच्चे मेडिकल सहित अन्य कोर्सो में दाखिला नहीं सके।

## मलेरिया व डेंगू की रोकथाम के लिए 141 टीमें गठित

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व स्वाइन फ्लू आदि बीमारियों की रोकथाम के लिए 141 टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों द्वारा उनके क्षेत्रों में बुखार-खांसी आदि के लक्षणों वाले व्यक्तियों के सेंपल करवाएं जाएंगे। यह अभियान सात दिन तक चलेगा। वहीं दूसरी ओर प्रत्येक रविवार को कोरोना महामारी से बचाव के लिए दूसरी डोज ही लगाई जाएगी। ये जानकारी द्यसिविल सर्जन डाक्टर रघुबीर शांडिल्य ने चिकित्सा अधिकारियों की बैठक में दी।

उन्होंने बताया कि विभाग के एसीएस राजीव अरोड़ा द्वारा भी वीसी के माध्यम से मलेरिया एवं डेंगू व मलेरिया आदि बीमारियों की रोकथाम के लिए जरूरी ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। सिविल सर्जन शांडिल्य ने बताया कि बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य वर्कर की टीमें बनाई गई हैं, जिसमें 22 टीमें शहरी क्षेत्र के लिए और 119 टीमें ग्रामीण क्षेत्र के लिए बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि ये टीमे सात दिन में अपने इलाकों में काम पूरा करेंगी। जरूरत के अनुरूप मच्छर मारने की दवाई का छिड़काव करवाया जाएगा।

## गर्भनिरोध का सही विकल्प चुनना जरूरी : डॉ. लवलीना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गर्भनिरोध** प्रजनन संबंधी स्वास्थ्य का अहम घटक है। सही गुणवत्ता वाले और किफायती गर्भनिरोधक विकल्पों तक पहुंच सभी का अधिकार है। इससे अनचाहे गर्भ ठहरने और गर्भपात के मामलों को रोका जा सकता है। कई तरह के यौनजनित रोगों से बचाव में भी इनकी भूमिका होती है। वर्ल्ड कंट्रासेप्टिव डे (विश्व गर्भनिरोधक दिवस) के मौके पर दिल्ली के रोजवॉक हॉस्पिटल की डॉ. लवलीना नादिर ने यह बात कही। हर साल 26 सितंबर को विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया जाता है।

डॉ. लवलीना ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी लोगों को उच्च गुणवत्ता वाले गर्भनिरोध विकल्पों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर हमारा फोकस रहा है, जिससे मां की सही सेहत सुनिश्चित हो और असमय जान जाने के मामले कम हों। यह जरूरी है कि लोगों को इस बारे में सही जानकारी हो कि गर्भनिरोधक माध्यमों का प्रयोग कब शुरू करना चाहिए। कब इन्हें रोका



डा. लवलीन।

जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी जरूरत और पसंद के हिसाब से गर्भनिरोधक का विकल्प चुनना चाहिए। सामान्य तौर पर गर्भनिरोधक प्रक्रियाओं को दो श्रेणियों में बांटा जाता है, अस्थायी और स्थायी। फर्टिलिटी के बारे में जागरूकता (कैलेंडर मेथड, बर्थ कंट्रोल एप, विदड्राल मेथड), बैरियर मेथड (कंडोम, डायफ्राम, सर्वाइकल कैप, कंट्रासेप्टिव स्पंज, स्पर्मिसाइडल जेली), इंट्रायूटरिन डिवाइस, हार्मोनल गोलियां, ट्रांसडर्मल पैच आदि अस्थायी श्रेणी में आते हैं। वहीं, पुरुषों में नसबंदी और महिलाओं में ट्यूबल लिगेशन को गर्भनिरोध की स्थायी श्रेणी में रखा जाता है।

### आकाश इंस्टीट्यूट की नेशनल स्कॉलरशिप और एएनटीएचई 2021 से

# पांच छात्रों को नासा की नि:शुल्क यात्रा का मौका मिलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी / कैथल

**आकाश** एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल), परीक्षा तैयारी सेवाओं में अग्रणी, की प्रमुख वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा, आकाश नेशनल टैलेंट हंट परीक्षा (एएनटीएचई) 2021 बारहवां संस्करण, इच्छुक डॉक्टरों और इंजीनियरों के लिए इंस्टीट्यूट की सबसे अधिक मांग वाले नीट और आईआईटी-जेईई कोचिंग कार्यक्रमों के लिए कक्षा सातवीं-बारहवीं के छात्रों को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति देगा।

एएनटीएचई 2021 पर टिप्पणी करते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश चौधरी ने कहा, चूंकि यह डॉक्टर और आईआईटीयन बनने के सपनों को उनके लिए संभव बनता है, इसलिए एएनटीएचई ने स्वाभाविक रूप से छात्रों से जबरदस्त प्रतिक्रिया हासिल की है और वर्षों से उनके माता-पिता ने सराहा है। मेडिकल कॉलेज की सीट प्राप्त करने या आईआईटी, एन ईटी या किसी अन्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित कॉलेजों के पोर्टल में प्रवेश करने में कोचिंग से एक छात्र को बहुत फर्क पड़ता है। जब से हमने 2010 में एएनटीएचई की शुरुआत की, हमारा उद्देश्य देश में कहीं भी पहुंच से बाहर और योग्य छात्रों तक हमारे उच्च मूल्य के कोचिंग कार्यक्रमों तक पहुंचना रहा है। एएनटीएचई हमें उन्हें नीट और आईआईटी-जेईई के लिए अपनी गति से तैयार करने का अवसर देता है, चाहे वे कहीं भी हों। हमें विश्वास है कि पिछले वर्षों की तरह, लाखों छात्र एएनटीएचई 2021 का उपयोग करेंगे और एक उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे।

एएनटीएचई 2021 देश के 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 4-12 दिसंबर, 2021 तक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम द्वारा आयोजित किया जाएगा। ट्यूशन फीस पर स्कॉलरशिप के अलावा टॉप स्कोर करने वालों को कैश अवॉर्ड भी दिया जाएगा।

इस वर्ष छात्रों के लिए एक नवीनता यह है कि सभी ग्रेड के 5 छात्रों को माता-पिता में से कोई एक के साथ नासा की नि:शुल्क यात्रा प्रदान की जाएगी। एक अतिरिक्त लाभ के रूप में, एएनटीएचई उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को मेरिटनेशन स्कूल बूस्टर कोर्स भी मुफ्त मिलेगा। मेरिटनेशन एईएसएल की सहायक कंपनी है।

एएनटीएचई ऑनलाइन एक घंटे की परीक्षा होगी जो सभी परीक्षा दिनों के दौरान सुबह 10:00 बजे से शाम 07:00 बजे के बीच आयोजित की जाएगी तथा ऑफलाइन परीक्षा 5 और 12 दिसंबर, 2021 को दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी 10:30 एएम-11:30 एएम और 04:00 पीएम- 05:00 पीएम बजे तक। ऑफलाइन परीक्षा आकाश इंस्टीट्यूट के देश भर में सभी 215+ केंद्रों पर कोविड -19 संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आयोजित किया जाएगा।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

जो जैसा है वो दिखता क्यों नहीं,
माल अच्छा है तो बिकता क्यों नहीं,
सबको पता है कि घमंड बुरी चीज है,
फिर भी इंसान झुकता क्यों नहीं।

# हरियाणा में धान पैदावार क्षेत्र दस फीसदी हुआ कम : मनोहर लाल

## केंद्रीय मंत्री की बैठक में सीएम ने दी रिपोर्ट

## सर्दियों के मौसम में होने वाले वायु प्रदूषण पर हुआ गहन मंथन

## यमुनानगर में हो फॉर्मल्डिहाइड उद्योग की स्थापना

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** फसल अवशेष जलाने और राज्य में सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण के मुद्दों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। ये बातें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बृहस्पतिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान कही।

भूपेंद्र यादव ने सर्दियों के मौसम से पहले 'एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्य योजना के कार्यान्वयन' पर चर्चा की। बैठक में दिल्ली के मंत्री, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से यमुनानगर में फॉर्मल्डिहाइड उद्योग को फिर से खोलने का आग्रह किया। मनोहर लाल ने कहा कि कुछ आपत्तियों के कारण इन उद्योगों को बंद कर दिया गया था, लेकिन बाद में इनके पुनः संचालन के लिए पंजीकरण शुरू किया गया था, परंतु दोबारा अदालत के आदेश के कारण यह इकाइयां बंद हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में जहां सीएनजी और पीएनजी पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां औद्योगिक इकाइयों को सीएनजी और पीएनजी में बदलने का काम पहले ही चरणबद्ध तरीके से किया जा चुका है। मनोहर लाल ने कहा कि राज्य में जहां अभी सीएनजी और पीएनजी पाइपलाइन नहीं है, उन क्षेत्रों में राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा पाइपलाइन बिछाने के काम में तेजी लाई जाए, ताकि इन पाइपलाइनों की अनुपलब्धता के कारण उद्योग बंद होने की स्थिति में न आएं। मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा का लगभग 47 प्रतिशत क्षेत्र एनसीआर क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इसलिए यह आग्रह है कि ऐसे सभी प्रावधानों को पूरे एनसीआर की बजाए, एनसीटी और दिल्ली के 10 किमी के दायरे में या 10 लाख आबादी वाले शहरों के 10 किमी के दायरे में या जिलों के अनुसार लागू किया जाना चाहिए।

### फसल अवशेष जलाने वाले गांवों को रेड, येलो और ग्रीन जोन में बांटा

**उन्होंने** कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने निगरानी और रोकथाम के लिए हरियाणा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एचएआरएसएसी) द्वारा फसल अवशेष जलाने की घटनाओं के उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर गांवों को विभिन्न जोन जैसे लाल (रेड), पीले (येलो) और हरे (हरे) जोन में वर्गीकृत किया है। कृषि विभाग ने चालू सीजन में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की है।

# शहीदों की शहादत से प्रेरणा ले युवा पीढ़ी: दत्तात्रेय



**चंडीगढ़।** देश व प्रदेश की वर्तमान युवा पीढ़ी को शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखंडता के लिए पूरे होश और जोश से कार्य करना होगा ताकि शहीदों का सुदृढ़ व समावेशी भारत का सपना साकार हो।

ये बातें हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुला राम व जाने अनजाने सभी वीर शहीदों को नमन करते हुए कही। उन्होंने आज राजभवन में राजा राव तुलाराम की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। देश में आज आजादी का अमृत महोत्सव का जश्न है। यह जश्न वीर शहीदों की बदौलत ही मना रहे हैं। उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुला राम को याद करते हुए कहा कि सभी वीर योद्धाओं की शहादत की बदौलत आज हम आजादी की खुली फिजा में सांस ले रहे हैं। 1857 की क्रान्ति में राव तुला राम ने अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया। जिससे देशभर के लोगों का मनोबल बढ़ा।

## राज्यपाल ने राजा राव तुलाराम की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

दत्तात्रेय ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी राजा राव तुला राम व सभी वीर शहीद आज युवाओं के आदर्श हैं। इसी की बदौलत आज देश की सेना में हर दसवां सैनिक हरियाणा का है। स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए लड़े गए युद्ध की बात की जाए तो प्रदेश के वीर सैनिकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# संक्षिप्त समाचार

## महिला किसानों को कटिंग और टेलरिंग का दिया प्रशिक्षण



**कुरुक्षेत्र।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि हिसार के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र में विभिन्न गांवो की महिला किसानों को कटिंग व टेलरिंग कार्य मे निपुण बनाने के लिए पांच दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बेहद कम समय व खर्चे में महिलाओं को जमीनी स्तर पर हुनरमंद काबिल एवं कौशल प्रदान कर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। कृषि विज्ञान केन्द्र कुरुक्षेत्र की जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ ललिता रानी ने बताया कि किसी भी देश के विकास में उस देश की शैक्षिक व्यवस्था का बहुत अत्यधिक महत्व होता हैं। ऐसी शिक्षा एवं प्रशिक्षण से तात्पर्य है जो कार्यकर्ता को अपने कार्य मैं निपुण बनाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा अपने वास्तविक उद्देश्यों और लक्ष्यों की प्राप्ति तभी कर सकती हैं जब वह शिक्षा व्यावसायिक शिक्षा हो। प्रशिक्षित महिलाएं इन कोर्सो को करके जमीनी स्तर पर हुनरमंद और काबिल बनते है और अपना अनुभव और काबिलियत अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी में भी दिखाते है। पांच दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण का शुभारंभ कृषि विज्ञान केन्द्र कुरुक्षेत्र के सीनीयर कोर्डिनेटर डॉ प्रध्युमन भटनागर ने किया। इस अवसर पर महिला सेविका सुरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## जनसंघर्ष मंच के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन




**कुरुक्षेत्र।** जनसंघर्ष मंच हरियाणा ने 23 सितंबर को ब्लैक डे के रूप में काली पट्टियां बांध कर रोष प्रदर्शन कर मनाया। मंच व यूनियनों के सदस्य सुबह पुराना बस स्टैंड थानेसर पर इकट्ठा हुए और केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ सभी ने काली पट्टियां बांधकर पहले बस स्टैंड पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी वहां से भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए थानेसर शहर के मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, मोती चौक ,कच्चा घेर से होते हुए अंबेडकर चौक पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों को मंच के प्रांतीय महासचिव सुदेश कुमारी, जिला सचिव चंद्र रेखा, उपाध्यक्ष उषा कुमारी, मनरेगा मजदूर यूनियन के प्रांतीय प्रधान नरेश कुमार, जिला प्रधान मेवाराम, निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के प्रांतीय प्रधान करनैल सिंह, जिला प्रधान चांदीराम ,रामचंद्र व अन्य मजदूर साथियों ने संबोधित किया। सभी ने चारों लेबर कोड को रद् करने की मांग की। मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की। मंच महासचिव सुदेश कुमारी ने मोदी सरकार को मजदूर किसान कर्मचारी विरोधी बताते हुए कहा कि मोदी व मनोहर सरकार के राज में नौकरियां तेजी से खत्म हो गई है, सैलरी भी घट रही है अगर नौकरी मिल भी जाए तो वह पक्की नहीं होती साधारण नौकरी की उम्मीद बंद होती जा रही हैं।

## समाज की 36 बिरादरी का करता हूं सम्मानः तीरथ राणा

**सोनीपत।** भाजपा जिला अध्यक्ष तीरथ राणा ने रेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वीडियो क्लिप के बारे में स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि मैं समाज की 36 बिरादरी का सम्मान करता हूं। किसी भी जाति, किसी भी बिरादरी के प्रति मेरे मुंह से कोई गलत शब्द नहीं निकला है। मेरे बयान का मतलब यह था कि मैं पंजाब सरकार के फेलुअर के बारे में वहां की सरकार नशे को रोकने के लिए फेल रही है। मेरा संदर्भ उस विषय में था। कांग्रेस गलत प्रचार कर रही है कि जिला अध्यक्ष ने पंजाबी समुदाय के प्रति गलत टिप्पणी की है। इस अवसर पर जिला महामंत्री योगेश पाल अरोड़ा, जिला मीडिया प्रभारी नीरज आत्रेय, पूर्व नगरपालिका के चेयरमैन अशोक अरोड़ा, तरुण देवीदास, आजाद नेहरा, रविंदर दिलावर, प्रदीप गौतम, जसबीर दोदवा मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने पंजाब में रचा राष्ट्र विरोधी षड़यंत्रः गृहमंत्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने पंजाब कांग्रेसाध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस हाईकमान द्वारा पंजाब में राष्ट्रविरोधी षड्यंत्र रचा गया है। कांग्रेस के इस खेल और साजिश को धराशाही करने के लिए पंजाब की तमाम राष्ट्रवादी शक्तियों व विचारधारा के लोगों को इकट्ठा होकर आने आना चाहिए। विज के एक ट्वीट करके पंजाब की राजनीति में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। अनिल विज ने अपने ट्वीट में नवजोत सिंह सिद्धू को जहां पाक समर्थित बता दिया है वहीं कैप्टन अमरिंदर सिंह को राष्ट्रवादी करार दिया है। विज के इस ट्वीट ने उन चर्चाओं को हवा दे दी है। जिसमें कहा जा रहा है कि अमरिंदर का अगला राजनीतिक पड़ाव भाजपा होगा।कैप्टन अमरिंदर सिंह ने जिस दिन से इस्तीफा दिया है उसी दिन से चर्चा है कि अमरिंदर सिंह अब भाजपा के माध्यम से अपनी राजनीति को आगे बढ़ाएंगे। पंजाब में फरवरी माह के दौरान विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री बदलने के बाद राजनीति गरमाई हुई है। गुरुवार की सुबह हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने अपने ट्वीट में कहा कि पाकिस्तान समर्थक और पाकिस्तान के राष्ट्रपति इमरान खान और जावेद बाजवा पाक सेना प्रमुख नवजोत सिद्धू और उनके सहयोगियों को पंजाब में सत्ता में लाने के लिए कांग्रेस की गहरी राष्ट्र विरोधी खतरनाक साजिश है ताकि भविष्य में पंजाब और पाकिस्तान एक साथ चल सकें।

# श्रीराम कृपा वाले भक्त पर संपूर्ण जगत की होती है दृष्टि : पाराशर

**कुरुक्षेत्र।** पुराना बाई पास रोड स्थित एक निजी पैलेस में पितर पक्ष के उपलक्ष में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित राजेन्द्र पाराशर ने माता सती द्वारा श्रीराम की परीक्षा लेना प्रसंग विस्तार से सुनाया। इस अवसर पर प्रेरणा संस्था की अध्यक्षा रेणु खुग्गर ने बतौर मुख्य अतिथि श्रीराम पूजन किया।

व्यासपीठ से आशीर्वाद देते हुए कथावाचक पंडित राजेन्द्र पाराशर ने खुग्गर को श्रीरामचरित मानस स्वरुप भेंट किया। अपने सम्बोधन में खुग्गर ने कहा कि अब के भौतिकवादी समय में श्रीरामचरितमानस के पदचिन्हों पर चलने की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कथा आयोजकों को बधाई देते हुए श्रोताओं से आह्वान किया कि वे रामायण की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें। श्रीराम कथा में कथावाचक पंडित राजेन्द्र पाराशर ने श्रोताओं को बताया कि श्रीरामचरित्र मानस श्रवण करने से मनुष्य का चरित्र अच्छा होगा, चरित्र अच्छा होने से उसका मन मस्तिष्क अच्छा होगा और जिसका मन मस्तिष्क अच्छा हो गया तो उसे ही श्रीराम प्रभु की कृपा प्राप्त होगी। गोस्वामी तुलसीदास जब पूरे जगत से उपेक्षित हो गए, कहीं सिर छुपाने की भी जगह नहीं मिली तब उन्होंने भगवान श्रीराम की शरण ग्रहण की।

श्रीरामशरण में आने के उपरांत उन्हें श्री राम कृपा प्राप्त हुई। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस पर श्रीराम कृपा हो जाए उसके उपर संपूर्ण जगत की दृष्टि का समावेश हो जाता है। इस मौके पर सुनाए गए भजन हमें निज धर्म पर चलना सिखाते हैं। श्रीराम कथा की आरती में पार्षद रेखा शर्मा, राजकुमार शर्मा, बालकिशन शर्मा, अनिल, साहिल, शुभम, मोहित, जगतार वर्मा, ऋतु भारद्वाज, रजनी गाबा, दया शर्मा व सीता देवी आदि शामिल रहे।




**प्रेरणा संस्था की अध्यक्षा रेणु खुग्गर को श्रीरामचरितमानस स्वरुप भेंट करते कथावाचक पंडित राजेन्द्र पाराशर।**

# मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद हमेशा रहेंगे प्रेरणा स्रोत

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**देश** की मातृभूमि के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगी। देश व प्रदेश की वर्तमान युवा पीढ़ी को शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य करना होगा, ताकि शहीदों का सपना साकार हो।

विश्व रोहिल्ला राजपूत संघ (ट्रस्ट) की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा हरियाणा की कार्यकारणी सदस्य अनीता रोहिल्ला वीरवार को अपने आवास पर हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम एवं सभी वीर शहीदों को नमन करते उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि आज हम आजादी की खुली फिजा में सांस ले रहे हैं। 1857 की क्रान्ति में राव तुला राम ने अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया, जिससे देशभर के लोगों का मनोबल बढ़ा। राव तुलाराम ने विदेशों में जाकर भी अंग्रजी शासन के खिलाफ बिगुल बजाया। स्वतंत्रता संग्राम के चलते मातृभूमि की रक्षा के लिए उन्होंने 38 वर्ष की आयु में काबुल में शहादत दे दी। देश की स्वतंत्रता के लिए 1857 मे उठी चिंगारी ने 90 साल के बाद 1947 में देश को स्वतंत्रता दिलाई। विश्व रोहिल्ला राजपूत संघ (ट्रस्ट) की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा हरियाणा की कार्यकारणी सदस्य अनीता रोहिल्ला ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी राजा राव तुलाराम व सभी वीर शहीद आज युवाओं के आदर्श हैं।

इसी की बदौलत आज देश की सेना में हर दसवां सैनिक हरियाणा का है। उन्होंने युवा पीढ़ी से अपील की है कि आज हम हमारे आदर्श वीर शहीदों के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर देश के लिए कार्य करें। अनीता रोहिल्ला ने कहा कि प्रथम स्वंतत्रता संग्राम में राव तुलाराम के संघर्ष को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। इसलिये हमे शहीदों के दिखाए रास्ते पर चलकर आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित करना चाहिए।



**अपने आवास पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन करती भाजपा ओबीसी मोर्चा हरियाणा की कार्यकारणी सदस्य अनीता रोहिल्ला।**

# अडानी-हेरोइन मुद्दे पर गोदी मीडिया अब खामोश क्यों

**करनाल।** गुजरात मे अडानी के पोर्ट परिसर में मिली 21 हजार करोड़ की हेरोइन के मामले की कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि एक अभिनेता के यहां कुछ ग्राम नशीला पदार्थ मिलता है तो बीजेपी आसमान सिर पर उठा लेती है। गोदी मीडिया दिन भर चलाता है। अब सभी खामोश क्यों हैं। उन्होंने बताया कि यह कोई नई बात नही है इससे पहले भी अडानी के पोर्ट से नशीले पदार्थ का भारी भरकम जखीरा मिला था। यह हेरोइन तालिवानी अफगानिस्तान से लाई जा रही थी।उन्होंने कहा कि नशीला पदार्थ निश्चित ही भारत के कई हिस्सों में जा कर युवाओं को नशेड़ी बनाता। इस घटनाक्रम के बाद बीजेपी अपनी स्थिति स्पष्ट करे। उन्होंने कहा कि मोदी भक्तों का चेहरा बेनकाब हुआ है। उन्होंने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। इसको उजागर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अडानी बीजेपी का खास था। अब सरकार इस मामले को दबा रही है। उन्होंने कहा कि देश के सामने अडानी का यह चेहरा उजागर हुआ है। इस मामले में गुजरात सरकार की भूमिका भी साफ होनी चाहिये।

# भारत सरकार के खाद्य सचिव ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भारत** सरकार के खाद्य विभाग के सचिव सुधांशु पांडेय ने अमीन रोड पर स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य सामग्री को चेक किया और मापदंडों के अनुसार भंडारण प्रणाली को चेक किया। इतना ही नहीं शांतिनगर में एक राशन डिपो को भी चेक किया।

लाभार्थियों से बातचीत करके सार्वजनिक वितरण प्रणाली की फीडबैक रिपोर्ट भी हासिल की है। भारत सरकार खाद्य विभाग के सचिव सुधांशु पांडेय ने कैथल जिला का दौरा करने के बाद कुरुक्षेत्र में सबसे पहले अमीन रोड पर एफसीआई के गोदाम को चेक किया। इस दौरान भारत सरकार के सचिव के साथ हरियाणा खाद्य आपूर्ति विभाग के अतिरिक्त प्रधान सचिव अनुराग रस्तोगी, विभाग के निदेशक विजय सिंह दहिया, उपायुक्त मुकुल कुमार, एफसीआई के महाप्रबंधक ओम प्रकाश ने गोदाम की जांच की है। इस दौरान केंद्रीय सचिव ने गोदाम में गेहूं व चावल के भंडारण की व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को भी चेक किया। केंद्रीय सचिव सहित अन्य अधिकारियों ने गोदाम को चेक करने के बाद शांति नगर में चरण जीत विजय कुमार के राशन डिपो का भी निरीक्षण किया। यहां पर केंद्रीय सचिव व अतिरिक्ति प्रधान सचिव सहित अन्य अधिकारियों ने राशन के डिपो पर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को चेक किया और मौके पर मौजूद लाभार्थियों से बातचीत करके सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बारे में पूछताछ की है। इन दोनों जगहों पर सभी कुछ ठीक पाया गया है। इस मौके पर जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक के के गोयल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



**एफसीआई गोदाम का निरीक्षण करते भारत सरकार खाद्य विभाग के सचिव सुधांशु पांडेय।**

# बारिश से हुए नुकसान का किसानों को मुआवजा देगी सरकार

## मुख्यमंत्री ने दिए विशेष गिरदावरी कराने के आदेश

## बारिश से कई जिलों में हुई फसल बर्बाद

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री जे पी दलाल ने कहा कि सरकार ने वर्तमान में हो रही बारिश के कारण किसानों की फसलों का खराबा आंकने के लिए स्पेशल गिरदावरी करवाने के निर्देश दिए है ताकि गिरदावरी का कार्य जल्द से जल्द पूरा कर किसानों को समय पर मुआवजा दिया जा सके।

सितंबर में इस बार सामान्य से 102 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। 11 वर्षों बाद यह सर्वाधिक बारिश हुई है। कृषि मंत्री बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बागवानी बीमा देश की पहली योजना है, जो किसानों, बागवानी एवं सब्जियों की फसलों को बीमित करेगी। उन्होंने कहा कि हिमचाल प्रदेश में केवल सेब के किसानों के लिए बीमा योजना लागू है। इस योजना के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि किसान हितैषी सरकार किसानों के लिए निर्णय लेने में कोई संकोच नहीं करती और किसानों को जोखिम फ्री करने और युवाओं को मधुमक्खी पालन, शहद, मशरुम, दूध की प्रोसेसिंग, मछली पालन आदि व्यवसाय से जोडने का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 8 से 10 प्रतिशत क्षेत्र बागवानी का आता है जिन किसानों के लिए कोई बीमा योजना नहीं थी। इस बीमा योजना में 21 फलों, सब्जियों एवं मसाला फसलों का शामिल किया गया है। बागवानी किसानों को विभिन्न कारकों के कारण भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ता था। यह योजना फसलों में अचानक बीमारी फैलने, कीटों के संक्रमण, बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, सूखा, पाला आदि से होने वाले नुकसान से किसान की भरपाई करेगी।



**खेत में बिछी पड़ी धान की फसल।**

### बागवानी किसानों को कैसे मिलेगा मुआवजा



**कृषि** मंत्री दलाल ने बताया कि बागवानी का उद्देश्य किसानों को उच्च जोखिम वाली बागवानी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत किसानों को सब्जी एवं मसाला फसलों के 30 हजार रुपये और फल वाली फसलों के 40 हजार रुपये का बीमा किया गया। इसमें किसानों को केवल 2.5 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करना होगा, जिसमें 750 रुपये और 1000 रुपये ही अदा करने होंगे। कृषि मंत्री ने बताया कि मुआवजा सर्वेक्षण और नुकसान दावे को 25 से 50, 75 और 100 प्रतिशत चार श्रेणियों में बांटा गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने जलभराव वाले क्षेत्रों से जल निकासी करके हर साल एक लाख एकड़ भूमि को कृषि योग्य बनाने की योजना तैयार की है। इस प्रकार प्रदेश की लगभग 10 लाख एकड़ भूमि जलभराव से मुक्त करने का लक्ष्य है। इसके अलावा किसानों को फसल विविधिकरण से निकालकर दलहन, तिलहन और बागवानी फसलों की ओर बढ़ावा देने पर बल दिया जा रहा है।

### प्रदेश की मंडियों में कल से खरीद शुरू होने पर संशय

**हरियाणा** सरकार द्वारा प्रदेश की मंडियों में 25 सितंबर से धान की खरीद शुरू करने का ऐलान किया गया है। धान की फसल के लिए 199 मंडियों को आरक्षित किया गया है। राज्य के ज्यादातर जिलों में पिछले तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने चेताया है कि 27 सितंबर तक प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि अब धान की फसल को पूरी तरह से तैयार होने में दस से पंद्रह दिन का समय लग सकता है। जिसके चलते कल से मंडियों में खरीद सुचारू रूप से शुरू होने कम संभावना है।

# बारिश ने आम जनजीवन किया अस्त-व्यस्त

## मंडियों व खेत में भीगा किसान का धान, भारी आर्थिक नुकसान की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**बेमौसम** बरसात ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेरने का काम किया है। लगातार दूसरे दिन वीरवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। वीरवार को जिले का अधिकतम तापमान 27 डिग्री व न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जिला में सुबह से जारी बारिश ने जहां आमजन को गर्मी से राहत पहुंचाई, वहीं बारिश के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ गई। बारिश के कारण किसानों की खेत में खड़ी फसल जलमग्न हो गई। वहीं बारिश के साथ चली तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी फसल जमीन पर बिछ गई। फसल जमीन पर बिछने से धान का झाड़ कम निकलेगा। दूसरी ओर अनाज मंडियों में भी प्रशासनिक व्यवस्था फेल होने के चलते धान बारिश की भेंट चढ़ गई। लगातार बरसात ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। बरसात थमने का नाम नहीं ले रही है। बारिश को देख कर लगता है कि इसका क्रम लंबा चलने वाला है, लेकिन किसान वर्ग इन दिनों में हो रही बरसात से काफी परेशानी में दिख रहा है। किसान परमजीत सिंह ने कहा कि अगर यही हालात रहे, तो किसान के सामने मरने की नौबत आ जाएगी। दूसरी ओर बारिश से सामान्य जीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कों पर जलभराव होने से समस्याएं विकराल रूप धारण कर गई हैं। बाजार व कॉलोनियों तालाब में परिवर्तित हो गई है। बारिश के चलते मजदूर वर्ग के ऊपर भी रोजी रोटी का संकट आन खड़ा हुआ है। हालांकि बरसात से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन समस्याएं भी ज्यादा मुखर हुई है। अगर किसान की बात करें, तो किसान बरसात से काफी आहत है। मंडियों में धान भीग चुका है, जिसे लेकर वे दुखी हैं। भले ही किसानों ने मंडियों में धान को बारिश से बचाने के लिए तरपाल वगैरह की व्यवस्था की है, लेकिन भारी बरसात के बीच यह व्यवस्था नाकाफी साबित हुई है। इसके अलावा बारिश से दूसरी फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। इस समय आलू की फसल की बिजाई चल रही है।



**मेन बाजार में जमा हुआ बरसात का पानी।**

# कोविड मृतकों के परिवारों को 50 हजार रुपये का मुआवजा भद्दा मजाक : कांग्रेस

### कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, कोविड से मौतों का सही आंकड़े जानने को फिर हो सर्वेक्षण

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की सिफारिश को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा कि यह शोक संतप्त परिवारों के साथ भद्दा मजाक है तथा सरकार के अहंकार एवं असंवेदनशीलता का प्रमाण है।

पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने केंद्र से यह आग्रह भी किया कि कोविड से मौतों का सही आंकड़ा पता करने के लिए फिर से सर्वेक्षण कराया जाए। संबंधित परिवारों को चिह्नित कर उन्हें पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए।



उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने कोविड-19 से जान गंवा चुके लोगों के परिजन को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की सिफारिश की है। केंद्र ने कहा कि कोविड-19 राहत कार्य में शामिल रहने या महामारी से निपटने के लिए तैयारियों से जुड़ी गतिविधियों में शामिल रहने के चलते संक्रमण से जान गंवाने वालों के परिजन को भी अनुग्रह राशि दी जाएगी। सुप्रिया ने संवाददाताओं से कहा, मोदी सरकार के ढोंग का एक बार फिर पर्दाफाश हो चुका है। पहले तो सरकार की विफलता के चलते लाखों लोगों की कोरोना काल में जान चली गई और अब शोक संतप्त परिवारों के घावों पर नमक-मिर्च रगड़ा जा रहा है। मृतकों के परिजन को मात्र 50,000 रुपये का मुआवजा देने की बात करना इन परिवारों के साथ भद्दा मजाक है। सुप्रिया ने आरोप लगाया कि यह सरकार के अहंकार और असंवेदनशीलता का प्रमाण भी है।

उन्होंने सवाल किया, जिस सरकार ने एक साल में मात्र ईंधन पर कर से चार लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कमाया है, क्या वह मात्र 22,000 करोड़ रुपये इन परिवारों को नहीं दे सकती? कांग्रेस प्रवक्ता ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, यह वही सरकार है। जिसने सबसे पहले उच्चतम न्यायालय में यह कहा था कि आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत कोविड महामारी को आपदा ही नहीं कहा जा सकता है।

इस कुतर्क को सर्वोच्च न्यायालय ने 30 जून, 2021 के अपने फैसले में पूर्णतः खारिज कर दिया था। उन्होंने दावा किया, न्यायालय के आदेश के बाद मोदी सरकार ने 22 सितंबर, 2021 को राज्य आपदा कोष से मात्र 50,000 रुपये दिए जाने का फैसला किया।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कर रहे अच्छा कामः भाजपा विधायक

**ठाणे।** महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक मंदा म्हात्रे ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की तारीफ करते हुए कहा कि वह राज्य में अच्छा काम कर रहे हैं। राज्य में विपक्षी दल की विधायक ने बुधवार को नवी मुंबई में पत्रकारों से यह भी कहा कि जब भी विपक्षी पार्टी समेत कोई भी व्यक्ति किसी भी काम के लिए ठाकरे से संपर्क करता है तो वह ध्यान से उसकी बात सुनते हैं और उपयोगी सलाह देते हैं। म्हात्रे ने कहा, मुख्यमंत्री अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठाकरे ने नवी मुंबई में एक सुपर स्पैशेलिटी अस्पताल की मंजूरी दे दी है। जिससे नागरिकों को काफी मदद मिलेगी। नवी मुंबई के बेलापुर से विधायक ने कहा, जब मुख्यमंत्री हमारी परियोजनाओं में सहायता करते हैं तो यह क्यों न कहा जाए कि वह अच्छा काम कर रहे हैं। जब यह कहा गया कि भाजपा ठाकरे की आलोचना करती है, तो विधायक ने कहा, एक मुख्यमंत्री पूरे राज्य के लिए होता है। राज्य के नेता के तौर पर उन्हें महत्वपूर्ण फैसले लेने पड़ते हैं। अगर हम कहते हैं कि वह अच्छा काम कर रहे हैं तो इसमें गलत क्या है। गौरतलब है कि म्हात्रे महाराष्ट्र में भाजपा की उन 12 महिला विधायकों में से एक हैं जिन्होंने बुधवार को ठाकरे को पत्र लिखकर राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराधों पर चिंता जताई।

### केन्याः लेक विक्टोरिया में एक नौका पलटने से सात की मौत

**नैरोबी।** लेक विक्टोरिया में एक नौका के पलटने से सात लोगों की मौत हो गई। केन्या के एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। होमा बे काउंटी के आयुक्त मूसा लिलान ने बताया कि लेक से मंगलवार को सात शव निकाले गए। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि चार लोग अब भी लापता हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे के समय नौका पर 19 यात्री सवार थे। हादसा तट से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर हुआ। काउंटी के आयुक्त ने बताया कि नौका में क्षमता से अधिक लोग सवार थे और सामान भी अधिक था। वहीं, नौका चलाने वाले फलिक्स ओमा का कहना है कि हादसा खराब मौसम के कारण हुआ।

### जे एंड के बैंक के पूर्व अध्यक्ष पीपुल्स कॉन्फ्रेंस में शामिल

**श्रीनगर।** भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे जम्मू कश्मीर बैंक के पूर्व अध्यक्ष परवेज अहमद नेंगरू बृहस्पतिवार को पीपुल्स कॉन्फ्रेंस में शामिल हो गए। सरकार द्वारा 2019 में बैंक के अध्यक्ष पद से हटाए गए नेंगरू पीपुल्स कॉन्फ्रेंस प्रमुख सज्जाद गनी लोन की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। पार्टी में नेंगरू का स्वागत करते हुए लोन ने कहा कि वह परिवर्तन लाने के लिए पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के आर्थिक एजेंडा को तैयार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, मैं दिल से परवेज साहिब का बदलाव के कारवां में स्वागत करता हूं। बैंकिंग क्षेत्र में उनका उल्लेखनीय करियर रहा है। लोन ने कहा, उनके कार्यकाल के दौरान, हमने देखा कि अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जम्मू कश्मीर बैंक के वित्तीय भाग्य को बदल दिया। वह जम्मू-कश्मीर के लोगों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए जम्मू कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के एजेंडे को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नेंगरू ने कहा कि वह जम्मू कश्मीर में सामाजिक-आर्थिक विकास के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए लोन के विचारों से प्रेरित हैं।

### धनशोधन मामले में देशमुख की याचिका पर 29 को सुनवाई

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धनशोधन मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को जारी समन के खिलाफ उनकी याचिका पर 29 सितंबर को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति एसएस शिंदे और न्यायमूर्ति एनजे जामदार की खंडपीठ ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) यदि आवश्यक हो तो याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल कर सकता है। देशमुख ने इस महीने की शुरुआत में ईडी द्वारा जारी किए गए पांच समन को रद्द करने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी और कहा था कि यह मामला राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है। बृहस्पतिवार को ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने मामले की डिजिटल माध्यम से सुनवाई की अपील की ताकि भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता एजेंसी की ओर से पेश होकर अपनी दलीलें पेश कर सकें। हालांकि, देशमुख की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विक्रम चौधरी और अधिवक्ता अनिकेत निकम ने तर्क दिया कि अदालत को किसी भी दंडात्मक कार्वाई से अंतरिम संरक्षण देने के लिए बृहस्पतिवार को ही मामले की सुनवाई करनी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह 29 सितंबर को याचिका में उठाए गए सभी तर्कों पर सुनवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने कहा, ईडी यदि आवश्यक समझे तो अपना जवाब दाखिल कर सकता है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इस साल 21 अप्रैल को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार और आधिकारिक पद के दुरुपयोग के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसके बाद ईडी ने देशमुख और उनके सहयोगियों देशमुख ने अपनी याचिका में कहा कि एजेंसी का पूरा मामला बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे द्वारा दिए गए दुर्भावनापूर्ण बयानों पर आधारित था, जो फिलहाल मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के पास विस्फोटक सामग्री रखी एक एसयूवी मिलने और कारोबारी मनसुख हिरन की हत्या के मामले में जेल में बंद हैं।

### हिंदू-मुस्लिम के पुराने मुद्दे पर लौटी भाजपाः मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विकास के अपने खोखले दावों का पर्दाफाश होने के बाद एक बार फिर हिंदू-मुस्लिम के पुराने संकीर्ण मुद्दे पर लौट आई है। मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले यहां भाजपा के विकास के दावों के खोखले होने का पर्दाफाश होने से अब यह पार्टी धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ और हिन्दू-मुस्लिम के पुराने संकीर्ण मुद्दे पर वापस आ गई है। मगर लोग फिर से उसके छलावे में आने वाले नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश के करोड़ों लोगों के गरीब और पिछड़े बने रहने संबंधी रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़े इस आम धारणा को प्रमाणित करते हैं कि भाजपा के विकास के दावे हवा-हवाई और जुमलेबाजी हैं। बसपा सुप्रीमो ने जानना चाहा, यहां इनकी डबल इंजन की सरकार में भी ऐसा क्यों है?

### झारखंड में दस रुपये में धोती, साड़ी एवं लुंगी योजना शुरू

**दुमका (झारखण्ड)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को दुमका में सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना आरंभ की। जिसके तहत गरीबों को सिर्फ दस रुपये में धोती, साड़ी एवं लुंगी वर्ष में दो बार मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को यहां आयोजित कार्यक्रम में सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस योजना के तहत बीपीएल कार्ड धारियों को मात्र 10 रुपये में साड़ी, धोती और लुंगी वर्ष में दो बार दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के 57 लाख लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन में अब तीन के बजाए छह अंडे देने का निर्णय सरकार ने लिया है। मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन 37 करोड़ 92 लाख 39 हजार 800 रुपए की 18 योजनाओं का उद्घाटन और 2 अरब 30 करोड़, 76 लाख 7 हजार 600 रुपये की कई योजनाओं की आधारशिला रखी।

### दूध पीने की जिद पर मां ने बेटे को जमीन पर पटका, मौत


**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में दूध पीने की जिद कर रहे एक बच्चे को उसकी मां ने कथित रूप से जमीन पर पटक दिया, जिससे बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने मां को गिरफ्तार कर लिया है। कोरबा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार को जिले के बालको थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर पांच में सात्विक राव (करीब ढाई वर्ष) ने दूध पीने की जिद की, तो उसकी मां प्रमिला राव (32) ने उसे कथित रूप से जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने प्रमिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि बुधवार शाम सात्विक राव दूध पीने की जिद कर रहा था। बच्चे के बार-बार दूध मांगने से प्रमिला को गुस्सा आ गया। उसने अपने बेटे को फर्श पर पटक दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जब घटना की जानकारी परिजनों को मिली, तो वे बच्चे को अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

अमेरिकी समाचार पत्र ने लिखा भारतीय अमेरिकियों के लिए

# मोदी की कमला हैरिस से मुलाकात बनी यादगार क्षण

### भारत के नेता का स्वागत करने वाली सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय-अमेरिकी बनेंगी हैरिस





एजेंसी। वाशिंगटन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ बृहस्पतिवार दोपहर को व्हाइट हाउस में आयोजित होने वाली बैठक को हैरिस के गृहराज्य के एक प्रमुख अमेरिकी समाचार पत्र ने भारतीय अमेरिकियों के लिए एक यादगार क्षण बताया। द लॉस एंजेलिस टाइम्स अखबार ने लिखा कि अमेरिका की पहली भारतीय-अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैरिस (56) मोदी से बृहस्पतिवार को मुलाकात करेंगी। इसी के साथ वह अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण सहयोगियों में शामिल देश के नेता का स्वागत करने वाली सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय-अमेरिकी बनेंगी।

यह हैरिस की मोदी (71) के साथ पहली बैठक होगी। मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रवासी भारतीयों के हितों की न केवल हिमायत की है, बल्कि विश्व स्तर पर भी उनके हितों के मामले उठाने पर कभी हिचकिचाहट नहीं दिखाई। प्रधानमंत्री विदेश यात्राओं में स्वयं भी भारतीय समुदायों के साथ संवाद करते है। कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस में दक्षिण एशिया कार्यक्रम के निदेशक मिलन वैष्णव ने कैलिफोर्निया स्थित समाचार पत्र से कहा, यह (मोदी-हैरिस की बैठक) समुदाय के लिए एक यादगार क्षण का प्रतिनिधित्व करती है। इस समुदाय में अब 40 लाख से अधिक लोग शामिल हैं।

समाचार पत्र ने कहा, नेताओं के बीच यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब बाइडन प्रशासन क्षेत्र में आर्थिक एवं सैन्य संबंध बनाकर चीन की बढ़ती शक्ति का जवाब देने की (अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप के प्रशासन की नीति को आगे बढ़ाते हुए भारत और अन्य एशियाई एवं प्रशांत देशों के और निकट जा रहा है। हैरिस ने मोदी से तीन जून को फोन पर बात की थी। सूत्रों ने बताया कि यह उनके बीच आमने-सामने की पहली बैठक होगी, जिसके लिए एक घंटे का समय निर्धारित किया गया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि हैरिस इस बैठक के दौरान अमेरिका और भारत के बीच सामरिक साझेदारी को और सुदृढ़ करेंगी। अधिकारी ने कहा था, यह बैठक दोनों नेताओं के बीच कोविड-19 से निपटने के संबंध में तीन जून को टेलीफोन पर हुई बातचीत को आगे बढ़ाएगी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच लोकतंत्र, मानवाधिकार, जलवायु और वैश्विक स्वास्थ्य के मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

यूसी रिवरसाइड में लोक नीति के प्रोफेसर कार्तिक रामकृष्णन 2008 से भारतीय अमेरिकी जनमत पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने द लॉस एंजिल्स टाइम्स को बताया कि उनका मानना है कि विदेश नीति में रुचि रखने वाले भारतीय-अमेरिकी इस बैठक पर करीब से नजर रखेंगे। हैरिस के माता-पिता दोनों प्रवासी थे। उनके अश्वेत पिता डोनाल्ड हैरिस जमैका के नागरिक थे। उनकी मां श्यामला गोपालन चेन्नई (भारत) की रहने वाली थीं। वह कैंसर अनुसंधानकर्ता और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता थीं।

## यूपी में महज पांच रुपये के लिए शराबियों ने बुजुर्ग दंपति को आग के हवाले किया

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में मिर्जापुर थानाक्षेत्र में नशे में धुत दो लोगों ने बुजुर्ग दंपति को महज पांच रुपये के लेन-देन के विवाद में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे दंपति झुलस गए। घायल दंपति को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वृद्धि दम्पति की पुत्री ने दोनों शराबियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अतुल शर्मा ने बताया कि थाना मिर्जापुर के मरोड़गढ़ में राजेन्द्र (67) और उनकी पत्नी कमलेश (65) अपने घर के सामने ही पान की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि अपनी दुकान में बेचने लिए केन में थोड़ा पेट्रोल भी रखते थे, ताकि कुछ मुनाफे के साथ बिक्री की जा सके। बुधवार शाम शराब के नशे में धुत आरोपी सावेज और हशमूद दंपति की दुकान पर आए और आधा लीटर पेट्रोल बाइक में भरवाया। राजेन्द्र ने इन लोगों से पेट्रोल के 55 रुपये मांगे लेकिन वे दोनों 50 रुपये पर अड़े हुए थे। पुलिस के मुताबिक पांच रुपए को लेकर राजेन्द्र और आरोपियों में कहासुनी हो गई। जिसके बाद दोनों ने दुकान पर रखा पेट्रोल उठाकर राजेन्द्र पर छिड़क दिया और आग लगा दी। बीच-बचाव में उनकी पत्नी पर भी आरोपियों ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## शिवसेना ने गैर भाजपा शासित राज्यों के राज्यपालों की तुलना दुष्ट हाथी से की




### कहा, वे अपने पैरों तले कानून और राजनीतिक संस्कृति को कुचल रहे

एजेंसी। मुंबई

**शिवसेना** ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र सहित गैर भाजपा शासित राज्यों के राज्यपालों की तुलना दुष्ट हाथी से की। आरोप लगाया कि वे अपने पैरों तले लोकतांत्रिक संविधान, कानून और राजनीतिक संस्कृति को कुचल रहे हैं।

महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का नाम लिए बगैर पार्टी ने अपने मुखपत्र सामना में यह आरोप भी लगाया कि केंद्र उन राज्यों की सरकारों को अस्थिर करने के लिए राज्यपालों का इस्तेमाल कर रहा है जहां भाजपा की सरकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि शिवसेना नीत महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार का राज्यपाल कोश्यारी के साथ असहज संबंध है।

कोश्यारी अन्य मुद्दों के अलावा राज्य सरकार के कोटा से 12 विधान पार्षदों की नियुक्ति को मंजूरी देने में विलंब करने के मुद्दे पर भी प्रदेश सरकार के निशाने पर हैं। शिवसेना ने कहा, गैर भाजपा शासित राज्यों के राज्यपाल दुष्ट हाथी की तरह हैं और उनके महावत नई दिल्ली में बैठे हुए हैं। इस तरह के हाथी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, कानूनों, राजनीतिक संस्कृति को अपने पैरों तले कुचल रहे हैं और नए मानक गढ़ रहे हैं।

संपादकीय में सवाल किया गया कि यह कितना उचित है कि राज्यपाल गैर भाजपा दलों की राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं। शिवसेना ने कहा कि इस तरह के प्रयास से देश की एकता प्रभावित हो रही है और यह आग से खेलने जैसा है।

इसने कहा कि याद रखा जाना चाहिए कि इस तरह का काम करने से अपना ही हाथ जल जाता है। इस तरह के काम के लिए राज्यपाल के पद का इस्तेमाल किए जाने से संवैधानिक ढांचा ध्वस्त हो रहा है।

---

# भोपाल गैस त्रासदीः कैंसर मरीजों का मुफ्त इलाज हो

### मध्यप्रदेश के उच्च न्यायालय ने सरकार को दिया निर्देश

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने भोपाल गैस त्रासदी के कैंसर पीड़ितों का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल में मुफ्त इलाज करने के प्रदेश सरकार को निर्देश दिए हैं। अदालत ने 16 सितंबर को यह आदेश जारी किया और इसकी प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई।

मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद रफीक और न्यायमूर्ति वीके शुक्ला की खंडपीठ ने भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन और नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया। याचिकाओं में वर्ष 1984 में हुई भोपाल गैस त्रासदी के प्रभावितों को चिकित्सा सुविधा देने का अनुरोध किया गया था। यूनियन कार्बाइड कारखाने से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था जिसमें 3,700 से अधिक लोग मारे गए और 5.58 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। गैस त्रासदी के प्रभावितों से संबंधित मुद्दों को देखने के लिए शीर्ष अदालत द्वारा गठित एक निगरानी समिति ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपी है।

अदालत के आदेश में कहा गया कि निगरानी समिति की ओर से उपस्थित अधिवक्ताओं ने बताया कि भोपाल मेमोरियल अस्पताल और अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) का नियंत्रण (आईसीएमआर) को सौंपने के बाद गैस पीड़ितों और अन्य रोगियों को प्रदान किए जा रहे उपचार और अन्य सुविधाओं के संबंध में कोई सुधार हुआ है या नहीं, इसके बारे में समिति फिर से निरीक्षण करेगी और फिर एक रिपोर्ट पेश करेगी।

# गिरजाघर प्रमुखों के साथ बैठक करेगी केंद्र सरकार : सुरेश गोपी

एजेंसी। तिरूवनंतपुरम

**भाजपा** के राज्यसभा सदस्य सुरेश गोपी ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार जल्द ही राज्य के गिरजाघर प्रमुखों के साथ बैठक करेगी, जिसमें उनकी चिंताओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। एक दिन पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विपक्ष के इस सुझाव को खारिज कर दिया कि एक कैथोलिक बिशप द्वारा नारकोटिक जेहाद के विवादास्पद बयान पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए।

अभिनेता से नेता बने गोपी ने कहा कि इस तरह की बैठक बहुत पहले आयोजित करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन राज्य की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इसमें तेजी लाई जाएगी। पाला बिशप जोसेफ कल्लरांगट का समर्थन करते हुए गोपी ने कहा कि बिशप ने किसी समुदाय के खिलाफ बुरी बात नहीं कही है। उनके नारकोटिक एवं लव जिहाद के बयान से दक्षिणी राज्य में विवाद पैदा हो गया है। गोपी ने यहां संवाददाताओं से कहा, केंद्र सरकार प्रभावित समुदाय (इस मामले में) को अपनी चिंताओं से अवगत कराने का अवसर देगी।



2019 में ही गिरजाघर प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक आयोजित करने की योजना बनाई गई थी। मुख्यमंत्री के इस बयान की तरफ ध्यान दिलाने पर कि नारकोटिक जेहाद को लेकर कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है, राज्यसभा के सदस्य ने कहा कि किसी भी पूर्व पुलिस प्रमुख ने अभी तक कैथोलिक पादरी द्वारा व्यक्त की गई चिंता को खारिज नहीं किया है। कलियट्टम के अभिनेता ने कहा कि उनका रूख भी किसी समुदाय को क्षुब्ध करने का नहीं है, लेकिन जैसा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए सामाजिक बुराई की अनदेखी नहीं की जा सकती है।

## वसुंधरा राजे ने नदी द्रव्यवती परियोजना को लेकर साधा निशाना

**जयपुर।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपने कार्यकाल की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक द्रव्यवती नदी परियोजना में कथित अव्यवस्था को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा। कहा कि राज्य सरकार इस परियोजना को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय जनहित के नजरिए से देखें।

राजे ने ट्वीट किया, द्रव्यवती रिवर फ्रंट ना सिर्फ हमारी भाजपा सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना थी, बल्कि जयपुर के लाखों लोगों की उम्मीद भी थी। इसके लिए हमने एक संकल्प लिया तथा हम 1,400 करोड़ रुपये की लागत से एक गंदे नाले को सुंदर एवं स्वच्छ नदी के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में आगे बढ़े। इस परियोजना का कार्य पूरा होते ही करीब 47 किलोमीटर लम्बे रिवर फ्रंट के रूप में एक नए, खूबसूरत एवं स्वच्छ जयपुर की छवि निखर कर सबके सामने आई थी।

---

# महाराष्ट्रः गड्ढे से मौत पर सड़क ठेकेदारों पर केस

### नारपोली पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक ने विज्ञप्ति में दी जानकारी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में गड्ढों के कारण लोगों की मौत के मामले में सड़क ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

नारपोली पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक मालोजी शिंदे ने बृहस्पतिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि ठाणे जिले के काशेली, अंजुरफाटा, भिवंडी, मनकोली और अन्य इलाकों में सड़कों में कई गड्ढे हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं और कई बार लोगों की मौत भी होती हैं। इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए भिवंडी के पुलिस उपायुक्त (जोन- 2) योगेश चव्हाण ने बुधवार को सरकारी अधिकारियों और संबंधित राजनीतिक नेताओं के साथ बैठक की।



विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक में चव्हाण ने कहा कि गड्ढों के कारण लोगों की मौत होने पर संबंधित सड़क ठेकेदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह भी कहा कि गड्ढों की समस्या का समाधान निकालने और खराब सड़कों की उचित मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए वह जल्द ही संबंधित मंत्रियों और अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के एक कार्यकारी अभियंता ने कहा कि गड्ढों को दैनिक आधार पर भरा जा रहा है, और ऐसी सड़कों को सीमेंट से ठीक करने तथा इन पर टोल संग्रह को निलंबित करने के लिए सरकार की मंजूरी के वास्ते एक प्रस्ताव भेजा गया है।

ऐसे ही एक मामले में मंगलवार को ठाणे शहर के घोडबंदर रोड पर गायमुख टोल बूथ के पास एक मोटरसाइकिल के गड्ढे में गिरने से 23 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने यह जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि 16 सितंबर को मुंबई-नासिक राजमार्ग पर मनकोली नाका पर मोटरसाइकिल के गड्ढे में गिरने से एक महिला और उसके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। वे गणपति उत्सव के दौरान अपने एक रिश्तेदार के घर पूजा करके अपने घर लौट रहे थे।

# सड़क दुर्घटनाः परिजनों को मिले 87 लाख रुपये

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने 2016 में एक सड़क दुर्घटना में मारे गए 36 वर्षीय व्यवसाई के परिवार को 87 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है। न्यायाधिकरण का 14 सितंबर को जारी इस आदेश की प्रति बृहस्पतिवार को उपलब्ध कराई गई।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश और एमएसीटी सदस्य एमएम वली मोहम्मद ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के मालिक और बीमा कंपनी को संयुक्त रूप से मृतक व्यक्ति के परिवार को मुआवजे का भुगतान करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही न्यायाधिकरण ने दावा दायर करने की तारीख से प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत के हिसाब से ब्याज के भुगतान का भी आदेश दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि यदि प्रतिवादी पक्ष दो महीने के भीतर मुआवजे का भुगतान करने में विफल रहता है, तो ब्याज राशि को बढ़ाकर 8 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया जाएगा। दावेदार राजस्थान के चुरू के रहने वाले हैं, जिनमें मृतक जीवराज सिंह की पत्नी, तीन बच्चे और माता-पिता शामिल हैं।

ट्रक मालिक ट्रिब्यूनल के सामने पेश नहीं हुआ और उसके खिलाफ एकतरफा मामला तय किया गया, जबकि बीमा कंपनी का प्रतिनिधि पेश हुआ। उसने विभिन्न आधारों पर दावे का विरोध किया गया। दावेदारों की ओर से पेश अधिवक्ता वी के सिंह ने न्यायाधिकरण को सूचित किया कि पीड़ति कपड़ा पैकेजिंग व्यवसाय से जुड़े होने के साथ साथ ब्रोकर भी था और उसकी वार्षिक आय लगभग 6.17 लाख रुपये थी।

# न्यू नोएडा का दूसरा मास्टर प्लान तैयार, प्राधिकरण को सौंपी रिपोर्ट

## गौतमबुद्धनगर-गाजियाबाद से होने वाली कनेक्टिवटी का खाका भेजा

## नए शहर में बुलंदशहर जिले के 60 गांव शामिल किया गया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**गौतमबुद्ध** नगर में नए नोएडा को बसाने से जुड़ी बड़ी खबर है। ग्रेटर नोएडा के दादरी से बुलंदशहर के खुर्जा के बीच बसने वाले न्यू नोएडा का मास्टर प्लान तैयार हो गया है।

जिसे नोएडा प्राधिकरण के अफसरों को दे दिया गया है। गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर जिला



**● स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर समेत कई कंपनियों मिलकर कर रही काम**

प्रशासन को इस नक्शे के बारे में शासन स्तर से सूचना दे दी गई है। नए नोएडा परिक्षेत्र के दायरे में आने वाले 80 गांवों में जमीन से जुड़ी सभी एनओसी पर नोएडा प्राधिकरण ने पहले ही रोक लगवा दी थी।

दादरी और बुलंदशहर के गांवों की जमीन पर बनने वाले नए नोएडा का मास्टर प्लान तैयार करने को लेकर स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर एसपीए ने काम में तेजी शुरू कर दी है। मास्टर प्लान से संबंधित दूसरी बार रिपोर्ट नोएडा प्राधिकरण को भेज दी है। इस रिपोर्ट का प्राधिकरण अधिकारियों ने अध्ययन शुरू कर दिया है।

नोएडा प्राधिकरण को नया मास्टर प्लान मिला है, उसमें मुख्य रूप से नए नोएडा की नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद से होने वाली कनेक्टिवटी का खाका भेजा है। इसको बसाने की जरूरत क्यों पड़ी, समेत अन्य जानकारी दी गई है। दरअसल, नियोजन विभाग इसका अध्ययन कर इसमें जरूरी बदलाव करेगा। इसके बाद उन कमियों को दूर करने के लिए वापस उसे भेजा जाएगा। एसपीए को मास्टर प्लान की पूरी रिपोर्ट तैयार कर अप्रैल 2022 तक नोएडा प्राधिकरण को देनी है। यह मास्टर प्लान जियोग्राफिक इंफार्मेशन सिस्टम जीआईएस यानी सेटेलाइट आधारित बनाया जा रहा है।

इसके लिए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर समेत कई अन्य कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। मास्टर प्लान से घर बैठे ही निवेशक नए नोएडा के सभी जोन और सेक्टर भूखंडों की जानकारी ऑनलाइन हासिल कर सकेंगे। नए नोएडा में बुलंदशहर जिले के 60 गांव शामिल हैं। हालांकि शासन ने 29 जनवरी 2021 को ही गौतमबुद्ध नगर के 20 और बुलंदशहर के 60 गांवों को नोएडा अथॉरिटी के क्षेत्र में नोटिफिकेशन कर दिया था। इसके बाद प्राधिकरण ने मौके के गांव का सत्यापन कर नक्शा तैयार किया था।

### ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ होगा निर्माण

*रिपोर्ट के मुताबिक नोएड अथॉरिटी ने नक्शे में न्यू नोएडा का खाका खींचा गया है। इसके मुताबिक ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे केजीपी के दोनों तरफ न्यू नोएडा क्षेत्र का दायरा होगा। प्राधिकरण ने दूसरे तरफके कुछ गांवों का रकबा भी चिन्हित किया है। इनमें कोट नयाबासरी फूलपुर खंडारा गिरिराजपुर आनंदपुर और कुछ अन्य गांव शामिल हैं। गांव और गांव की जमीन के हिसाब से ही मास्टर प्लान बनाया गया है। देश में आर्थिक विकास को गति देने के लिए दो इंडस्ट्रियल रेलवे फ्रेट कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं। करीब 1500 किलोमीटर लम्बा दिल्ली-मुंबई कॉरीडोर ग्रेटर नोएडा के दादरी से मुंबई में जवाहर लाल नेहरू पोर्ट तक है। दूसरा 1839 किलोमीटर लम्बा रेलवे कॉरिडोर कोलकाता से अमृतसर तक बनाया जा रहा है। इन दोनों रेलवे कॉरिडोर के बीच गौतमबुद्ध नगर जिले की दादरी तहसील के 20 गांव हैं। बुलंदशहर जिले की खुर्जा और सिकंदराबाद तहसीलों के 60 गांव हैं। इन 80 गांवों की जमीन पर नया नोएडा बसेगा।*

## 44 गांवों के किसानों को मिलेगा लीजबैक मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**जेवर विधायक ने सीएम योगी को कहा, धन्यवाद**

ग्रेटर नोएडा के दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 44 गांवों के मूल किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री ने इन सभी गांवों के किसानों की वर्षों से लंबित लीजबैक का लाभ देने की मांग को स्वीकार कर लिया है। साथ ही उन्होंने किसानों के अन्य जायज लंबित मामलों को भी संज्ञान में लिया है और इनके शीघ्र निस्तारण के लिए अफसरों को आदेश दिया है।

जेवर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद दिया। बातचीत में एमएलए धीरेंद्र सिंह ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा के किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। यहां के किसान लीजबैक और दूसरी अन्य मांगों को लेकर लंबे वक्त से प्रदर्शन कर रहे थे। इसका संज्ञान लेते हुए सीएम ने 44 गांवों के मूल किसानों को लीजबैक का लाभ देने को स्वीकृति दे दी है। साथ ही उन्होंने किसानों की अन्य जाए लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने को कहा है। इसके लिए संबंधित अफसरों को आदेश दिया गया है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया, वह लंबे वक्त से किसानों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को अवगत करा रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि जल्द ही किसानों की सभी शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। अब ग्रेटर नोएडा के 44 गांवों के किसानों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। इससे वह बेहद खुश हैं। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते लोगों की समस्याएं मुख्यमंत्री तक पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी है। उनके हल के लिए प्रयास करना उनका कर्तव्य है। जल्द ही इन 44 गांव के किसानों को लीजबैक का लाभ देने और दूसरे समस्याओं के हल की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## खंभे पर चढ़े लाइनमैन की करंट लगने से मौत



**गाजियाबाद।** विजय नगर थाना क्षेत्र सिद्धार्थ विहार बिजली घर में तैनात एक लाइनमैन की ब्रहमपुत्र एंक्लेव सोसाइटी सेक्टर 10 में लाइट ठीक करते हुए रात करंट लगने से मौत हो गई। मरने वाले लाइनमैन का नाम मनोज कुमार (24 वर्ष)है ।

वह मेरठ का रहने वाला था और यहां सिद्धार्थ विहार बिजली घर में रहता था। बुधवार की रात सवा 11 बजे ब्रहमपुत्र एंक्लेव में लाइट जाने पर ठीक करने गया था। जब वह खंभे पर चढ़कर लाइट ठीक कर रहा तो उसे करंट लगने गया और नीचे गिर गया। इस दौरान आसपास के लोग वहां पर एकत्र हो गए तथा लाइनमैन को इलाज के लिए अस्पताल ले गए मगर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### वित्त एवं विकास निगम ने शुरू की एकमुश्त समाधान योजना

**गाजियाबाद।** विकास निगम लिमिटेड ने ऋणों की अदायगी के लिए एकमुश्त समाधान योजना शुरू की है। इसके तहत एकमुश्त धनराशि जमा करने पर दंड ब्याज एवं चक्रवर्ती ब्याज माफ कर, देय ऋण पर मात्र 3 वर्षों का साधारण ब्याज लेकर उन्हें ऋण मुक्ति प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा एवं शेष वर्षों का कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि गाजियाबाद के पिछड़े वर्ग से संबंधित लोगों ने बड़ी संख्या में निगम की विभिन्न योजनाओं मसलन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, स्वच्छ कार्य मुक्ति एवं पुनर्वास योजना तथा अनुविनी योजना में ऋण प्राप्त किया है और ऋण की अदायगी निर्धारित अवधि में नहीं की है।

## गाजियाबाद में आठ थाना प्रभारियों का तबादला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पवन कुमार ने आठ थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शहर कोतवाली प्रभारी अमित कुमार का तबादला नंद ग्राम के थाना प्रभारी के रूप में किया है, जबकि पुलिस लाइन में तैनात अमित कुमार खारी को शहर कोतवाल बनाया है।

योगेंद्र मलिक को पुलिस लाइन से विजय नगर थाना का प्रभारी बना कर भेजा है, जबकि विजय नगर थाना प्रभारी महावीर सिंह को टीला मोड़ पर प्रभारी बनाकर भेजा गया है। पुलिस लाइन में तैनात मनीष बिष्ट को इंदिरापुरम का थाना प्रभारी बनाया गया है, वहीं सचिन मलिक को स्वाट टीम प्रभारी से हटाकर कौशांबी थाना प्रभारी बनाया गया है।

पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक आरसी पंत को ट्रोनिका सिटी का प्रभार दिया गया है, जबकि पुलिस लाइन में ही तैनात निरीक्षक योगेंद्र सिंह को मसूरी का थाना प्रभारी बनाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि इस परिवर्तन से कानून व्यवस्था और दुरुस्त होगी।

## आम्रपाली-सुपरटेक समेत सात बिल्डरों पर लगा जुर्माना

**सीईओ के आदेश के बाद ऑफिस-क्लब हाउस सील**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सोसाइटी में लगे एसटीपी को नहीं चलाने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सात बिल्डरों के खिलाफ कार्रवाई की। सातों बिल्डर सोसाइटियों पर 17 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

प्राधिकरण ने जुर्माने की रकम तीन कार्य दिवस में जमा करने के निर्देश दिए हैं, नहीं जमा कराने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। साथ ही ऐसी गलती दोबारा मिलने पर जुर्माने की रकम दोगुनी कर दी जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर जल-सीवर विभाग की टीम ने बिल्डर सोसाइटियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सात सोसाइटियों में खामी मिली।

कुछ सोसाइटियों में एसटीपी नहीं लगा है, जबकि कुछ सोसाइटियों में एसटीपी लगा है तो उसे कम चलाया जा रहा है। वहीं कुछ सोसाइटियों के एसटीपी के पानी को ड्रेनेज सिस्टम में डाला जा रहा था, जबकि इस शोधित पानी का इस्तेमाल पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए उपयोग करने का प्रावधान है। कुछ सोसाइटियों ने एसटीपी शुरू ही नहीं किया है। इसके चलते प्राधिकरण की टीम ने सातों बिल्डर सोसाइटियों पर जुर्माना लगा दिया है।



**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी का संचालन नहीं करने वाले चार अन्य बिल्डर सोसाइटी के खिलाफ कार्रवाई की है। इन चारों के ऑफिस और सोसायटी क्लब को सील कर दिया गया है। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सख्त आदेश देते हुए कहा है कि एनजीटी के नियमों का पालन नहीं करने वाले सभी बिल्डरों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाएगी। नोएडा प्राधिकरण की टीम ने सिक्का करनम ग्रीन्स, सेक्टर-108 में डिवाइन इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का डिवाइन मीडोज, जलवायु टावर, एल्डेको आनंद अपार्टमेंट में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्मित नहीं है। टीम ने बिल्डर के अधीन इन सभी के ऑफिस तथा सोसाइटी के क्लब को सील कर दिया।

## इंटीग्रेटेड औद्योगिक टाउनशिप में मिलेगी बिजली 24 घंटे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● जहांगीरपुर- सिकंद्राबाद से जोड़ा जाएगा सबस्टेशन**

देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में 24 घंटे बिजली मिलेगी। इसके लिए टाउनशिप में बने 220 केवी सबस्टेशन को जहांगीरपुर के साथ ही सिकंद्राबाद से भी जोड़ा गया है, ताकि एक लाइन से बिजली बाधित हो तो दूसरी लाइन से सप्लाई मिलती रहे।

दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डीएमआईसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त उपक्रम इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड आईआईटीजीएनएल की तरफ से करीब 750 एकड़ में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाई गई है। इसमें देश-विदेश की तमाम बड़ी कंपनियां निवेश कर रही हैं। अब तक पांच बड़ी कंपनियां अपना प्लांट भी लगा चुकी हैं। इनमें हायर इलेक्ट्रॉनिक्स फॉर्मी मोबाइल सत्कृति इंफोटेनमेंट चेनफेंग एलईडी कंपनी और जे वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। देश-विदेश की कई और भी बड़ी कंपनियां आईआईटीजीएनएल की इस टाउनशिप में निवेश की इच्छुक हैं। उनको 24 घंटे बिजली आपूर्ति दी जाएगी।

अत्याधुनिक सेवाओं से लैस यह टाउनशिप स्मार्ट तकनीक पर बसाई गई है। ऐसे में यह स्मार्ट सुविधाएं तभी आवंटियों को मिल सकेंगी, जब टाउनशिप को 24 घंटे बिजली मिलेगी। इसे देखते हुए आईआईटीजीएनएल ने इस टाउनशिप में बिजली का भी फुल प्रूफ प्लान बनाया है। बिजली की दिक्कत न हो, इसके लिए 220 केवी और 33,11 केवी के बिजलीघर बनाए गए हैं। 220 केवी सबस्टेशन की कुल क्षमता 240 एमवीए है।

ये गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन है। इस टाउनशिप के लिए दो जगहों से बिजली ली जा रही है। इस टाउनशिप तक एक लाइन जहांगीरपुर स्थित 765 केवी सबस्टेशन से जोड़ी गई है और दूसरी लाइन सिकंदराबाद स्थित 400 केवी सबस्टेशन से जुड़ी है। अगले महीने से सिकंद्राबाद वाली लाइन से भी बिजली आपूर्ति शुरू हो जाएगी। ऐसे में अगर जहांगीरपुर की लाइन से बिजली बाधित हुई तो सिकंद्राबाद से बिजली मिल जाएगी। बता दें कि जहांगीरपुर की लाइन से बिजली आपूर्ति पहले ही शुरू हो चुकी है।

## हापुड़ जिले में आदर्श ग्राम पंचायत बनेगीः आशुतोष

**हापुड़।** जिले में 25 सितंबर तक ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण ब्लॉक स्तर पर चल रहा है।

पंचायती राज में राष्ट्रीय प्रशिक्षक आशुतोष शर्मा ने बताया की हापुड़ जिले में 4 ब्लॉक हैं जिसमें 273 ग्राम पंचायतें हैं, ब्लॉक स्तर पर सभी ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण जारी है। यूपी में प्रत्येक जिले में ग्राम प्रधानों के प्रशिक्षण चल रहे हैं और 31 अक्टूबर तक यह प्रशिक्षण जारी रहेंगे। आशुतोष शर्मा ने 24 सितंबर को हापुड़ ब्लॉक में प्रशिक्षण जारी रहेगा और सभी ग्राम प्रधानों को ग्राम सभा, ग्राम पंचायत, ग्राम पंचायत विकास योजना, सतत विकास लक्ष्य, ग्राम पंचायतों के मिलने वाले पुरस्कार, मॉडल ग्राम पंचायत के मानक, राज्य और केंद्रीय वित्त आयोग, जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान, जिला पंचायत राज अधिकारी विरेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, ब्लाक प्रमुख हापुड़, एडीओ पंचायत संजय कुमार, प्रशिक्षक प्रियंका कुमारी, प्रशिक्षक हरकीरत सिंह मौजूद रहे।



## घंटाघर चौक पर बनेंगे यूटर्न यातायात होगा सुचारू

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

घंटा घर बाजार शहर का प्रमुख केंद्र होने के कारण जीटी रोड पर ट्रैफिक अधिक रहता है। जाम के समाधान के लिए प्रशासन द्वारा सड़क के डिवाइडरों को बंद कर दिया गया, जिससे ट्रैफिक जाम में तो राहत मिली लेकिन इधर से उधर जाने वाले वाहनों को बहुत कठिनाई होने लगी, जिसको लेकर घंटाघर के सभी व्यापारी नेताओं ने अपनी समस्या को राज्यमंत्री अतुल गर्ग के समक्ष रखा।

अतुल गर्ग ने अपने प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर सयोजक अनुज मित्तल को सभी व्यापारियों व प्रशासनिक अधिकारों को एक साथ बैठाकर इस समस्या का हल निकलवाने के निर्देश दिए, जिसके चलते ट्रैफिक इंस्पेक्टर परमहंस तिवारी और पीडब्ल्यूडी के जेई, एई तथा व्यापार मंडलों के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां सभी ने समस्या के समाधान के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया। घंटाघर चौक के दोनों तरफ स्थायी यू-कट बनाये जाएंगे तथा चौक पर पैदल पार करने के लिए सड़क से कुछ ऊंचा रास्ता बनाया जाएगा।

## नोएडा में लगेगा यूपी का पहला एंटी स्मॉग टावर

**बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सेक्टर-16ए फिल्म सिटी के पास डीएनडी के किनारे ग्रीन बेल्ट पर लगेगा**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** अथॉरिटी ने शहर की हवा को स्वच्छ करने के लिए पहला एंटी स्मॉग टावर लगाने की योजना तैयार की है। यह टावर सेक्टर-16ए फिल्म सिटी के पास डीएनडी के किनारे ग्रीन बेल्ट पर लगाया जाएगा। इसका सारा खर्चा नवरत्न कंपनी भेल वहन करेगी। अथॉरिटी को हर साल इसे चलाने में जो खर्च आएगा, उसकी आधी धनराशि देनी होगी।

दरअसल, प्राधिकरण शहर के लोगों को गुणवत्तापूर्ण वायु देने के लिए लगातार प्रयासरत है। हालांकि



फाइल फोटो

करीब 6 महीने तक शहर और जिले में एक्यूआई अच्छा नहीं रहता है।

अनुमान के मुताबिक नोएडा अथॉरिटी को 18.50 लाख रुपये प्रतिवर्ष इस पर आने वाला खर्च देना होगा। प्राधिकरण इस प्रस्ताव को 24 सितंबर को होने वाले बोर्ड की बैठक में पेश करेगा। भेल ने अथॉरिटी को पत्र भेज कर बताया है कि मंजूरी मिलते ही 60 दिन के अंदर प्लांट को बनाकर उसे शुरू कर दिया जाएगा।

कुछ दिनों पहले ऐसा ही एक एंटी स्मॉग टावर दिल्ली में भी लगाया गया है। यह नोएडा का ही नहीं, बल्कि यूपी का पहला एंटी स्मॉग टावर होगा। सेक्टर-16 कॉमर्शियल और सेक्टर-17 में टाउनशिप है। यहां हजारों लोग काम करते हैं और रहते हैं। इसीलिए इस इलाके की हवा को सुधारने के लिए पहल की गई है। अथॉरिटी ने एंटी स्मॉग टावर लगाने पर सहमति जताई है। डीएनडी के पास सेक्टर-16ए में ग्रीन बेल्ट पर करीब 400 वर्ग मीटर की जमीन पर यह टॉवर लगाया जाएगा।

इस एंटी स्मॉग टावर के लगने से आसपास के 14 सेक्टरों में वायु प्रदूषण कम हो जाएगा। लोगों को ज्यादा स्वच्छ हवा मिलेगी। जहां पर यह टावर लगाए जाएंगे वहां तकरीबन 1 किलोमीटर के दायरे की हवा साफ हो जाएगी। इस टावर के दायरे में आने वाले सेक्टर-16, 16ए, 16बी, 17ए, 18, डीएनडी और ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की हवा का स्तर सुधर जाएगा। जिससे लाखों लोग स्वच्छ हवा में सांस ले सकेंगे।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

दिन आर्थिक दृष्टि से शुभ फलदाई है। व्यक्तिगत कार्यों में सफलता मिलने से मानसिक शांति अनुभव करेंगे। कठिन कार्य को पूरा करने की क्षमता रखेंगे। दूसरों की बातों में आकर नुकसान कर बैठते हैं। इसलिए स्वयं पर भरोसा रखकर कार्य करेंगे, तभी सफलता प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में कुछ नए अनुबंध प्राप्त होंगे, जो आर्थिक दृष्टि से फायदेमंद साबित होंगे। अभी स्थिति यथावत ही रहेगी।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** देवी लक्ष्मी की आराधना करें।

### वृष
(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

उच्च अधिकारियों से मधुर संबंध बनाकर रखें। आर्थिक मामलों में थोड़ा संभल कर चलें। स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें। नए मित्र बनेंगे, परंतु थोड़ा सावधान रहें। यात्रा में सावधानी बरतें संतान के मामले में थोड़ी समस्या या चिंता हो सकती है। परीक्षा-प्रतियोगिता या नई नौकरी के साक्षात्कार के लिए अच्छा समय है। आज का दिन शानदार है।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** सूर्य देवता के सामने खड़े होकर गायत्री मंत्र का जाप करें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

आज ऐसी बात सामने आ सकती है, जिससे परेशान हो सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में अधिकारियों से पूर्ण सहयोग प्राप्त प्राप्त करेंगे। अदालती मामलों में किस्मत साथ देगी। नौकरी में इच्छा विरुद्ध अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी। ऑफिस में स्थिति ठीक बनी रहेगी। काम तय समय में पूरा कर लेंगे। कोई नुकसान की खबर भी मिल सकती है।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** बेसन का हलवा बनाकर गरीबों में बांटे।

### कर्क
(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

लोगों से संबंध बढ़ाने के लिहाज से दिन अच्छा है। कॅरियर के बारे में संभावनाएं ज्यादा साफ होती जाएंगी। आपके प्रस्ताव भी ज्यादातर लोग मान सकते हैं। काम और जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान दें। कामकाज और कॅरियर में नई बातें पता चल सकती हैं। करीबी लोगों से रिश्ते मजबूत हो सकते हैं। अचानक धन लाभ से खुश हो सकते हैं। परिवार में वातावरण अच्छा रहेगा।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** महालक्ष्मी की विष्णु के साथ आराधना करें।

### सिंह
(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

आजआत्मबल व आत्मविश्वास की प्रबल भावना रहेगी। संपर्क सूत्रों को और अधिक मजबूत बनाएं। अति आत्मविश्वास की वजह से नुकसान भी सहना पड़ सकता है। अपनी कमी पर ध्यान दें। आलस को भी अपने ऊपर हावी न होने दें, इसकी वजह से कुछ उपलब्धियां हाथ से निकल सकती हैं। मार्केटिंग संबंधी कार्यों में अधिक समय व्यतीत होगा।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** छोटी कन्याओं में बर्फी बांटे।

### कन्या
(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

वित्तीय क्षेत्र में उठाए गए कदम सफल होंगे। आय का एक अतिरिक्त स्रोत भी स्थापित हो सकता है। भूमि क्रय-विक्रय के संदर्भ में कमीशन के माध्यम से आर्थिक लाभ संभव हैं। व्यवसाय रचनात्मक क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, तो आपको प्रतिभा दिखाने और खुद का नाम बनाने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सामंजस्यपूर्ण रहेगा और परिवार में शादी या संतान के जन्म संबंधित शुभ घटनाएं घटित हो सकती हैं।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** देवी लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करें।

### तुला
(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

रुटीन कामों में किसी की मदद नहीं मिल पाएगी। व्यक्तिगत जीवन में कुछ महत्वपूर्ण घटित होगा, आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं, जो आपके जीवन को अधिक आरामदायक बनाएंगे। व्यर्थ के विवादों से दूर रहने का प्रयास करें। जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। मुश्किल परिस्थितियों का सामना करते हुए साहस को बनाए रखना होगा।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** मंदिर में हल्दी मिले दूध का दान करें।

### वृश्चिक
(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

कई चीजों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिल सकती है। नई जानकारियां मिलेंगी। अकेले ही सारा काम करने की इच्छा मन में हो सकती है। लोग आपसे प्रभावित हो सकते हैं। पैसों से जुड़े कुछ नए मौके मिल सकते हैं। समय साथ रहेगा। किसी खास मामले में सही समय पर सही जगह मौजूद हो सकते हैं। इससे आप मौके का फायदा उठा सकते हैं। बिजनेस में प्रगति के योग हैं।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** श्री सुक्तम का पाठ करें।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

प्रॉपर्टी से संबंधित रुका हुआ काम हक में हो सकता है। रिश्तेदारों के विवाद पूर्व मामले में आपका सहयोग निर्णायक रहेगा। बुद्धिमानी व सूझबूझ की चर्चा भी होगी। कोई भी हस्ताक्षर करने से पहले दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। बेहतर है कि इन गतिविधियों को स्थगित रखें। कार्य क्षेत्र में किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज न करें। कर्मचारी का नकारात्मक रवैया परेशानी का कारण बन सकता है।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** लक्ष्मी मंदिर में देसी घी का दिया जलाएं।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

आज चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। साहस और संगठित कार्य के बल पर आसानी से चुनौतियों से निपट सकते हैं। आकस्मिक समस्या का सामना भी करना पड सकता है। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों के लिए लंबी दूरी की यात्रा से संबंधित कार्य सफल होगा और भविष्य में अच्छे परिणाम आएंगे। धन की आमद अच्छी रहेगी, खर्च भी अधिक रहेगा। एकल व्यक्तियों को अच्छा विवाह प्रस्ताव मिल सकता हैं।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** पंचपात्र का दान करें।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

विरोधियों पर विजय से संतुष्टि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। पारिवारिक सदस्यों का बिगड़ता स्वास्थ्य और संपत्ति के मामलों पर विवाद निरंतर तनाव में रखेंगे। मानसिक शांति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। जल्दबाजी में कुछ ऐसी बात कह सकते हैं, जिससे आपके काम बिगड़ की संभावना है। कोई पुराना लोन बाकी रहा हो तो आज वो चुका देंगे।

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** चीनी का दान करें।

### मीन
(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

अपने विचार साफ तौर पर रखें। कारोबार में लोग सहमत होकर आपकी बात भी मान सकते हैं। ऑफिस और बिजनेस के मामले में सफलता वाला दिन हो सकता है। कोशिश करेंगे तो किसी खास व्यक्ति को प्रभावित करने में सफल हो सकते हैं। भरोसेमंद दोस्त से मदद लेकर ही कोई काम करें। अचानक होने वाली मुलाकात प्रेम संबंधों की शुरुआत करवा सकती है। आत्मविश्वास बढ़ सकता है।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** माथे पर चंदन का टीका लगाएं।

**क्या आप स्किन प्रोब्लम्स से परेशान हैं और ढेरों ब्यूटी प्रोडक्ट्स भी ट्राई कर चुकी हैं, तो अब जरूर शामिल करें खीरे को अपनी स्किन केयर में। कुछ ही अप्लाई के बाद आपकी स्किन प्रोब्लम्स गायब होने लगेंगी।**

# खीरा है स्किन के लिए हीरा



गर्मियों में हमारे फ्रिज में शरीर को ठंडक देने वाले फ्रूट्स जैसे तरबूज, खरबूजे, लीची की भरमार होती है। और अगर फ्रूट्स में बात करें खीरे की तो इससे ज्यादा ठंडा और बेस्ट कुछ नहीं। क्योंकि ये न सिर्फ हमारी हेल्थ के लिए बल्कि हमारी स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। क्योंकि ये विटामिन्स, मिनरल्स और ढेरों न्यूट्रिएंट्स से जो भरपूर होता है और इस बात को बहुत कम लोग जानते हैं कि खीरे में फाइबर होने के साथ साथ 96 पर्सेंट वाटर होता है, जो वजन को कम करने में काफी मददगार होता है। इसमें मौजूद सिलिकोन तत्व स्किन की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है। इसके रोजाना सेवन व स्किन पर इस्तेमाल करने से स्किन अंदर व बाहर से चमक उठती है।

## सनटेन का नेचुरल ट्रीटमेंट

सनटेन सिर्फ गर्मियों में ही नहीं बल्कि ये समस्या हर मौसम में होती है, जिसे बहुत कम लोग जानते हैं। ऐसे में चाहे कितनी भी स्किन की क्यों न केयर कर ली जाए फिर भी सनटेन की समस्या हो ही जाती है और अगर एक बार चेहरे पर सनटेन हो गया फिर तो जानकारी के अभाव में न जाने हम कितने पैसे इस समस्या को ठीक करने के लिए ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर लगा देते हैं, जबकि इसका ट्रीटमेंट आपकी किचन में उपलब्ध है। जिसे आप रोजाना अपने सनटेन वाले एरिया पर लगाकर कुछ ही दिनों में अपनी पहले जैसी स्किन पा सकेंगी।

**कैसे करें अप्लाई:** इसके लिए आप एक बाउल में खीरे को कस कर उसका जूस निकाल लें। फिर इसे अपने पूरे चेहरे पर अप्लाई करके 15 मिनट के लिए छोड़ दें। और फेस को धो लें। ऐसा आप 1 महीने तक रोजाना करें। इससे आपको सनटेन की समस्या से पूरी तरह से निजात मिलेगा। क्योंकि खीरे में कूलिंग इफेक्ट होता है, जो स्किन को ठंडक पहुंचाने का काम करता है। वहीं इसमें विटामिन सी की मौजूदगी स्किन को मोइस्चर प्रदान करने का काम करती है।

## खोई रंगत को लौटाए

धूलमिट्टी व प्रदूषण के कारण स्किन का नेचुरल ग्लो खत्म होने लगता है। स्किन डल सी दिखने लगती है। ब्यूटी प्रोडक्ट्स भी स्किन के नेचुरल ग्लो को वापस नहीं ला पाते हैं। ऐसे में जब भी हमारी नजर हमारे चेहरे पर पड़ती है, तो हम मन ही मन बस यही सोचते हैं कि हमारे चेहरे को क्या से क्या हो गया। कैसे हमारी स्किन पर पहले जैसा ग्लो आ पाएगा, तो आपको बात दें कि आपके चेहरे की खोई हुई रंगत को वापस लौटाने में खीरा कमाल का रोल निभाएगा। क्योंकि इसमें एंटी इंफेल्मैटरी और हाईड्रेटेड प्रोपर्टीज जो होती हैं, जो स्किन के नेचुरल ग्लो को वापस लाने का काम करती है।

**कैसे करें अप्लाई:** आप खीरे का जूस निकाल कर उसे एक स्प्रे बोतल में स्टोर करके रख लें। फिर उसे स्किन पर स्प्रे करके कॉटन बोल्स की मदद से स्किन को क्लीन करें। इससे जितनी भी धूलमिट्टी चेहरे पर जमा होगी सब रिमूव हो जाएगी और धीरे धीरे स्किन की रंगत वापस लौटने लगेगी।

## आंखों के नीचे की सूजन

बहुत से लोगों को यह समस्या होती है कि उनकी आंखों के नीचे सूजन आ जाती है जिसे ऑय पफीनेस भी कहते हैं, जो उनके पूरे लुक को बिगाड़ने का काम करता है। ये समस्या अकसर तब होती है जब या तो हमारी नींद पूरी नहीं होती, या फिर स्ट्रेस, अल्कोहल के ज्यादा सेवन के कारण ये प्रोब्लम होती है। ऐसे में आप खीरे के इस्तेमाल से आंखों के नीचे की सूजन को काफी हद तक कम कर सकते हैं। क्योंकि खीरे का कूलिंग इफेक्ट सूजन को कम करने में सक्षम जो होता है.

**कैसे करें अप्लाई:** आप खीरे को काटकर उसकी दो मोटी मोटी स्लाइस करके उसे आंखों पर इस तरह से लगाएं कि आंखों के नीचे की सूजन वाला हिस्सा भी अच्छे से कवर हो जाए। इसे आपको 20 मिनट तक अप्लाई करना होगा। इससे न सिर्फ आपकी आंखों को ठंडक मिलेगी बल्कि आपको इस प्रोब्लम से कुछ ही दिनों में छुटकारा मिल जाएगा।

## उम्र का न पड़े असर

कौन चाहता है बूढ़ा होना और कई बार तो समय से पहले ही चेहरे से बुढ़ापा झलकने लगता है, जो आपके कोन्फिडेन्स के साथ-साथ आपकी पर्सनालिटी को भी डल करने का काम करता है, लेकिन खीरा स्किन को टाइट कर झुर्रियों व डार्क सर्कल्स को दूर करने का काम करता है। खीरे में मौजूद पोटैशियम और मैग्नीशियम स्किन पर उम्र बढ़ने के संकेतों को पैदा होने से रोकने का काम करते हैं, तो अगर आप खुद को हर उम्र में यंग दिखाना चाहते हैं तो चेहरे पर इस तरह करें खीरे का इस्तेमाल कि एजिंग की समस्या के साथ साथ आपकी स्किन खिल उठे।

**कैसे करें अप्लाई:** अंडे के सफेद वाले भाग जिसमें प्रोटीन होता है में 2 बड़े चम्मच खीरे का रस मिलाकर उसमें नींबू की कुछ बूंदे मिलाएं। फिर इस पेस्ट को अच्छे से मिलाकर 20 मिनट के लिए चेहरे पर लगा छोड़ दें। और फिर धो लें। तुरंत ही आप अपने चेहरे पर बदलाव देखने लगेंगे। ऐसा आपको हफ्ते में 2 बार करना होगा।

## एक्ने की समस्या से छुटकारा दिलवाए

चेहरे पर एक भी पिंपल आ जाए तो मन बेचैन हो जाता है। बस हरदम यही लगता है कि किसी तरह से ये पिंपल गायब हो जाएं लेकिन बिना कुछ करे पिंपल गायब नहीं हो सकते। इसके लिए आपको घर पर ही थोड़ी मेहनत करनी होगी, जिससे आपको इससे हमेशा के लिए छुटकारा मिल सके। बता दें कि खीरे में एन्टिओक्सीडैंट्स होने के साथ-साथ ये स्किन की जलन को कम करने का काम करता है। साथ ही स्किन टोन को इम्प्रूव करके स्किन पोर्स से अत्यधिक आयल को निकाल कर एक्ने की समस्या से छुटकारा दिलवाता है।

**कैसे अप्लाई करें:** खीरे के पल्प में पिंच हलदी और नींबू के रस की कुछ बूंदे मिलाकर उसे फेस पर 15 मिनट के लिए लगा छोड़ दें। इससे आप पिंपल फ्री स्किन पा सकते हैं। क्योंकि हल्दी में एक्सफोलिएटिंग एजेंट होने के कारण ये स्किन की जलन व पिंपल्स के धब्बों को हटाने का काम करता है। वहीं नींबू में विटामिन सी की मझुङ्गी स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ दाग धब्बों को हटाने में सक्षम है, तो हुआ न खीरा फायदेमंद।

# टमाटर से ऐसे लाएं चेहरे और बालों की खोई खूबसूरती !

**इस** दुनिया में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जो अपने आपको सुंदर न देखना चाहता हो, वरना तो आज के समय में हर कोई खूबसूरत और आकर्षक दिखना चाहता है। हमारी खूबसूरती न केवल हमें मनमोहक बनाती है बल्कि हमारा आत्मविश्वास भी बढ़ाती है। इसलिए हमें खुद को फिट एंड फाइन रखना चाहिए, साथ ही अपने त्वचा और बालों का खास ध्यान भी रखना चाहिए। बता दें कि खूबसूरती को बढ़ाने में सबसे ज्यादा भूमिका हमारे बाल और त्वचा की होता है, ऐसे में जरूरी है कि हम इनका खास ध्यान रखें।

वहीं, आज हम आपके लिए एक ऐसा घरेलू नुस्खा लेकर आए हैं जो आपकी त्वचा और बालों की खूबसूरती के लिए काफी फायेदमंद साबित हो सकती है। इसे उपयोग करने वाले ज्यादातर लोगों का मानना है कि इससे वो पहले से ज्यादा जवां और सुंदर नजर आने लगे हैं, तो आइए आपको इस खास नुस्खे के बारे में बताते हैं। यह बेहतरीन नुस्खा हम सभी के किचन में मौजूद है और खाने के स्वाद को बढ़ाने में इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं टमाटर की जो कई सारी चीजों में इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे कई लोग हैं जो इसे अपनी त्वचा पर भी इस्तेमाल करते हैं। टमाटर में मौजूद विटामिन ए, बी, सी और के, फास्फोरस, मैग्नीशियम और पोटेशियम से भरपूर होता है। इसलिए टमाटर न सिर्फ हमें सेहतमंद रखता है बल्कि हमारे चेहरे और बालों की सुंदरता को भी बढ़ाने में मदद करता है। आइए आपको टमाटर के खास 4 नुस्खे बताते हैं, जिससे चेहरे और बालों का फायदा होगा।



**त्वचा के लिए टमाटर और शहद एक अच्छा स्त्रोत है। वहीं, अगर आप अपनी त्वचा को चमकदार बनाना चाहते हैं तो इसके लिए टमाटर और शहद को अच्छे से मिलाकर अपने चेहर पर लगाएं। करीब 15 मिनट बाद गुनगुने पानी से अपना चेहरा साफ कर लें।**

## इस तरह करें टमाटर का इस्तेमाल

1. स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि त्वचा के लिए टमाटर और शहद एक अच्छा स्त्रोत है। वहीं, अगर आप अपनी त्वचा को चमकदार बनाना चाहते हैं तो इसके लिए टमाटर और शहद को अच्छे से मिलाकर अपने चेहर पर लगाएं। करीब 15 मिनट बाद गुनगुने पानी से अपना चेहरा साफ कर लें। इससे आपका चेहरा चमकदार हो जाएगा और चेहरे पर निखार आ जाएगा।
2. अगर आप डैंड्रफ की समस्या से परेशान है या आपके बाल झड़ते हैं तो इसके लिए टमाटर का यह नुस्खा अपना सकते हैं। इसके लिए टमाटर के छिलके और बीज को पहले अलग निकाल लें। इसके बाद बचे हुए हिस्से यानी गूदा को मिक्सी में अच्छे से पीस लें। इस तरह से एक पेस्ट तैयार हो जाएगा और फिर इसे अपने बालों लगाकर मसाज करें। इससे आपके बालों की सभी समस्या दूर हो जाएगी।
3. चेहरे को दाग-धब्बा मुक्त बनाने के लिए एक कटोरी में तीन चम्मच छाछ और दो टमाटर का रस डालकर अच्छे से मिलाएं। इस तरह से एक फेस मास्क तैयार हो जाएगा और फिर थोड़ी देर बाद इसे अपने चेहर पर लगाकर 10 मिनट के लिए छोड़ दें। वहीं, जब ये सूखने लगे तो अपने चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा चमकदार और दाग-धब्बों से निजात पा सकेगी।
4. टैनिंग स्किन से छुटकारा पाने के लिए एक कटोरी में नींबू का रस और टमाटर का गूदा मिला लें। इसके बाद 10 से 15 मिनट के लिए इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर रखें। वहीं, जब ये सूख जाए तो ठंडे पानी से अपने चेहरे को धो लें। इससे सन से होने वाली टैंनिग हट जाएगी और आपके रंग में निखार आएगा।


# स्किन के लिए वरदान के समान है अनार

**स्किन की केयर के लिए उसे सिर्फ वॉश करना ही काफी नहीं है, बल्कि डीप क्लींजिंग करने और डेड स्किन सेल्स को बाहर निकालने के लिए उसे एक्सफोलिएट करना भी उतना ही जरूरी है। ऐसे में आप अनार के बीजों की मदद से एक बेहतरीन स्क्रब बना सकती हैं।**

**यह** तो हम सभी जानती हैं कि अनार आपकी सेहत के लिए बहुत ही लाभदायक है। इसकी मदद से आपके शरीर में आयरन की कमी को दूर किया जा सकता है। इतना ही नहीं, यह दिल के रोगियों से लेकर कैंसर जैसी घातक बीमारी को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके हेल्थ बेनिफिट्स तो जितने गिनाए जाएं, कम ही हैं। लेकिन वहीं दूसरी ओर यह स्किन के लिए भी उतना ही लाभकारी है। फिर चाहे आप इसके रस का प्रयोग फेस पर करें या फिर इसके छीलकों के पाउडर का पैक बनाकर लगाएं, आपको यकीनन अपनी स्किन में कई पॉजिटिव बदलाव देखने को मिलेंगे।

## अनार के बीज से करें एक्सफोलिएट

स्किन केयर एक्सपर्ट कहते हैं कि स्किन की केयर के लिए उसे सिर्फ वॉश करना ही काफी नहीं है, बल्कि डीप क्लींजिंग करने और डेड स्किन सेल्स को बाहर निकालने के लिए उसे एक्सफोलिएट करना भी उतना ही जरूरी है। ऐसे में आप अनार के बीजों की मदद से एक बेहतरीन स्क्रब बना सकती हैं। इसके लिए आप अनार के बीजों को मिक्सी जार की मदद से ग्राइंड करें। अब इसमें थोड़ा गुलाब जल मिलाकर अपने फेस पर लगाएं। बेहद हल्के हाथों से अपने फेस की मसाज करें। आखिरी में पानी की मदद से स्किन को वॉश करें।





## बनाएं स्किन टोनर

स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि अनार का रस स्किन के लिए एक बेहतरीन नेचुरल स्किन टोनर है। क्लींजर से अपना चेहरा धोने के बाद आप कुछ अनार का रस लेकर इसमें एप्पल साइडर विनेगर के साथ मिलाएं। इसे अपने चेहरे पर लगाएं। हालांकि, बहुत अधिक अनार के रस का उपयोग करने से बचें क्योंकि इससे आपका चेहरा चिपचिपा हो सकता है।

## अनार के रस से फेस पैक

अनार के रस की मदद से एक बेहतरीन फेस पैक भी बनाया जा सकता है। बस आप अनार को उसके बीजों के साथ ब्लेंड करें और फिर इसमें एक चम्मच आर्गेनिक शहद मिलाएं। अब आप इन दोनों को अच्छी तरह मिक्स करके अपने फेस पर लगाएं और आधे घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। आखिरी में आप अपने चेहरे को धो दें। जहां शहद आपकी त्वचा को मॉइस्चराइज करता है, वहीं अनार इसे हाइड्रेटेड रखता है। जिससे आपको एक खूबसूरत और साफ्ट स्किन मिलती है।

# आइब्रो की अच्छी शेप और सुंदर बनाने में मददगार है माइक्रोब्लैडिंग




**माइक्रोब्लैडिंग एक थ्रेडिंग आर्ट है, जो आपके चेहरे के लिए सबसे अच्छी आइब्रो शेप बनाने के बारे में है।**

सुंदर, लंबी और मोटी आइब्रो भला किसी लड़की को पसंद नहीं होंगी। आपकी आइब्रो का आकार आपके चेहरे के रूप को काफी हद तक बदल सकता हैं। खासकर महिलाओं में भौंहों या आइब्रो को संवारना उनके ब्यूटी रूटीन का एक हिस्सा है, जिसका ध्यान रखना आवश्यक है। यदि आपकी आइब्रो पतली हैं या फिर आप अपनी आइब्रो के आकार को बदलना चाहते हैं, तो आप माइक्रोब्लैडिंग ट्रीटमेंट के बारे में सोच सकते हैं। जी हां, अब आप अपने मनचाहे आकार में आइब्रो प्राप्त कर सकते हैं। थ्रेडिंग की तुलना में यह तकनीक कम दर्दनाक है। इसके अलावा, आपको इस ट्रीटमेंट को प्राप्त करने के बाद अपने आइब्रो के लिए सैलून जाने की आवश्यकता नहीं है।

माइक्रोब्लैडिंग एक थ्रेडिंग आर्ट है, जो आपके चेहरे के लिए सबसे अच्छी आइब्रो शेप बनाने के बारे में है। अत्यंत सटीकता के साथ, एक उपकरण, जो प्रभावी रूप से पेन की तरह काम करता है, उसमें इसका उपयोग किया जाता है। इस पेन में 10-12 छोटी सुइयों के साथ एक नीब ब्लेड होता है, जो त्वचा के बस सतह को नाजुक रूप से खरोंच कर देता है। यह बस आइब्रो के आसपास एपिडर्मिस की परत को ठीक करता है और इसे एक बेहतर आकार देता है। वहीं, यह ट्रीटमेंट आइब्रो को लंबे समय तक टिकाए रखने वाला भी।

## माइक्रोब्लैडिंग कितने समय तक चलती है?



माइक्रोब्लैडिंग के बाद, आपको लगभग एक महीने में आइब्रो में किसी भी टच-अप की आवश्यकता नहीं होगी। आमतौर पर, माइक्रोब्लैडिंग आपकी जीवन शैली और त्वचा के प्रकार के आधार पर 12 महीने से 3 साल तक रह सकती है। यह थोड़ी ऑयली स्किन वाले लोगों के लिए, यह 12 महीने तक रह सकता है, जबकि सामान्य त्वचा वाले लोगों के लिए, यह 18 महीने तक रह सकता है। वहीं, माइक्रोब्लैडिंग के बाद आइब्रो को सही रखने के लिए धूप से दूरी बनाए रखें, क्योंकि इससे आपकी आइब्रो के पास रेटिनॉल और ग्लाइकोलिक एसिड जैसे एक्सफोलिएंट्स कम हो सकते हैं।

## क्या माइक्रोब्लैडिंग सुरक्षित है?

माइक्रोब्लैडिंग आपको चोट नहीं पहुंचाता है लेकिन आप थोड़ी देर के लिए सेंसेटिव महसूस कर सकते हैं। यह प्रक्रिया दर्दनाक नहीं है। इस प्रक्रिया के शुरू होने से पहले आपकी आइब्रो की मालिश की जाती है। कभी-कभी आपको इस ट्रीटमेंट के दौरान ब्लेड की आवाज आ सकती है। जिससे कि लोग इसे डरावना मानते हैं, लेकिन सच बात यह है कि आपको इससे डरने की जरूरत नहीं है। यह पूरी प्रक्रिया बहुत तेजी से आसानी के साथ की जाती है।

## ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण बातें

- एक सप्ताह पहले ही वैक्स या थ्रेडिंग न करवाएं।
- इसे करवाने से कुछ दिनों पहले न तो धूप में बैठें और न ही बाहर निकलें।
- किसी भी प्रकार का फेशियल न करवाएं। एक महीने पहले किसी भी रेटिनॉल या विटामिन ए उत्पाद का उपयोग करना बंद कर दें।
- उपचार के बाद व्यायाम न करें।
- तीन सप्ताह पहले बोटोक्स न लें।
- एक सप्ताह पहले जैतून का तेल या विटामिन ई का सेवन न करें।
- तीन दिन पहले ही अपनी आइब्रो को रंगें नहीं।
- इसे करने से 24-48 घंटे पहले शराब या धूम्रपान न करें।
- 24 घंटे पहले एस्पिरिन या आईबुप्रोफेन न लें।
- आप यहां दी गई जरूरी सावधानियों के साथ एक ब्यूटी एक्सपर्ट से इस ट्रीटमेंट को ले सकते हैं। आप ध्यान दें, कि इसे घर पर करने की कोशिश न करें, क्योंकि यह आपको नुकसान भी पहुंचा सकता है।

# भारतीय महिला टीम के सामने आस्ट्रेलिया का विजय अभियान रोकने की बड़ी चुनौती

एजेंसी। मैकॉय (आस्ट्रेलिया)



**पहले** मैच में करारी हार झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया के 25 मैचों से चले आ रहे विजय अभियान को थामकर तीन मैचों की श्रृंखला जीवंत रखने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। भारत को अपने बल्लेबाजों विशेषकर शीर्ष क्रम में शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना से बड़ी पारियों की उम्मीद है। पिछले मैच में ये दोनों अच्छी शुरुआत नहीं दे पाई थी। भारत ने यह मैच नौ विकेट से गंवाया था। शेफाली और स्मृति के पास विरोधी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने के लिए पर्याप्त कौशल है और इन दोनों को सुनिश्चित करना होगा कि एलिस पैरी और डार्सी ब्राउन उन पर हावी न हो सके जैसा कि पहले मैच में हुआ था।

पैरी और ब्राउन ने अभ्यास मैच में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। ब्राउन ने छठे ओवर तक शेफाली और स्मृति को पवेलियन भेज दिया था, जिसके बाद बाकी भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के बजाय पारी संवारने पर अधिक ध्यान लगाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों में से कम से कम किसी एक को टिककर खेलना होगा, जबकि कप्तान मिताली राज के अगुवाई वाले मध्यक्रम को भी अच्छी रन गति से रन बनाने पर ध्यान देना होगा। अनुभवी बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर अंगूठे की चोट के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाई थी। वह दूसरे मैच में भी नहीं खेल पाएगी और ऐसे में दीप्ति शर्मा को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। भारत के बल्लेबाजी कोच शिव सुंदर दास ने पुष्टि की कि हरमनप्रीत अभी पूरी तरह से फिट नहीं हुई हैं। कोच ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, वह (हरमनप्रीत) अभी फिट नहीं हुई हैं। वह अगले मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेगी। यही वर्तमान स्थिति है। बाएं हाथ की बल्लेबाज 21 वर्षीय यास्तिका भाटिया ने पिछले मैच में पदार्पण करते हुए अच्छा खेल दिखाया था। विश्वस्तरीय गेंदबाजी के सामने 35 रन बनाने से उनका मनोबल बढ़ा होगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद 250 रन की संख्या तक नहीं पहुंची है और इससे कम के स्कोर पर आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को परेशानी में नहीं डाला जा सकता है।

आस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम में राचेल हेन्स, एलिसा हीली और कप्तान मेग लैनिंग जैसी धाकड़ बल्लेबाज हैं। इन तीनों ने पहले मैच में अर्धशतक जमाए थे। हेन्स हालांकि अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गई थी और उनका दूसरे मैच में खेलना संदिग्ध है। हेन्स की बाईं कोहनी में चोट लगी है और यदि वह नहीं खेलती है, तो हीली के साथ बेथ मूनी पारी की शुरुआत कर सकती है। झूलन गोस्वामी की अगुवाई वाले भारतीय गेंदबाजों को भी शुरू में सफलता हासिल करनी होगी। उन्हें बल्लेबाजों पर दबाव बनाना होगा। यदि भारतीय टीम शुक्रवार का मैच नहीं जीत पाती है तो वह लगातार तीसरी श्रृंखला गंवाएगी। इससे पहले उसने दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ भी श्रृंखला गंवाई थी।

**टीमें**

**भारत:** मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर (उप-कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, पूनम राउत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), शिखा पांडे, झूलन गोस्वामी, मेघना सिंह, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव, ऋचा घोष, एकता बिष्ट।

**आस्ट्रेलिया:** मेग लैनिंग (कप्तान), राचेल हेन्स (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, मैटलन ब्राउन, स्टेला कैंपबेल, निकोला कैरी, हन्ना डार्लिंगटन, एशले गार्डनर, एलिसा हीली, ताहलिया मैक्ग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, जॉर्जिया रेडमायने, मौली स्ट्रानो, एनाबेल सदरलैंड, टायला व्लामिनक, जॉर्जिया वेयरहैम।

*मैच सुबह 10 बजकर 40 मिनट से शुरू होगा।*

## 'दूसरे वनडे में अलग रणनीति अपनाएंगे और मंधाना भी फार्म में वापसी करेंगी'

**मैकॉय (आस्ट्रेलिया)।** भारतीय महिला टीम के बल्लेबाजी कोच शिव सुंदर दास ने यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा जताते हुए खराब फार्म में चल रही सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का समर्थन करते हुए गुरुवार को कहा कि विरोधी टीम की गेंदबाजों से निपटने के लिए टीम अलग रवैया अपनाएगी। दूसरा वनडे शुक्रवार को खेला जाएगा। भारत को तीन मैचों की श्रृंखला में मंगलवार को हुए शुरुआती मैच में आस्ट्रेलिया ने नौ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। दूसरे वनडे की पूर्व संध्या पर दास ने कहा, हम शीर्ष क्रम से अच्छी शुरुआत दिलाने की उम्मीद कर रहे हैं और मध्यक्रम ने पिछले कुछ सत्र में काफी कड़ी मेहनत की है, हमारी कुछ योजनाएं हैं। मुझे लगता है कि टीम शुक्रवार के मैच में अलग तरह से खेलेगी।

उन्होंने कहा, हमारे पास शेफाली (वर्मा) और स्मृति है। मैं सकारात्मक हूं कि वे हमें अच्छी शुरुआत कराएंगे और जब हम पहले 10 ओवर में 60-70 रन जोड़ लेंगे तो हम बीच के ओवरों में उस लय को जारी रख सकते हैं। भारतीय टीम ने 250 से ज्यादा रन का लक्ष्य बनाया हुआ था, लेकिन टीम फिर एक बार ऐसा नहीं कर सकी। टीम ने पहले वनडे में 50 ओवर में आठ विकेट पर 225 रन बनाए, लेकिन बल्लेबाजी कोच ने कहा कि मिताली राज की अगुआई वाली टीम के पास स्कोरबोर्ड को चलायमान रखने के लिए दूसरे मैच के लिए एक योजना है। दास ने कहा, हम खेल के इस पहलू पर काम कर रहे हैं, हम अच्छी शुरुआत करने की उम्मीद कर रहे हैं। बीच के ओवरों में हम औसतन पांच रन बनाना चाहते हैं और अंत में हम प्रति ओवर छह रन बनाने की कोशिश करेंगे।

# चेन्नई के खिलाफ जीत की लय में लौटने की कोशिश करेगा बेंगलोर

एजेंसी। शारजाह



**स्टार** खिलाड़ियों से सजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम पिछले मैच की करारी शिकस्त को भुलाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार को यहां महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लय में लौटने की कोशिश करेगी। आरसीबी जहां नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगा वहीं चेन्नई ने रविवार को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मनोबल बढ़ाने वाली जीत दर्ज की थी। आरसीबी को यदि अंकतालिका में शीर्ष चार में जगह बनाना है, तो उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उसे देवदत्त पडिक्कल और कप्तान विराट कोहली की सलामी जोड़ी से अच्छी शुरुआत की दरकार है, लेकिन उन्हें मध्यक्रम से भी सहयोग की जरूरत है क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पिछले मैच में उसकी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई थी। ग्लेन मैक्सवेल और एबी डिविलियर्स जैसे बल्लेबाजों को अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करना होगा।

आरसीबी के गेंदबाजों को भी केकेआर के खिलाफ लचर प्रदर्शन को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, काइल जेमीसन, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और आलराउंडर वाहिंदु हसरंगा में से कोई भी बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाया था। दूसरी तरफ चेन्नई ने मुंबई के खिलाफ युवा बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की 58 गेंदों पर 88 रन की पारी से शानदार वापसी करके जीत दर्ज की थी। टीम के मुख्य बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस और मोईन अली खाता भी नहीं खोल पाए थे, जबकि अंबाती रायुडु रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। अनुभवी सुरेश रैना और धोनी भी नहीं चल पाए थे, जिससे स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया था, लेकिन गायकवाड़ ने रविंद्र जडेजा और ड्वेन ब्रावो के साथ मिलकर टीम को छह विकेट पर 156 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया था। इसके बाद दीपक चाहर और ब्रावो ने गेंदबाजी में भी अपना कमाल दिखाया और अपनी टीम को सत्र की छठी जीत दिलाई। चेन्नई के पास इंग्लैंड के आलराउंडर सैम कुरेन के रूप में अच्छा विकल्प है जिन्होंने पिछले साल आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था।

**टीमें**

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान) रुतुराज गायकवाड़, मोइन अली, सुरेश रैना, अंबाती रायुडु, रविंद्र जडेजा, ड्वेन ब्रावो, शार्दुल ठाकुर, लुंगी एनगिडी, दीपक चाहर, इमरान ताहिर, फाफ डु प्लेसिस, रॉबिन उथप्पा, कर्ण शर्मा, जोश हेजलवुड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, कृष्णप्पा गौतम, मिशेल सेंटनर, रविश्रीनिवासन साई किशोर, हरि निशांत, एन जगदीसन, चेतेश्वर पुजारा, केएम आसिफ, हरिशंकर रेड्डी, भगत वर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** विराट कोहली (कप्तान), नवदीप सैनी, ग्लेन मैक्सवेल, डैन क्रिस्टियन, रजत पाटीदार, दुष्मंथा चमीरा, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन बेबी, वाहिंदु हसरंगा, जॉर्ज गार्टन, युजवेंद्र चहल, शाहबाज अहमद, देवदत्त पडिक्कल, काइल जैमीसन, सुयश प्रभुदेसाई, केएस भरत, टिम डेविड, आकाश दीप, एबी डिविलियर्स।

*मैच शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।*

# डिकॉक के अर्धशतक के बावजूद केकेआर ने मुंबई को 155 रन पर रोका



एजेंसी। अबुधाबी

**क्विंटोन** डिकॉक के अर्धशतक के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरूवार को मुंबई इंडियंस को छह विकेट पर 155 रन पर रोक दिया।

मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने 30 गेंद में 33 रन बनाकर शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले रोहित चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहला मैच नहीं खेले थे। स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या लगातार दूसरे मैच से बाहर रहे जिससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं। रोहित ने चौथे ओवर में स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को लगातार दो चौके लगाए। दूसरे छोर पर डिकॉक ने 42 गेंद में 55 रन की पारी खेली। उन्होंने लॉकी फर्ग्यूसन को मैच का पहला छक्का जड़ा।

छठे ओवर में आए प्रसिद्ध कृष्णा को डिकॉक ने उनके पहले ही ओवर में दो छक्के लगाकर 16 रन लिए। उस समय स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन था। डिकॉक ने आंद्रे रसेल को लगातार दो चौके लगाए। आखिर में सुनील नारायण ने रोहित को सीमारेखा के पास शुभमन गिल के हाथों लपकवाया। उन्होंने टी20 क्रिकेट में नौवीं बार रोहित का विकेट लिया। सूर्यकुमार यादव पांच रन बनाकर कृष्णा का शिकार हुए जिन्होंने विकेट के पीछे दिनेश कार्तिक को कैच थमाया। इस बीच डिकॉक ने 14वें ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया। केकेआर के गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच में 26 रन ही दिए और दो विकेट चटकाए। पोलार्ड ने आखिरी पांच ओवर में बड़े शॉट खेलकर टीम को 150 के पार पहुंचाया। आखिरी ओवर में फर्ग्यूसन ने पोलार्ड और कृणाल पंड्या (12 (के विकेट चटकाए।

## संक्षिप्त समाचार

### हेन्स का भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में खेलना संदिग्ध

**मैकॉय (आस्ट्रेलिया)।** शानदार फॉर्म में चल रही आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज राचेल हेन्स की कोहनी में अभ्यास सत्र के दौरान चोट लग गई और उनका भारत के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में खेलना संदिग्ध है। हेन्स ने पहले मैच में नाबाद 93 रन बनाए थे, जिससे आस्ट्रेलिया ने नौ विकेट से आसान जीत दर्ज की थी। हेन्स की कोहनी का स्कैन किया गया है। क्रिकेट.कॉम.एयू के अनुसार, हेन्स दर्द से कराह उठी, इसके बाद उन्होंने अपने दस्ताने निकाले और नेट्स छोड़कर चली गई। आस्ट्रेलियाई टीम की फिजियो केट बीयरवर्थ ने कहा, बल्लेबाजी करते हुए उनकी बाईं कोहनी में चोट लगी और उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया। यदि हेन्स अगले मैच में नहीं खेल पाती हैं तो एलिसा हीली के साथ बेथ मूनी पारी की शुरुआत कर सकती हैं।

### आईसीसी टी-20 विश्वकप गान जारी किया

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आगामी टी-20 विश्वकप का आधिकारिक गान तथा प्रचार अभियान से जुड़ी फिल्म भी जारी की जिसमें भारतीय दिग्गज विराट कोहली और वेस्टइंडीज के कप्तान कीरोन पोलार्ड सहित कुछ खिलाड़ियों के अवतार दिखाई देंगे। टूर्नामेंट 17 अक्टूबर से ओमान और यूएई में शुरू होगा। फाइनल 14 नवंबर को दुबई में खेला जाएगा। बॉलीवुड के संगीत निर्देशक अमित त्रिवेदी के संगीत निर्देशन में तैयार एनिमिनेटेड फिल्म में दुनिया भर में टी-20 के युवा प्रशंसकों तथा खेल के कुछ नामी दिग्गजों को शामिल किया गया है। भारतीय कप्तान कोहली खिलाड़ियों के समूह की अगुवाई करते हैं। इसमें मौजूदा चैंपियन वेस्टइंडीज के कप्तान पोलार्ड, आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और अफगानिस्तान के राशिद खान भी शामिल हैं। कोविड-19 महामारी के बाद क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतियोगिता में दुनिया के 16 देश हिस्सा लेंगे।

### इंडियन वेल्स टूर्नामेंट से हटी नाओमी ओसाका

**इंडियन वेल्स।** दुनिया की शीर्ष खिलाड़ियों में से एक नाओमी ओसाका इंडियन वेल्स बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई हैं। इस महीने के शुरू में यूएस ओपन में हारने के बाद ओसाका ने कहा था कि वह टेनिस से लंबे समय का अवकाश लेना चाहती है, जिसके बाद संभावना बन गई थी कि वह इस सत्र के आखिरी टूर्नामेंटों से हट सकती हैं। ओसाका ने अपने ट्विटर हैंडल पर चार से 17 अक्टूबर तक इंडियन वेल्स में होने वाले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि मैं अपना अगला टेनिस मैच कब खेलूंगी। ओसाका चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता और विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी हैं। वह अभी विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर हैं।

### युवेंटस की सेरी ए में पहली जीत, एसी मिलान भी जीता

**रोम।** युवेंटस ने मोइज कीन, फेडरिको चीसा और मैथियास डि लिट के गोल की मदद से स्पेजिया को 3-2 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए के वर्तमान सत्र में पहली जीत दर्ज की। कीन ने 28वें मिनट में गोल करके युवेंटस को बढ़त दिलाई लेकिन स्पेजिया के इमैनुएल गियासी ने 33वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। इसके बाद यानिस एंटिस्ते ने 49वें मिनट में स्पेजिया को 2-1 से आगे कर दिया। ऐसे में चीसा ने 66वें और मैथियास ने 72वें मिनट में गोल करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। युवेंटस की पांच मैचों में यह पहली जीत है। उसके पांच अंक हैं तथा वह शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान और एसी मिलान से आठ अंक पीछे है। एसी मिलान ने एक अन्य मैच में ब्राहिम डियाज और थियो हर्नानडेज के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत वेनेजिया पर 2-0 से जीत दर्ज की।

### मैनचेस्टर यूनाईटेड लीग कप से बाहर, चेल्सी जीता

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाईटेड का 2017 के बाद पहली ट्राफी जीतने का एक रास्ता इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट में वेस्ट हैम के हाथों हार के साथ ही बंद हो गया। वेस्ट हैम ने तीसरे दौर के इस मैच में मैनुएल लानजिनी के गोल से 1-0 से जीत दर्ज की। चौथे दौर में वेस्ट हैम का सामना मैनचेस्टर सिटी से होगा जो पिछले चार बार का चैंपियन है। चेल्सी ने एस्टन विला को पेनल्टी शूट आउट में 4-3 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थी। चेल्सी चौथे दौर में साउथम्पटन का सामना करेगा। आर्सनल ने एएफसी विंबलडन को हराया और अब वह लीड्स की मेजबानी करेगा। टोटैनहैम भी प्रीमियर लीग की एक अन्य टीम बर्नले का सामना करेगा। उसने वॉल्वरहैम्पटन को पेनल्टी शूट आउट में हराकर उसे बाहर का रास्ता दिखाया। एक अन्य मैच में लीस्टर ने मिलवॉल को हराया वह अगले दौर में ब्राइटन से भिड़ेगा।

### रीयाल मैड्रिड का दमदार प्रदर्शन जारी, मालोर्का को हराया

**मैड्रिड।** मार्को एसेनसियो की हैट्रिक और करीम बेंजेमा के दो गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में मालोर्का को 6-1 से करारी शिकस्त दी। यह रीयाल मैड्रिड की सभी प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं और ला लिगा में लगातार चौथी जीत है। इससे उसके छह मैचों में 16 अंक हो गए हैं और वह मौजूदा चैंपियन एटलेटिको मैड्रिड से दो अंक आगे शीर्ष पर है। बेंजेमा और विनिसियस जूनियर ने अभी तक रीयाल की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। बेंजेमा ने तीसरे और 78वें मिनट में गोल करके लीग में वर्तमान सत्र में अपने कुल गोल की संख्या आठ पर पहुंचाई। एसेनसियो ने 24वें, 29वें और 55वें मिनट में गोल किए। इस्को 84वें मिनट में टीम की तरफ से छठा गोल दागा। मालोर्का के लिए एकमात्र गोल दक्षिण कोरिया के ली कांग इन ने 25वें मिनट में किया। अन्य मैचों में सेविला ने पहले 22 मिनट के अंदर तीन गोल करके वेलेंसिया को 3-1 से हराया जबकि विल्लारीयाल ने एल्ची को 4-1 से हराकर सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की।

### एससी ईस्ट बंगाल ने क्रोएशिया के पेरोसेविच से करार किया

**कोलकाता।** एससी ईस्ट बंगाल ने गुरुवार को क्रोएशिया के फारवर्ड एंटोनियो पेरोसेविच से एक साल का करार किया, जिससे वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 सत्र के अंत तक क्लब के साथ रहेंगे। पेरोसेविच एससी ईस्ट बंगाल से जुड़ने से पहले हंगरी के शीर्ष डिवीजन क्लब उजपेस्ट एफसी से जुड़े थे। कोच मैनुअल मैनोलो डायज की टीम के लिए 29 वर्षीय पेरोसेविच क्लब से जुड़ने वाले छठे विदेशी खिलाड़ी बन गए। यह उनका सत्र के लिए अंतिम विदेशी करार भी होगा।

# तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप महिला कंपाउंड टीम फाइनल में

एजेंसी। यांकटन (अमेरिका)

## पुरुष क्वार्टर फाइनल में हारे

**भारतीय** महिला कंपाउंड टीम ने मेजबान अमेरिका को 226-225 से हराकर विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही।


प्रिया गुर्जर, मुस्कान किरार और ज्योति सुरेखा की सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम ने बुधवार को लिंडा ओचोआ एंडरसन, पीग पियर्स और मकेन्ना प्रॉक्टर की अमेरिकी टीम के खिलाफ करीबी मुकाबले में धैर्य बनाए रखकर रोमांचक जीत दर्ज की। लेकिन अनुभवी अभिषेक वर्मा की अगुवाई वाली पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रिया से 235-238 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में फ्रांस को हराया था। वर्मा व सुरेखा की मिश्रित टीम भी फाइनल में पहुंच गई है। उन्होंने कोरिया के किम युनही और किम जोंगहो को हराया। खिताबी मुकाबले में उन्हें कोलंबिया का सामना करना है। पुरुष वर्ग में विश्वकप में तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता वर्मा के अलावा संगम बिस्ला और रोशाब यादव ने भी अच्छा मुकाबला किया, लेकिन वे आगे बढ़ने में असफल रहे। भारतीय पुरुष टीम को ड्रा में पांचवीं वरीयता दी गई थी।

## अभिषेक वर्मा विश्व तीरंदाजी की खिलाड़ियों की समिति में चुने गए

**यांकटन (अमेरिका)।** विश्वकप में तीन बार स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय कंपाउंड तीरंदाज अभिषेक वर्मा को चार साल के कार्यकाल के लिए विश्व तीरंदाजी की खिलाड़ियों की समिति में चुना गया है। विश्व चैंपियनशिप के दौरान प्रतिभागी तीरंदाजों ने मतदान के जरिए 32 वर्षीय वर्मा और रूस की मौजूदा विश्व चैंपियन नतालिया अवदीवा का चयन किया। कंपाउंड तीरंदाजों ने यहां अपने नए प्रतिनिधि के लिए मतदान किया था। एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता वर्मा अकेले पुरुष उम्मीद्वार थे। महिलाओं में अवदीवा और जर्मनी की जेनिन मीसनर उम्मीद्वार थी। रूसी तीरंदाज को 69 प्रतिशत मत मिले।

# हाईकोर्ट ने केंद्र से टीटीएफआई के खिलाफ मनिका के आरोपों की जांच करने को कहा

एजेंसी। नई दिल्ली



**दिल्ली** हाईकोर्ट ने भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चयन के लिए राष्ट्रीय अभ्यास शिविर में अनिवार्य उपस्थिति के फैसले पर गुरुवार को रोक लगा दी और केंद्र से इस खेल संस्था के खिलाफ मनिका बत्रा की शिकायत पर जांच करने को कहा। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने आगे कहा कि यदि जरूरी हुआ तो केंद्रीय खेल मंत्रालय टीटीएफआई के कार्यों की भी जांच कर सकता है।

न्यायमूर्ति पल्ली शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी बत्रा की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बत्रा को आगामी एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप राय ने ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान एक मैच गंवाने के लिए उन पर दबाव बनाया था। न्यायाधीश ने कहा, राष्ट्रीय शिविर में उपस्थिति को अनिवार्य करने वाला नियम 'ऐसे समय पर लागू किया गया जबकि राष्ट्रीय कोच के खिलाफ शिकायत लंबित थी' और उसी कारण विश्वास पैदा नहीं होता है।

आरोपों की जांच के लिए महासंघ द्वारा गठित समिति को इस मुद्दे पर केंद्र का रुख जानने के बाद जिस तरह से पुनर्गठित किया गया उस पर भी अदालत ने नाराजगी व्यक्त की। न्यायाधीश ने कहा, वे अदालत से आगे निकल रहे हैं। अवमानना का नोटिस जारी करूंगी। मैं एक आदेश पारित करती हूं और आप एक नए व्यक्ति को नियुक्त करते हैं। यह चौंकाने वाला है... मैं अपनी नाराजगी व्यक्त कर रही हूं। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस स्तर पर मुद्दों को देखने के लिए वह किसी समिति की नियुक्ति नहीं कर रही है और निर्देश दिया कि केंद्र की जांच रिपोर्ट चार सप्ताह में उसके सामने रखी जानी चाहिए।

# पंत को कप्तान बनाए रखने के टीम के निर्णय का सम्मान करता हूं: अय्यर

एजेंसी। दुबई

**श्रेयस** अय्यर ने कहा कि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करना पसंद है, लेकिन वह ऋषभ पंत को 2021 सत्र के आखिर तक कप्तान बनाए रखने के टीम प्रबंधन के निर्णय का सम्मान करते हैं। अय्यर की अगुवाई में दिल्ली ने 2020 में फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन कंधे की चोट के कारण वह इस साल टूर्नामेंट के पहले चरण में नहीं खेल पाए थे, जिसके बाद टीम प्रबंधन ने पंत को कप्तान नियुक्त किया था।

कोविड-19 के कारण मई में स्थगित कर दिए आईपीएल के फिर से बहाल होने पर 26 वर्षीय अय्यर ने वापसी की लेकिन दिल्ली ने पंत को ही कप्तान बनाए रखा। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत में



श्रेयस अय्यर

## नटराजन के कोविड पॉजिटिव आने का खेल पर असर नहीं पड़ा: बेलिस

**दुबई।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच ट्रेवर बेलिस ने कहा कि तेज गेंदबाज टी नटराजन के कोविड-19 परीक्षण में पॉजिटिव पाए जाने का दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम का प्रदर्शन प्रभावित नहीं हुआ क्योंकि खिलाड़ी इस तरह की परिस्थितियों के आदी हैं। सनराइजर्स की टीम के बाकी सदस्यों का परीक्षण नेगेटिव आने के बाद ही यह मैच खेला गया जिसमें दिल्ली कैपिटल्स ने आठ विकेट से जीत दर्ज की।

बेलिस ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे नहीं लगता कि इससे मैच के परिणाम पर असर पड़ा होगा। उन्होंने (दिल्ली) हमसे कई बेहतर खेल दिखाया। उन्होंने कहा, नटराजन को मैच में खेलना था, लेकिन ये सभी पेशेवर खिलाड़ी हैं। किसी भी मैच से पूर्व कोई खिलाड़ी चोटिल होने के कारण बाहर हो सकता है और उसकी जगह नए खिलाड़ी को उतारना पड़ता है। इसलिए सभी खिलाड़ी ऐसी परिस्थितियों के आदी हैं। मुझे उम्मीद है कि नट्टू (नटराजन) जल्द ही इससे उबर जाएगा। बेलिस ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों ने पिच का अच्छा उपयोग किया और अपनी टीम की जीत का श्रेय उन्हें जाता है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा (37 रन देकर तीन) और एनरिच नोर्जे (12 रन देकर दो) ने शानदार गेंदबाजी की जिससे दिल्ली ने सनराइजर्स को नौ विकेट पर 134 रन ही बनाने दिए। दिल्ली ने 17.5 ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

नाबाद 47 रन की आक्रामक पारी खेलने वाले अय्यर ने कहा कि वह टीम की नीति समझते हैं और उन्हें कोई शिकायत नहीं है। दिल्ली ने यह मैच आठ विकेट से जीता। अय्यर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब मुझे कप्तानी सौंपी गई थी तो मैं मानसिक तौर पर अलग तरह की स्थिति में था तथा निर्णय लेने की मेरी क्षमता और सहनशीलता का स्तर बहुत अच्छा था और मुझे पिछले दो वर्षों में इसका लाभ मिला। उन्होंने कहा, यह फ्रेंचाइजी का निर्णय है और उन्होंने जो भी निर्णय लिया है मैं उसका सम्मान करता हूं। ऋषभ सत्र के शुरू से ही अच्छी तरह से टीम की अगुवाई कर रहा है और उन्हें लगा कि उसे सत्र के आखिर तक कप्तान बनाए रखना चाहिए और मैं इस फैसले का पूर्ण सम्मान करता हूं। अय्यर ने कहा कि उन्हें दबाव की परिस्थितियों में खेलने में आनंद आता है क्योंकि ऐसे में उनके खेल में निखार आता है। उन्होंने कहा, और कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है। अब मैं बल्लेबाजी पर अधिक ध्यान दे रहा हूं। जब मैं कप्तान था तो मुझे दबाव में खेलना पसंद था। जब दबाव होता है तो आपके सामने अधिक चुनौतियां होती है और ऐसी परिस्थितियों में मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं। अय्यर ने कहा, यहां तक कि आज (बुधवार) जब मैं क्रीज पर उतरा तो मैच जीतने का दबाव था। विकेट में असमान उछाल थी तो मेरी सोच वही थी कि आखिर तक टिके रहकर मैच जीतना है।